आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

"आज * भाई टेकराम पुण्यतिथि"

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 155 | उज्जैन, शनिवार 20 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ईरान-अमेरिका पीस डील के बावजूद इजराइल का लेबनान पर हमला

**वॉशिंगटन।** ईरान-अमेरिका के बीच गुरुवार रात पीस पर दस्तखत हुए। इसके एक दिन बाद इजराइल ने लेबनान पर हमला किया जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। पीस डील की शर्तों के मुताबिक इजराइल को लेबनान पर हमले रोकने थे लेकिन पीएम नेतन्याहू ने इससे इनकार कर दिया था। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने गुरुवार रात से अब तक दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में 80 से ज्यादा ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं, जिनमें हिजबुल्लाह के दर्जनों लड़ाके मारे गए हैं। दूसरी ओर हिजबुल्लाह के हमले में दक्षिणी लेबनान में 4 इजराइली सैनिकों की मौत हो गई, इससे नाराज होकर इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने तीखा बयान दिया है।

### यूपीएल ने नकली 'इलेक्ट्रॉन' सीड ट्रीटमेंट को लेकर चेतावनी जारी की

**मेरठ।** मई 2026 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कृषि विभाग की छापेमारी के दौरान यूपीएल के बीज उपचार उत्पाद 'इलेक्ट्रॉन' की 2,500 लीटर नकली खेप जब्त की गई है। 'इलेक्ट्रॉन' की निर्माता कंपनी यूपीएल ने नकली कृषि उत्पादों की बढ़ती मौजूदगी को लेकर एक नई चेतावनी जारी की है। कंपनी ने किसानों से बीज उपचार उत्पाद खरीदते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया है। 'इलेक्ट्रॉन' यूपीएल का बीज उपचार समाधान है जिसे फसल उगने के शुरूआती चरणों में बीजों और अंकुरों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है। यह उत्पाद फफूंदनाशक और कीटनाशक सुरक्षा का मिश्रण है, जो बीजों को शुरूआती कीटों और बीमारियों से बचाता है और साथ ही फसल के स्वस्थ विकास में मदद करता है।

### डायरेक्टर ने एक्ट्रेस कीर्ति और कृति का हाथ खींचा



**मुंबई।** तेलुगु सिनेमा के सीनियर डायरेक्टर के. राघवेंद्र राव एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश और कृति शेट्टी का हाथ पकड़कर खींचने के लिए ट्रोल हो रहे हैं। दरअसल हैदराबाद में डायरेक्टर अनिल रविपुडी की नई फिल्म के लॉन्च के दौरान 84 वर्षीय राघवेंद्र राव उद्घाटन शॉट को डायरेक्ट कर रहे थे। इस दौरान वे एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश और कृति शेट्टी का हाथ पकड़कर उन्हें अपनी ओर खींचते हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो आने के बाद यूजर्स ने नाराजगी जताई है और डायरेक्टर के इस व्यवहार की तीखी आलोचना की है। मुहूर्त शॉट की पोजीशन तय करने की यह घटना गुरुवार को आयोजित फिल्म लॉन्च इवेंट की है। इस फिल्म में वेंकटेश दग्गुबाती, नंदमुरी कल्याणराम, कीर्ति सुरेश और कृति शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। पारंपरिक मुहूर्त समारोह के तहत उद्घाटन शॉट का निर्देशन करने के लिए मशहूर डायरेक्टर राघवेंद्र राव को बुलाया गया था। इवेंट में प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद ने फिल्म का पहला क्लैप दिया, जबकि दिल राजू और सुरेश बाबू समेत कई बड़े निर्माता भी वहां मौजूद थे।

### फुटपाथ पर चलना मौलिक अधिकार, वाहनों से पहले पैदल यात्रियों को मिलेगी प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि निर्धारित फुटपाथ पर चलना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और यह अधिकार मोटर वाहनों की आवाजाही पर प्राथमिकता रखता है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सुरक्षित और स्पष्ट रूप से चिह्नित फुटपाथ उपलब्ध कराना सरकार और स्थानीय निकायों की कानूनी जिम्मेदारी है। यदि इस अधिकार का उल्लंघन होता है तो नागरिक संवैधानिक और कानूनी उपायों के तहत राहत और मुआवजे की मांग कर सकते हैं। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदूरकर की पीठ ने यह महत्वपूर्ण फैसला एक मोटर दुर्घटना मुआवजा मामले की सुनवाई के दौरान दिया। यह मामला एक ऐसे पिता से जुड़ा था, जिसने अपने पांच वर्षीय बेटे को स्कूल ले जाते समय सड़क दुर्घटना में खो दिया था।

### ईरान जंग में दुनिया से 115 करोड़ बैरल तेल गायब

**वॉशिंगटन।** ईरान-अमेरिका समझौते के बाद इस हफ्ते होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुल गया है। हालांकि दुनिया अभी भी तेल संकट से पूरी तरह बाहर नहीं निकली है। एनालिटिक्स फर्म केपलर की रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के करीब चार महीनों में वैश्विक बाजार से 115 करोड़ बैरल तेल की सप्लाई गायब हो चुकी है। इसका असर आने वाले महीनों तक बना रह सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के दौरान मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई लगभग बंद रही। इस वजह से दुनिया के स्ट्रेटजिक और कॉमर्शियल ऑयल रिजर्व तेजी से घटे हैं। पिछले कुछ महीनों में 19 करोड़ बैरल तेल स्टॉक से निकल चुका है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के स्ट्रेटजिक रिजर्व 1990 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि अमेरिका का इमरजेंसी रिजर्व 43 साल के निचले स्तर पर है।

### प्लेन पर बिजली गिरने से यात्रियों को दूसरी उड़ान से भेजा

**कोलकाता।** देश के कई हिस्सों में तेज हवाओं और बारिश का दौर जारी है। कोलकाता एयरपोर्ट पर शुक्रवार को अगरतला जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट पर बिजली गिर गई। फ्लाइट में सवार 147 पैसेंजर्स को दूसरी उड़ान से भेजा गया। हादसे में दो ग्राउंड स्टाफ को हल्की चोटें आईं, लेकिन दोनों सुरक्षित हैं। बंगाल के दार्जिलिंग में तेज बारिश के बाद शुक्रवार को बालासन नदी उफान पर आ गई। इससे नदी पर ह्यूम पाइप से बना पुल टूट कर बह गया। पुल के टूटने से मिरीक-सिलीगुड़ी सड़क पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। वहीं उत्तरी बंगाल की पहाड़ियों में लगातार हो रही बारिश से महानदी के पास भूस्खलन के कारण नेशनल हाईवे और सिलीगुड़ी-कुर्सियांग रोड बंद हो गए। हिमाचल प्रदेश के शिमला में भी तेज बारिश के बाद भूस्खलन हुई। इसके कारण गाड़ियों की आवाजाही रोक दी गई।

---

विज्ञान-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश परियोजनाओं पर हो तेज अमल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# गुजरात की तर्ज पर मध्यप्रदेश में बनेगी गिफ्ट सिटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

- म.प्र. में टेक सेक्टर में आया 12,500 करोड़ रु. का निवेश, 50 हजार नये रोजगार सृजित
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा

## उज्जैन में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मध्यप्रदेश एक उभरता हुआ टेक हब



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी भविष्य में अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। मध्यप्रदेश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएँ हैं। हमें नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी विकास को बढ़ावा देकर प्रदेश को ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का सशक्त केंद्र बनाना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए समन्वित और प्रभावी प्रयास किए जाएं। निवेश परियोजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गुजरात की तर्ज पर मध्यप्रदेश (राजधानी क्षेत्र भोपाल) में भी गिफ्ट सिटी बनाने के लिए ठोस प्रयास करें। उन्होंने कहा कि उज्जैन में मेडी सिटी, साइंस सिटी और इंजीनियरिंग कॉलेज बन रहे हैं। उज्जैन में ही मेडिकल, साइंस और टेक्निकल एजुकेशन के एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्थापना की जाए। इसके लिए केंद्र सरकार से भी समन्वय किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए निवेश संवर्धन पर विशेष बल दिया। उन्होंने विभाग द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रमुख निवेश (लीड इन्वेस्टमेंट) आकर्षित करने के लिए तैयार की गई विशेष कार्य योजना की समीक्षा की तथा इसे समयबद्ध रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

### बैठक में कार्य योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में होने वाला निवेश न केवल औद्योगिक विकास को गति देगा, बल्कि रोजगार सृजन, अनुसंधान, स्टार्ट-अप संस्कृति और तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से नवाचार आधारित परियोजनाओं को प्राथमिकता देने तथा निवेशकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं, प्रगति रिपोर्ट तथा आगामी कार्य योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई संभावनाओं को साकार करने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में जरूरी मानव संसाधन की पद पूर्ति कर लें। मुख्यमंत्री ने बढ़ती जरूरतों के मद्देनजर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को और भी सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

### स्थापना का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा


बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने प्रेजेंटेशन देकर बताया कि उज्जैन में डीपटेक रिसर्च पार्क की स्थापना का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया गया है। अब इसी प्रस्ताव के अंतर्गत उज्जैन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए नई कार्य योजना तैयार कर संशोधित प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह सेंटर करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा। डीपटेक रिसर्च पार्क भी अब इसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का हिस्सा होगा। उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की भोपाल में गिफ्ट सिटी बनाने की तैयारी है।

---

सिंहस्थ 2028 की तैयारी को बड़ी रफ्तार

## मुख्यमंत्री यादव और केंद्रीय मंत्री खट्टर आज करेंगे उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री मनोहरलाल खट्टर 20 जून को सुबह 11 बजे सांवेर विधानसभा क्षेत्र के चंद्रावतीगंज में उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का भूमि पूजन करेंगे। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यह परियोजना सिंहस्थ के दृष्टिगत प्रदेश को एक बड़ी सौगात मानी जा रही है।

करीब 48 किलोमीटर लंबे इस फोरलेन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर का निर्माण लगभग 2935 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह कॉरिडोर इंदौर के पितृ पर्वत क्षेत्र से शुरू होकर उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर के समीप सिंहस्थ बायपास तक पहुंचेगा। इस मार्ग के बन जाने से इंदौर और उज्जैन के बीच आवागमन अधिक सुगम और तेज होगा, साथ ही सिंहस्थ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी।

इस परियोजना के लिए कुल 917 किसानों की लगभग 242.939 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है, जिसके बदले सरकार द्वारा 816 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा दिया गया है। खास बात यह है कि किसानों को कलेक्टर गाइडलाइन की बजाय बिक्री दरों के आधार पर 4 से 8 गुना तक अधिक मुआवजा दिया गया है, जो प्रदेश में पहली बार हुआ है। इससे किसानों में भी संतोष का माहौल है।

- कॉरिडोर से इंदौर जिले के 20 और उज्जैन जिले के 8 गांव सीधे तौर पर जुड़े होंगे
- आसपास के 40 से 50 गांवों के करीब 15 लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा
- सिंहस्थ के दौरान ट्रैफिक दबाव कम होगा और यात्रा अधिक सुगम बनेगी

कॉरिडोर से इंदौर जिले के 20 और उज्जैन जिले के 8 गांव सीधे तौर पर जुड़े होंगे, जबकि आसपास के 40 से 50 गांवों के करीब 15 लाख लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालु एयरपोर्ट से सीधे इस मार्ग के जरिए उज्जैन पहुंच सकेंगे, जिससे सिंहस्थ के दौरान ट्रैफिक दबाव कम होगा और यात्रा अधिक सुगम बनेगी।

यह परियोजना केवल सिंहस्थ की व्यवस्थाओं को मजबूत करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इंदौर,उज्जैन क्षेत्र के औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन विकास को भी नई दिशा देगी। यह मालवा क्षेत्र के विकास का नया कॉरिडोर होगी।

---

आज नीट परीक्षा को लेकर प्रदेश में हाई सिक्योरिटी अलर्ट

## सीआरपीएफ की निगरानी में पहुंचेंगे पेपर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

21 जून को होने वाली नीट यूजी परीक्षा के लिए प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी लगाए गए हैं, प्रश्नपत्रों की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को सौंपी गई है और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेन से लेकर हेल्प डेस्क तक की व्यवस्था की गई है।

मेडिकल और डेंटल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 21 जून को आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा को लेकर मध्य प्रदेश में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पिछले वर्ष सामने आए पेपर लीक विवाद के बाद इस बार सुरक्षा व्यवस्था को कई स्तरों पर मजबूत किया गया है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा से लेकर परीक्षा केंद्रों की निगरानी तक हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जबकि प्रश्नपत्रों को स्ट्रॉन्ग रूम से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और वापस जमा कराने की जिम्मेदारी पहली बार सीआरपीएफ को सौंपी गई है। वाहनों की निगरानी जिला प्रशासन के अधिकारी करेंगे। राजधानी भोपाल में परीक्षा के लिए 32 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 13,724 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### मध्य प्रदेश में जल्द होगा मंत्रिमंडल का विस्तार, नए युवा चेहरों को मिलेगा मौका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की चर्चाएं तेज हैं। सीएम के संकेतों के बाद मंत्रियों के प्रदर्शन की समीक्षा जारी है। कैबिनेट में कुछ नए चेहरों को जगह मिल सकती है। मध्य प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर मंत्रिमंडल के संभावित विस्तार और फेरबदल को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव के हालिया संकेतों के बाद से सियासी गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि सरकार अपनी टीम में जल्द ही बड़ा बदलाव कर सकती है। सरकार और पार्टी संगठन अपने मंत्रियों के कामकाज और प्रदर्शन की बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं। इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाना है।

### पटवारी ने प्रदेश में आदिवासियों की जमीन बिक्री मामले में राष्ट्रपति से की जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मध्य प्रदेश में आदिवासियों की जमीनों की बिक्री और इसकी अनुमति दिए जाने के मामलों की जांच की मांग राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की है। पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पिछले सात से आठ वर्षों में करीब तीन लाख एकड़ आदिवासी जमीन बेची गई है और इसमें भाजपा नेताओं, मंत्रियों, विधायकों तथा उद्योगपतियों की भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा और संवैधानिक मर्यादाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चप्पू की उपयोगिता बहुत अधिक होती है क्योंकि वही नाव को पार लगाता है।

---

## एक साथ 5 सिस्टम मानसून को रोक रहे

### अरब सागर, बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाएं आगे नहीं बढ़ रहीं, 19 राज्य बारिश को तरसे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मानसून 15 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में अटका हुआ है। 11 दिन हो गए हैं, ये आगे नहीं बढ़ रहा है। इससे उत्तर-मध्य भारत के 7 राज्य बारिश के लिए तरस रहे हैं। इन राज्यों में 60% तक कम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

इसकी वजह एक ही समय पर 5 अलग-अलग सिस्टम एक्टिव होना है। जैसे अरब सागर से तेज नमी वाली हवाएं नहीं आ रहीं और दक्षिण से बादल उत्तर की ओर नहीं बढ़ रहे हैं। 1 से 18 जून के बीच देश में सामान्य से 38% कम बारिश दर्ज की गई है। अब तक के आंकड़ों के अनुसार सबसे खराब स्थिति गुजरात की रही, जहां सामान्य से 79% कम बारिश हुई। इसके बाद महाराष्ट्र में 78% कम वर्षा की गई।

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश हो रही है। इसके बावजूद यूपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में तापमान 40 डिग्री के पार है।

### जवाब सुने बिना नहीं चलेगा बुलडोजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना उसकी संपत्ति पर बुलडोजर नहीं चलाया जा सकता। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने सागर निवासी महेंद्र कुमार नवैया को राहत देते हुए उनकी संपत्ति के प्रस्तावित ध्वस्तीकरण पर अंतरिम रोक लगा दी है।

---

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर ने प्रधानमंत्री को लेटर लिखा

## सुसाइड करने वाले नीट छात्रों के लिए 1-1 करोड़ की मांग, आज दिल्ली में फिर प्रदर्शन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने पीएम मोदी से सुसाइड करने वाले नीट छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। दीपके ने शुक्रवार को पीएम को पत्र भी लिखा है।

इसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की भी मांग की। उन्होंने लिखा कि देश का माहौल युवाओं के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों और अभिभावकों में निराशा और बढ़ सकती है। उधर, सीजेपी आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर फिर से प्रदर्शन करेगी। इससे पहले नागपुर, जयपुर, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अमृतसर में प्रदर्शन कर चुकी है।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया- 20 जून को पीएम किसान की 23वीं किस्त आएगी

# प्रदेश के 81 लाख किसानों को 1,634 करोड़ मिलेंगे

### मीनाक्षी नटराजन पर बोले-अब पछताए क्या होत, चिड़िया चुग गई खेत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में बताया- 20 जून को पीएम किसान की 23वीं किस्त आएगी। पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से 23वीं किस्त जारी करेंगे। साथ ही बताया- मध्यप्रदेश के 81.67 किसानों के खातों में 1,634 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की जाएगी।

उन्होंने कहा- खरीफ सीजन की शुरूआत से पहले मिलने वाली यह सहायता किसानों के लिए बड़ी राहत होगी। वहीं मीनाक्षी नटराजन के सत्याग्रह को लेकर पूछे गए सवाल पर शिवराज सिंह ने कहा- अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गई खेत।

शिवराज सिंह चौहान ने बताया- पीएम-किसान योजना के तहत अब तक 22 किस्तों के माध्यम से देशभर के किसानों के खातों में करीब 4.28 लाख करोड़ रुपए सीधे भेजे जा चुके हैं। 23वीं किस्त के तहत देश के करीब 9 करोड़ किसानों के खातों में 18,800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की जाएगी।

### देशभर में मनाया जाएगा पीएम किसान उत्सव दिवस

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 23वीं किस्त जारी होने के अवसर पर पूरे देश में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत देश के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों, 113 आईसीएआर संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों और राज्य, जिला, ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 4 करोड़ किसान विभिन्न स्थानों से इन कार्यक्रमों में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनेंगे।

---

## राहुल 56 साल के हुए, कांग्रेस मुख्यालय में जन्मदिन मनाया

### कार्यकर्ताओं ने पोस्टर को दूध से नहलाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज 56 साल के हो गए। वह प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन मनाया। उनका जन्म 19 जून 1970 को दिल्ली में हुआ था।

राहुल के जन्मदिन पर पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर, मल्लिकार्जुन खड़गे और इंडिया ब्लॉक के कई नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बर्थ-डे के पोस्टर लगाए गए। वाराणसी में कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर दूध चढ़ाया।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने परियोजना स्थल का निरीक्षण किया

# हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना सिंहस्थ पूर्व पूर्ण होगी

### सिंहस्थ-2028 में मिलेगी बड़ी राहत, 1133.67 करोड़ खर्च होंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में पेयजल की समस्या के निदान के लिए हरियाखेड़ी परियोजना पूर्ण होगी और उससे बड़ी राहत शहर के साथ सिंहस्थ क्षेत्र को मिलेगी। 1133.67 करोड़ से हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना को अंजाम दिया जा रहा है। इसे समय सीमा पूर्ण किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने शुक्रवार को इसके निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया है। उन्होंने निर्माण कार्यों का निरीक्षण और प्रगति देखकर अधिकारियों और इंजीनियरों की सराहना की है।

सिंहस्थ महापर्व-2028 और शहर की भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा 1133.67 करोड़ रुपये की लागत से हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव ने संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा तथा तकनीकी अधिकारियों के साथ परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना उज्जैन की पेयजल व्यवस्था को नई मजबूती देने के साथ आने वाले वर्षों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने परियोजना की वर्तमान प्रगति का अवलोकन किया और कार्यों की गुणवत्ता एवं गति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों और इंजीनियरों की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्धारित 24 माह की समय-सीमा में परियोजना पूर्ण हो जाएगी, जिससे सिंहस्थ-2028 के दौरान लाखों श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

### दीर्घकालिक दीर्घ आधार मिलेगा

परियोजना के तहत सिलारखेड़ी, गंभीर, उंडासा एवं साहेबखेड़ी जल स्त्रोतों का उपयोग किया जाएगा। इसके माध्यम से शहर की बढ़ती आबादी और भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पुरानी पाइप लाइन बदलकर जल क्षति को कम करने और हर घर तक पर्याप्त जलापूर्ति पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### 100 एमएलडी प्लांट का निर्माण जारी

हरियाखेड़ी परियोजना अंतर्गत 100 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अंतर्गत इंटेकवेल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, क्लैरिफ्लोक्युलेटर, फिल्टर हाउस एवं पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।

### रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए अमृत रेखा पोर्टल

परियोजना के कार्यों की निगरानी के लिए पीएचई विभाग के सहायक यंत्री शिवम दुबे द्वारा विकसित अमृत रेखा पोर्टल का भी एसीएस ने अवलोकन किया। पोर्टल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में बिछाई गई पाइपलाइन की प्रगति और कार्यों की स्थिति रियल टाइम में देखी जा सकती है। इस नवाचार की सराहना करते हुए प्रशंसा की गई।

### सीवर परियोजना भी देखी

एसीएस ने इसके उपरांत अमृत 2.0 योजना अंतर्गत पार्श्वनाथ कॉलोनी में चल रहे सीवर लाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। यहां 200 मिमी व्यास की पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों ने उन्हें कार्य की स्थिति और निर्धारित समय-सीमा की जानकारी दी, निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, कंसल्टेंट एजेंसी के प्रतिनिधि, तकनीकी अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

## निर्माण की सुरक्षा पर जोर

महाआयोजन के निर्माणों को लेकर पिछले समय में जो दुर्घटनाएं हुई हैं वे कहीं न कहीं मानवीय लापरवाही का परिणाम हैं। वर्दी ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए ऐसे मामलों में गैर इरादतन धाराओं में संबंधित ठेकेदारों पर प्रकरण दर्ज किया है और या तो ऐसे मामलों में जांच जारी है या फिर संबंधित जिम्मेदार के विरूद्ध कार्रवाई कर दी गई है। इस मामले की गंभीरता को समझते हुए इस पर प्रशासनिक रूप से भी इसमें गंभीरतम कदम उठाए जा रहे हैं। सुरक्षा मानकों के साथ निर्माण कार्य को अंजाम देने के लिए बराबर निर्देशित किया जा रहा है। यही नहीं इसे लेकर देश के प्रमुख संस्थान की अगुवाई में निर्माण से जुड़े यंत्रियों को सीधे तौर पर प्रशिक्षण दिलवाया गया है। संवाद के साथ विभिन्न सत्रों में सुरक्षित निर्माण को लेकर एक अच्छी और नवाचार वाली पहल की गई है। वैसे तो विभिन्न विभाग निर्माण के अनुबंध में ही कई सारी सुरक्षात्मक स्थितियों को स्पष्ट कर देते हैं लेकिन ठेकेदारों के साथ साइड यंत्रियों की घनिष्ठता बाद में इन सुरक्षात्मक स्थितियों को धता बता देती है और यही नहीं उसके बाद ठेकेदार सुरक्षात्मक स्थितियों के मामूली खर्च को बचाने में विशेषता समझ लेते हैं। जबकि यह उनके लिए ही सबसे बड़ी समस्या बनती है। निर्माण स्थलों पर मानकों के अनुसार सुरक्षा के लिए जिस तरह की तैयारी होना चाहिए वे कहीं भी देखने में नहीं आती है। निर्माण के दौरान शहर में हुए हादसों के दौरान इसकी पोल खुलती रही है। उदाहरण के बतौर शांति चौराहा पर हुए हादसों में गैस कटर और संसाधन ही घंटों नहीं मिल सके थे। इस नवाचार के लिए जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। देश के बड़े संस्थान के इस प्रशिक्षण को लेकर खुसूर-फुसूर है कि सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर अगर यही नवाचार और प्रशिक्षण का आयोजन आधा दर्जन घटनाक्रमों के पूर्व यानिकी महाआयोजन के लिए निर्माणों की शुरूआत के साथ ही हो जाती तो संभव था कि जो आधा दर्जन मजदूर कालकवलित हुए हैं उन्हें बचाने में यह नवाचार काफी सार्थक सिद्ध होता खैर देर आयद दुरूस्त आयद की तर्ज पर अब भी काफी निर्माणों में सुरक्षा मानकों के पालन के साथ सुरक्षित निर्माण को अंजाम देने के लिए यह अच्छी पहल है। इस पहल को आगे भी जारी रखा जाना चाहिए और ऐसे प्रशिक्षण त्रैमासिक रूप से आयोजित होने पर निर्माण विभाग के जिम्मेदारों को उनकी जिम्मेदारी का स्मरण करवाते रहा जाना चाहिए।

### वृक्ष सेवा समिति ने प्रशासन से की तत्काल कार्रवाई की मांग

# विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में पौधों पर मंडरा रहा खतरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विक्रम विश्वविद्यालय परिसर को हराभरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विगत कई वर्षों से वृक्ष मित्र सेवा समिति निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रही है। समिति के सक्रिय सदस्यों ने समिति अध्यक्ष अजय भातखंडे के नेतृत्व में सैकड़ों पौधे रोपे गए हैं तथा उनकी नियमित देखभाल, सिंचाई और संरक्षण कर उन्हें विशाल वृक्षों के रूप में विकसित किया गया है। समिति के सदस्यों की अथक मेहनत, लगन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण ने विक्रम विश्वविद्यालय परिसर को एक प्रेरणादायी हरित क्षेत्र के रूप में स्थापित किया है।

वृक्ष मित्र सेवा समिति द्वारा किए जा रहे इस सराहनीय कार्य को देखकर अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वयंसेवी संस्थाएं भी पर्यावरण संरक्षण के अभियान से जुड़ रही हैं। उज्जैन में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण के प्रति जनजागरण का जो सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है, उसमें वृक्ष मित्र सेवा समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



हालांकि हाल के दिनों में विश्वविद्यालय परिसर में सूअरों के झुंडों की बढ़ती आवाजाही चिंता का विषय बन गई है। ये झुंड परिसर में लगाए गए पौधों और नव विकसित हरित क्षेत्रों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई स्थानों पर पौधों की जड़ों के आसपास की मिट्टी खोद दी गई है, जिससे उनके विकास और संरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वर्षों की मेहनत से तैयार की गई हरित संपदा को नुकसान पहुंच सकता है।

पर्यावरण मित्रों ने आशा व्यक्त की है कि प्रशासन शीघ्र ही इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाएगा तथा वृक्ष संरक्षण के इस महत्वपूर्ण अभियान को मजबूती प्रदान करेगा।

### आयुक्त एवं महापौर से विनम्र आग्रह किया

- पर्यावरण प्रेमियों एवं वृक्ष मित्र सेवा समिति के सदस्यों ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए आयुक्त एवं महापौर से विनम्र आग्रह किया है कि विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में घूम रहे सूअरों की समस्या के निराकरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत अभियान को निरंतर गति मिल सके।
- समिति का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक संगठन या कुछ व्यक्तियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। यदि प्रशासन का सहयोग प्राप्त होता है तो उज्जैन को और अधिक हराभरा एवं स्वच्छ बनाने का सपना साकार हो सकता है।

## गुरु अरजन देव के शहीदी गुरु पर्व पर मीठा शरबत वितरित किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार के मार्गदर्शन में भीषण गर्मी में शहीदों के सरताज गुरु अरजन देव के शहीदी गुरु पर्व के अवसर पर भारतीय सेना के जवानों ने एन.सी.सी ऑफिस कोठी रोड पर छबील में छोले (चने) एवं मीठा शरबत वितरित कर गुरु अरजन देव की शहादत को याद किया।

प्रारंभ में सबसे पहले गुरुद्वारा सुख सागर के ज्ञानी मेहल सिंह द्वारा अरदास की गई। एन.सी.सी ऑफिस के सामने भारतीय सेना के जवान पूरी श्रद्धा एवं उत्साह से सड़क पर जा रहे दो पहिया वाहनों, चार पहिया वाहनों, ऑटो चालकों को उसमें बैठी हुई सवारियों को श्रद्धा से सबको छोले का प्रसाद और मीठा शरबत बांट रहे थे। आज जवानों ने जागरूकता की मिसाल पेश की है कि जवान सफाई को ध्यान में रखते हुए वह खाली गिलास सड़कों पर से उठाकर कचरे के डब्बे में डाल रहे थे। सिख समाज के प्रवक्ता एस एस नारंग ने बताया कि आज संपूर्ण सिख कौम एवं मानवता के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायी दिवस है। पांचवें पातशाह, शांति, सेवा, सहनशीलता और समर्पण की मूर्ति साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज ने सत्य, धर्म और मानवता की रक्षा हेतु असहनीय यातनाएं सहकर बल्कि धर्म और मानवता की रक्षा के लिए हँसते-हंसते शहीद हो गए थे। भारतीय सेना के जवान श्री गुरु अरजन देव जी की शहीदी से प्रेरणा लेकर युद्ध में अपनी जान पर खेल कर शहीद हो जाते हैं परंतु झुकते नहीं है हमें आज के दिन गुरु जी को स्मरण कर प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम में भारतीय सेना लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार, सरबजीत सिंह, साहब सिंह, बलविंदर सिंह नरेंद्र सिंह संदीप सिंह, अमृत सिंह, गुरदीप सिंह द्वारा उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की।

## महाकाल मंदिर पहुंचे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल शुक्रवार सुबह विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

चहल तड़के करीब 3 बजे भस्म आरती में शामिल होने के लिए मंदिर पहुंचे। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की भस्म आरती का दर्शन किया। इस दौरान वे बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए।



करीब दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहने के बाद चहल ने नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के माध्यम से जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया।

## सिंहस्थ 2028 की तैयारी के चलते बन रहे 4 नए सबस्टेशन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर मध्य प्रदेश बिजली विभाग ने अपनी योजनाओं को गति दे दी है। करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित आमद को देखते हुए शहर और मेला क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए बड़े पैमाने पर विद्युत अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। विभाग का लक्ष्य सिंहस्थ के दौरान किसी भी प्रकार की विद्युत बाधा से बचते हुए बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है।



मुख्य अभियंता सुरेश वर्मा के अनुसार उज्जैन में चार नए विद्युत सबस्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें नाकतली स्थित सबस्टेशन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जबकि वाल्मीकि धाम स्थित सबस्टेशन इसी महीने शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा चारधाम मंदिर क्षेत्र और नानाखेड़ा में भी नए सबस्टेशन निर्माणाधीन हैं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक सबस्टेशन में 10-10 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे, जिससे शहर की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही विभाग करीब 30 किलोमीटर नई 33 केवी लाइन और 90 किलोमीटर नई 11 केवी लाइन बिछा रहा है। इनमें 24 किलोमीटर लाइन फोर्टिफाइड कंडक्टर तकनीक से तैयार की जा रही है, जिससे बिजली आपूर्ति अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनेगी।

विभाग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने, पुराने ट्रांसफॉर्मरों के नवीनीकरण तथा भूमिगत केबलीकरण आदि कार्य भी कर रहा है। अधिकारियों का दावा है कि सिंहस्थ से पहले सभी प्रमुख परियोजनाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी।

## न्यूज कॉलम

### काजी खलीकुर्रहमान ने कहा धार्मिक स्थलों को न छेड़ा जाए

**उज्जैन।** उज्जैन में शुक्रवार को जामा मस्जिद में शहर काजी खलीकुर्रहमान ने मुस्लिम समाज को संबोधित किया। उन्होंने सिंहस्थ के चौड़ीकरण और विकास कार्यों के संदर्भ में धार्मिक स्थलों को न छेड़ने की अपील की।शहर काजी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि यह मुद्दा आज का नहीं, बल्कि लंबे समय से चला आ रहा है। उन्होंने कहा- मुस्लिम समाज ने हमेशा अपना फर्ज निभाया है और कभी किसी का दुश्मन नहीं रहा। समाज बराबरी का हकदार है और उसने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है। शहर काजी ने यह भी कहा कि समाज के भीतर नाराजगी है और यदि हमारी बातों को नहीं समझा गया और चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया तो आगे चलकर विरोध और प्रदर्शन करना पड़ सकता है। काजी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मुस्लिम समाज को कहीं न कहीं नाइंसाफी की आशंका है। पहले भी ऐसे अवसर आए हैं जब जिम्मेदार लोगों ने कई वादे किए, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया गया। इसके बावजूद मुस्लिम समाज ने अपने वादे निभाए हैं। हमारी मुख्य मांग है कि सभी के साथ बराबरी का व्यवहार हो। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी एक पक्ष को अधिक महत्व मिले और दूसरे पक्ष को कम। पहले भी ऐसी स्थितियों में नुकसान हुआ है और आगे भी ऐसे हालात बनने की आशंका है। शहर काजी ने कहा कि धार्मिक स्थलों को किसी भी प्रकार से नहीं छेड़ा जाना चाहिए। बीते समय में मस्जिदें, मजारें और मंदिर भी प्रभावित हुए हैं।

### श्रद्धांजलि सूचना

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि **श्री रमाकांत जी नागर** (स्व. श्री शशिकांत जी व्यास (नागर) के छोटे भाई, श्री कमलेशकांत जी नागर एवं श्री अरुणकांत जी नागर के बड़े भाई, श्री गौरव व्यास (नागर) के काकाजी, शशांक नागर, मुकुल नागर, साक्षी नागर, शीतल एवं वर्षा के बड़े पापा तथा गजेन्द्र नागर, विशाल मेहता एवं हरिओम मेहता के मामाजी का स्वर्गवास दिनांक 19 जून 2026 को हो गया है।



**अंतिम यात्रा**

**दिनांक 20 जून 2026 (शनिवार)**

प्रातः 9:00 बजे **निज निवासः** 113, अब्दालपुरा, जीवाजीगंज थाने के सामने, उज्जैन से चक्रतीर्थ के लिए प्रस्थान करेगी।

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने की सहकारी बैंकिंग, जैविक उत्पादों और सहकारी निर्यात को मजबूत करने के लिए बनाए गए राष्ट्रीय रोडमैप की समीक्षा

# सहकारी बैंक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा प्रणाली और साझा सेवाओं को जल्द से जल्द अपनाएं

### म्यूलहंटर.आई का आई4सी के साथ एकीकरण सहकारी बैंकों की धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन और साइबर सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की सहकारी पहलों पर समीक्षा बैठकों की श्रृंखला की अध्यक्षता की। इन पहलों का उद्देश्य सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करना, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना और सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच को निर्यात के माध्यम से विस्तार देना है।

इन बैठकों में सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, नाबार्ड के अध्यक्ष श्री शाजी के.वी., मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रस्तावित कूपरेटिव फाई" एफके ऑफ आई" एफडीआईओ (सीओबीआई), सोहोकर सोरोथी प्राइवेट लिमिटेड (एसएसपीएल), नॉटियो" फाल अर्बो" एफ कूपरेटिव फाई"एफडीओ" एफसीई "एफडी डेवलपमे"एफटी कॉर्पोरटियो" एफ (एनयूसीएफडीसी), नॉटियो" फॉल कूपरेटिव ऑर्ग"फि क्स लिमिटेड (एनसीओएल) एयूएसएक्स नॉटियो" फोल कूपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) सहित प्रमुख सहकारी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रमुख सहकारी बैंकिंग पहलों की समीक्षा के दौरान अमित शाह ने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को तकनीक अपनाने, बेहतर प्रशासन, साइबर सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, साझा सेवा प्लेटफॉर्म और बेहतर सेवा वितरण के माध्यम से मजबूत करने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों की प्रगति की जानकारी ली। प्रस्तावित कॉओपरेटिव बैंक ऑफ इंडिया और आने वाले समय में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सहयोग देने में उसकी भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

- सहकार सारथी ने एईपीएस सेवाएं शुरू कीं; चुनिंदा सहकारी बैंकों में ई-केवासी लाइव, अगस्त 2026 तक 100 सहकारी बैंकों को कवर करने का लक्ष्य
- एनयूसीएफडीसी सभी शहरी सहकारी बैंकों को तकनीकी समाधान और संस्थागत मदद देने के लिए एक साझा प्लेटफॉर्म पर लाने का काम कर रहा है
- एनसीओएल जैविक किसानों से खरीद बढ़ाएगा और परीक्षण, प्रमाणन तथा बाजार संपर्क को मजबूत करेगा, एनसीईएल सहकारी उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुंच बढ़ाएगा
- कॉ-ऑप मार्क, डिजिटल मार्केटप्लेस और अंतरराष्ट्रीय विस्तार से सहकारी उत्पादों की पहचान, पहुँच बढ़ेगी और वे बाजार में मजबूती से टिक पाएंगे



सहकारी बैंकों के लिए सहकार सारथी की तकनीक आधारित पहलों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में यह बात सामने आई कि सहकारी बैंकों की ओर से साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म और साझा सेवाओं को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों में स्वदेशी तकनीकी समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने और डिजिटल ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

सहकारी बैंकों के लिए समर्पित बैंकिंग डोमेन पहल बैंकिंग.इन की प्रगति की भी बैठक में समीक्षा की गई। सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में तकनीक आधारित सेवाओं और डिजिटल समाधानों के व्यापक उपयोग के लिए जारी प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में सहकारी बैंकों में धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन और साइबर सुरक्षा क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए म्यूलहंटर.आई को इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेटर (आई4सी) के साथ जोड़ने के कार्य का भी संज्ञान लिया गया। इस पहल से उभरते डिजिटल खतरों से निपटने में सहकारी बैंकों की तैयारी मजबूत होने और डिजिटल सहकारी बैंकिंग सेवाओं में विश्वास बढ़ने की उम्मीद है।

अमित शाह ने क्षेत्रीय संस्थाओं के बीच सहयोग को मजबूत करने और साझा सेवा प्लेटफॉर्म में सहकारी बैंकों की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे, आधुनिक बैंकिंग तकनीक और टिकाऊ व्यावसायिक मॉडल के महत्व को भी रेखांकित किया।

बैठक में यह भी बताया गया कि एनयूसीएफडीसी जो शहरी सहकारी बैंकों के लिए अंब्रेला आर्गेनाइजेशन है, सभी शहरी सहकारी बैंकों को एक साझा प्लेटफॉर्म पर लाने और पूरे वउइ क्षेत्र को कवर करने के लिए अपने सदस्यता आधार का विस्तार करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इससे शहरी सहकारी बैंकों को साझा सेवाओं, तकनीकी समाधानों और संस्थागत सहायता तक बेहतर पहुंच मिलेगी।

यह भी बताया गया कि एसएसपीएल ने एईपीएस सेवाएं शुरू कर दी हैं और चुनिंदा सहकारी बैंकों में ई-केवायसी पहले से लाइव है। कुछ राज्यों में इसका विस्तार जारी है और अगस्त 2026 तक 100 सहकारी बैंकों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल से सहकारी बैंकों के लिए डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि सभी ग्रामीण सहकारी बैंकों को सोहोकर सोरोथी प्राइवेट लिमिटेड का सदस्य बनना चाहिए और सभी शहरी सहकारी बैंकों को एनयूसीएफडीसी का सदस्य बनना चाहिए।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर|उज्जैन | शनिवार 20 जून, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### स्थानांतरण आदेशों के संबंध में केवियट दायर करने की सूचना

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के वाणिज्यिक कर विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश स्थानांतरण नीति-2026 के अंतर्गत विभिन्न आदेशों के माध्यम से वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इंदौर ने बताया कि इन स्थानांतरण आदेशों के विरुद्ध उच्च न्यायालय, जबलपुर, इंदौर खंडपीठ तथा ग्वालियर खंडपीठ में याचिकाएं दायर किए जाने की संभावना है। इस संबंध में विभाग द्वारा संबंधित न्यायालयों में केवियट दायर की जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि कोई पक्ष स्थानांतरण आदेश के विरुद्ध याचिका प्रस्तुत करता है, तो वह याचिका की एक प्रति सुनवाई की तिथि से पूर्व कार्यालय आयुक्त, वाणिज्यिक कर, मध्यप्रदेश, महात्मा गांधी मार्ग, इंदौर को भी उपलब्ध कराए।

### प्राचीन धरोहर बावड़ी का पुनरुत्थान किया गया

**उज्जैन।** जनपद पंचायत तराना की ग्राम पंचायत टुकराल में स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव परिसर में स्थित धरोहर बावड़ी का सफल जीर्णोद्धार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पूर्ण हो गया है।ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के संसाधनों से कराए गए इस कार्य से लगभग 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक जल संरचना को पुनः जीवंत रूप प्रदान किया गया है। लगभग 300 वर्ष पूर्व पत्थरों की विशिष्ट जड़ाई वाली तकनीक से निर्मित यह बावड़ी प्राचीन काल में ग्रामीणों के लिए पेयजल का प्रमुख स्रोत रही है। साथ ही नीलकंठ महादेव परिसर में पूजा-अर्चना का महत्वपूर्ण केंद्र भी रही है। कार्य की शुरूआत 5 मई 2026 को हुई थी। इसमें गाद निकासी, साफ-सफाई, मलबा हटाना तथा आसपास के क्षेत्र की पूर्ण सफाई शामिल रही। कुल अनुमानित लागत 10 हजार रुपये (0.10 लाख) थी, जबकि ग्राम पंचायत टुकराल द्वारा 50 हजार रुपये (0.50 लाख) की राशि उपलब्ध कराई गई। बावड़ी के आसपास की सफाई से ग्रामीणों के लिए स्वच्छ वातावरण का केंद्र स्थापित हो गया है।

### महेश नवमी पर लगेगा विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**उज्जैन।** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस 'महेश नवमी' के पावन अवसर पर महोत्सव का शुभारंभ रविवार 21 जून को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के साथ होगा। गोला मंडी स्थित माहेश्वरी भवन में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर का लाभ केवल समाज ही नहीं, बल्कि शहर का कोई भी नागरिक ले सकता है। यह शिविर शेल्बी हॉस्पिटल इंदौर, उज्जैन जिला माहेश्वरी महिला सभा, श्री माहेश्वरी सभा गोला मंडी, श्री माहेश्वरी समाज नृसिंह मंदिर, उज्जैन जिला माहेश्वरी सभा और महिला मंडल उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विशेषज्ञ डॉ. आशीष सेठ (एमएस ऑर्थो), डॉ. अमित माहेश्वरी (एमडी न्यूरोलॉजिस्ट), डॉ. मुफज्जल रस्सीवाला (एमएस सर्जरी), डॉ. इशिता गांगुली (एमबीबीएस गायनेकोलॉजिस्ट), डॉ. रिद्धिम ओझा (एमडी रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) और डॉ. जयश्री फाल्के (एमबीबीएस एमडी) मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। डॉक्टरों के परामर्श पर ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमडी, पीएफटी और ईसीजी की जांच नि:शुल्क की जाएगी। महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत 21 जून को माहेश्वरी परिवार की प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा।

### देश के 72 स्टेशनों के सर्वे में उज्जैन भी शामिल

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन में पर्व, त्योहार और विशेष अवसरों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ अब अध्ययन का विषय बन गया है। रेल मंत्रालय ने देश के 72 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन और यात्री व्यवहार के वैज्ञानिक अध्ययन का निर्णय लिया है। इस सूची में रतलाम मंडल के उज्जैन व सीहोर रेलवे स्टेशनों को भी शामिल किया गया है। अध्ययन का जिम्मा रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनामिक सर्विस (राइट्स) को सौंपा गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार उज्जैन देश के उन प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है, जहां महाशिवरात्रि, श्रावण-भादो मास, नागपंचमी, सोमवती अमावस्या और सिंहस्थ जैसे आयोजनों के दौरान लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन आज होगा

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 23वीं किश्त का वितरण शनिवार 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, हुगली से पूरे देश के किसानों को किया जाएगा। इस अवसर पर पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत वर्ष में कुल 6 हजार रुपए की राशि 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है।पीएम किसान उत्सव दिवस के आयोजन के संबंध में मध्यप्रदेश शासन के आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा समस्त कलेक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इनके अंतर्गत दिवस पर विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला स्तर व ब्लॉक स्तर पर आमंत्रित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर प्रोजेक्टर एवं बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाए। जिलों की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रसारण की व्यवस्था की जाए। योजना के अंतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिए विलेज नोडल अधिकारी (वीएनओ) नियुक्त किया गया है। सभी वीएनओ को कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित किया जाए।

---

मानसून के आगमन में देरी और भीषण गर्मी के चलते हरी सब्जियों के उत्पादन और आवक में भारी गिरावट दर्ज

## टमाटर, गिलकी व लौकी जैसी सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

भीषण गर्मी और मानसून की कछुआ चाल ने मध्यप्रदेश में आम जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित करना शुरू कर दिया है। इस मौसमी संकट की सबसे सीधी गाज रसोई के बजट पर गिरी है, जिससे हरी सब्जियों की आवक में भारी कमी आई है और उनके दाम आसमान छूने लगे हैं। मंडियों में गिलकी, लौकी, टमाटर, पालक और बैंगन जैसी रोजमर्रा की सब्जियों की आवक बहुत कम हो गई है, जिसके चलते बाजार में कीमतों का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर भाग रहा है। चोइथराम मंडी के सब्जी व्यापारी राजेश जोशी कहते हैं कि सब्जियों की महंगाई का सबसे गहरा असर टमाटर पर देखने को मिल रहा है, जिसकी कीमतें अचानक बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं। रिटेल बाजारों में टमाटर की कीमतें 60 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर को छू चुकी हैं, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की थाली से टमाटर पूरी तरह गायब होने की कगार पर पहुंच गया है। टमाटर के साथ-साथ बाजार में गिलकी 60 रुपए, लौकी 40 से 50 रुपए, पालक 40 से 50 रुपए और बैंगन भी 60 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहे हैं। कृषि और बाजार के जानकारों का स्पष्ट कहना है कि मौसम के मिजाज में चल रही इस अनिश्चितता के कारण आने वाले कुछ दिनों तक सब्जियों के दामों में यह उतार-चढ़ाव इसी तरह बना रहेगा।



### पड़ोसी राज्यों से होने वाली सप्लाई ठप

आपूर्ति श्रृंखला में आई इस बड़ी बाधा का मुख्य कारण पड़ोसी राज्यों से होने वाली सप्लाई का अचानक ठप पड़ना और खेतों में खड़ी फसलों का बड़े पैमाने पर नष्ट होना माना जा रहा है। आमतौर पर ग्रीष्मकाल के इस विशेष सीजन में मध्यप्रदेश के मालवा निमाड़ सहित अन्य प्रमुख हिस्सों में राजस्थान से भारी मात्रा में सब्जियां आती हैं, लेकिन इस साल भीषण तपिश के कारण कई इलाकों में सब्जियों की फसलें अपने निर्धारित समय से एक सप्ताह पहले ही पूरी तरह सूखकर समाप्त हो गई हैं। इसका सीधा परिणाम यह हुआ कि राजस्थान से प्रदेश की बड़ी मंडियों में आने वाले मालवाहक वाहनों के पहिए पूरी तरह थम गए हैं।

### मानसून की लेटलतीफी से फसल हुई खराब

राजस्थान की तरफ से सप्लाई पूरी तरह बंद होने के बाद मध्यप्रदेश की थोक मंडियां अब पूरी तरह से महाराष्ट्र की फसलों के भरोसे टिक गई हैं। मौजूदा समय में प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर सहित कई अन्य बड़े शहरों में महाराष्ट्र के कन्नड़, चालीसगांव, संभाजी नगर और कलवन जैसे क्षेत्रों से सब्जियां मंगवाई जा रही हैं, मगर वहां के जमीनी हालात भी बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। महाराष्ट्र में पड़ रही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने सब्जियों के पौधों को झुलसा कर रख दिया है, जिसके कारण वहां भी कुल उत्पादन अपने न्यूनतम स्तर पर आ चुका है। मौसम की इस भीषण मार की वजह से विशेष रूप से टमाटर उगाने वाले किसानों को इस साल भारी वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

---

इंदौर में भाजपा के भीतर पोस्टरों में नेताओं को लेकर चल रही खींचतान सामने आ गई है

## मंत्री विजयवर्गीय का फोटो नहीं होने पर सवाल उठाए

### महापौर परिषद बैठक में दो नंबर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े अन्य सदस्य भी थे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर शहर में भाजपा का पोस्टर विवाद फिर चर्चा में है। नगर निगम की महापौर परिषद बैठक में पोस्टर विवाद भी उठा। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य और वार्ड 64 के पार्षद मनीष शर्मा ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त के सामने सीधे सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नगर निगम के पोस्टरों में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का फोटो क्यों नहीं लगाया जा रहा है। बैठक में इस बात पर ज्यादा तूल नहीं दिया गया। बाद में मामा ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्टर को लेकर एक पोस्ट भी डाली। पार्षद मनीष शर्मा की गिनती मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समर्थकों में होती है।



हाल के आयोजनों में जब उन्होंने नगर निगम के पोस्टरों में मंत्री का फोटो नहीं देखा, तो यह मुद्दा उठाया। उन्होंने फोटो नहीं लगाए जाने का सवाल निगम आयुक्त से पूछा।

महापौर परिषद बैठक में दो नंबर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े अन्य सदस्य भी थे, लेकिन उन्होंने इस मामले में कुछ नहीं कहा। महापौर परिषद की बैठक डेढ़ घंटे तक चली। बैठक में कॉलोनियों के रेट जोन नहीं बदले जाने पर भी फैसला हुआ। इसके अलावा शहर के सिनेमाघरों में नगर निगम की अनुमति के बिना विज्ञापन प्रदर्शित किए जाने पर फीस तय करने और पंजीयन कराने का फैसला लिया गया।

### फेसबुक पर भी उठाया पोस्टर विवाद का मुद्दा

मनीष मामा ने महापौर परिषद बैठक में तो पोस्टर से जुड़ी बात उठाई। बाद में उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्टर से मंत्री विजयवर्गीय का नाम हटाए जाने को लेकर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली, जिस पर सैकड़ों कमेंट आए।

---

## तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का समापन हुआ

**जनकल्याण शिविर के दौरान 23 विभागों की 110 योजनाओं के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए**

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

जनकल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन नगर पालिक निगम द्वारा किया गया। गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में जिला स्तरीय जनकल्याण शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ।शिविर के समापन अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, संजय अग्रवाल, जिला कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर गेल इंडिया केटीएम शोरूम से होते हुए नीलगंगा तक मार्ग चौड़ीकरण अंतर्गत पूर्ण रूप से प्रभावित 16 चिन्हित किए गए परिवारों को लॉटरी के माध्यम से पंवासा स्थित नगर निगम द्वारा विकसित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में भूखंड आवंटित किए गए।जनकल्याण शिविर अंतर्गत निगम क्षेत्र के सभी 6 जोन कार्यालयों पर कुल 18 शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविर में शासन के 23 विभागों की 110 योजनाओं के माध्यम से 2645 आवेदन प्राप्त होकर सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। समापन अवसर पर स्वनिधि योजना, संबल योजना, पेंशन योजना, परिवार सहायता, बागवानी योजना के अंतर्गत लाभ वितरित किए गए।

---

## दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय में श्रुत स्कंध विधान संपन्न

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

दिगंबर जैन परंपरा का सर्वाधिक प्राचीन एवं प्रामाणिक ग्रंथ षट खण्डागम जैन कर्म दर्शन का आधारभूत शास्त्र माना जाता है। आचार्य पुष्पदंत एवं आचार्य भूतवली द्वारा इस महान ग्रंथ की रचना एवं संरक्षण की स्मृति में देश भर मे दिगंबर जैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी को श्रुत पंचमी (श्रुत आराधना दिवस) पर्व के रूप में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है।

इस उपलक्ष में दिगंबर जैन महिला परिषद अंजना संभाग आदिनाथ शाखा छत्रपति नगर इंदौर द्वारा तीर्थ स्वरूप दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में श्रुत स्कंध विधान का आयोजन युवा विद्वान पंडित मनीष जैन के निर्देशन में किया गया। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि विधान का शुभारंभ प्रातः काल नित्य नियम पूजन, अभिषेक एवं शांति धारा के साथ हुआ। शांति धारा करने का सौभाग्य श्री संगीत जैन एवं सचिन देवेंद्र जैन ने प्राप्त किया एवं



विधान के पूर्व महिला परिषद की श्रीमती रजनी जैन, मनीषा जैन, मीना जैन एवं सुषमा जैन ने मंडल जी पर चार रजत मंगल कलश की स्थापना की एवं श्रीमती सुनीता नरेंद्र नायक ने मंडल जी पर ग्रंथराज षटखण्डागम को विराजमान करने का सौभाग्य अर्जित किया। विधान पूजन के दौरान श्रद्धा भक्ति एवं उल्हास के साथ मंडल जी पर श्रद्धालुओं ने 64 अर्घ समर्पित किए।

इस अवसर पर महिला परिषद इंदौर संभाग की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन, पिंकी रेनबो मनीषा टारगेट, समता सोधिया,सुरेखा रसिया सुनीता देवरी,रवि देवी जैन,अजय-आजाद मामा,डी एल जैन, वीरेंद्र जैन, रमेश जैन, डॉ जैनेंद्र जैन ,अरविंद अखिलेश सोधिया, आलोक नेता डॉ वीसी जैन आदि समाज श्रेष्ठी उपस्थित थे।

---

## महाकाल मंदिर में वीआईपी दर्शन पर बवाल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

बाबा महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। आम श्रद्धालुओं के लिए वर्षों से गर्भगृह में प्रवेश बंद है, लेकिन सोमवती अमावस्या के अवसर पर डिजिटल क्रिएटर अक्षय आनंद और उनके तीन साथियों को गर्भगृह में दर्शन की अनुमति मिलने का मामला सामने आया है। 15 जून की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद श्रद्धालुओं में नाराजगी बढ़ गई है।



सोमवती अमावस्या पर मंदिर में ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। आम भक्तों को बैरिकेडिंग के पीछे से करीब 20 फीट दूर से दर्शन करने पड़े, जबकि कुछ लोगों को गर्भगृह में प्रवेश देकर विशेष दर्शन कराए गए। इतना ही नहीं, उन्होंने गर्भगृह में तस्वीरें भी खिंचवाईं। जबकि मंदिर परिसर में मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं।

तस्वीरें वायरल होते ही सोशल मीडिया पर लोगों ने मंदिर समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कई यूजर्स ने पूछा कि नियमों को दरकिनार कर अनुमति किसने दी। कुछ लोगों ने ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जबकि अन्य ने आरोप लगाया कि क्या नियम केवल आम श्रद्धालुओं के लिए ही लागू हैं।

उज्जैन-आलोट सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि मंदिर में वीआईपी संस्कृति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं स्वयं अपने परिवार के साथ आम श्रद्धालुओं की तरह बैरिकेडिंग से दर्शन करता हूं। भगवान के सामने सभी समान हैं।

### राम मंदिर ट्रस्ट को भंग करने की मांग

**उज्जैन।** राम मंदिर में चढ़ावे और दान राशि को लेकर सामने आई कथित अनियमितताओं की खबरों के बीच अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने राम मंदिर ट्रस्ट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महासंघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर ट्रस्ट को भंग करने, मामले की सीबीआई जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## साइबर सुरक्षा प्रणाली सेवाओं को जल्द से जल्द अपनाएँ

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की सहकारी पहलों पर समीक्षा बैठकों की श्रृंखला की अध्यक्षता की। इन पहलों का उद्देश्य सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करना, सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों को बढ़ावा देना और सहकारी उत्पादों की वैश्विक पहुंच को निर्यात के माध्यम से विस्तार देना है।

इन बैठकों में सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी, नाबार्ड के अध्यक्ष श्री शाजी के.वी., मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रमुख सहकारी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रमुख सहकारी बैंकिंग पहलों की समीक्षा के दौरान श्री अमित शाह ने सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को तकनीक अपनाने, बेहतर प्रशासन, साइबर सुरक्षा, डिजिटल भुगतान, साझा सेवा प्लेटफॉर्म और बेहतर सेवा वितरण के माध्यम से मजबूत करने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों की प्रगति की जानकारी ली। प्रस्तावित कार्पोरेटिव बैंक ऑफ इंडिया और आने वाले समय में सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को सहयोग देने में उसकी भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा हुई। सहकारी बैंकों के लिए सहकार सारथी की तकनीक आधारित पहलों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

---

संकल्पना को साकार करने सभी की सहभागिता जरूरी : राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु

## राष्ट्रपति ने जनजातीय महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रशंसा की

### राष्ट्रपति ने प्रदर्शनी स्टॉल में प्रदर्शित उत्पादों का किया अवलोकन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मध्यप्रदेश भ्रमण के पहले दिन गुरुवार को बैतूल में आयोजित आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन में विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी/स्टॉल का अवलोकन कर जनजातीय समुदाय की महिलाओं के द्वारा निर्मित पारंपरिक उत्पादों की प्रशंसा की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बैतूल में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बैतूल जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाएं सतपुडांचल प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से रागी, कोदो, कुटकी ज्वार एवं बाजरा जैसे पोषक तत्वों से भरपूर श्रीअन्न से बने कुकीज, पास्ता, नूडल्स, इंस्टेंट इडली डोसा, मिक्स दलिया तथा अन्य स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों का निर्माण कर रही है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य विभाग दुगार्दास उईके, प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल भी अवलोकन के दौरान उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने वोकल फॉर लोकल, लखपति दीदी एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में विभिन्न स्व-सहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



### भरेवा शिल्प कला के स्टॉल का भी अवलोकन

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने विशेष रूप से श्री अन्न से बने व्यंजनों की पोषण प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में 18 प्रकार के पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए थे। राष्ट्रपति ने गौशालाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का भी अवलोकन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने भरेवा शिल्प कला के स्टॉल का भी अवलोकन किया। जनजातीय महिलाओं द्वारा पीतल, तांबा, कांसा आदि से निर्मित विशिष्ट धातु शिल्पों को प्रदर्शित किया गया। इस स्टॉल में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने डोकरा कला के नाम से प्रसिद्ध धातु शिल्प निर्माण में जनजातीय महिलाओं की कुशलता और निपुणता की सराहना की। श्री बलदेव बाघमारे ने राष्ट्रपति को पीतल से निर्मित जनजातीय महिला की प्रतिमा भेंट की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने वन आधारित उत्पादों के स्टॉल का भी अवलोकन किया। स्टॉल में मुख्य रूप से नांदा फॉरेस्ट हनी, बैतूल सागौन और कुकरु कॉफी से आजीविका उद्यमिता एवं 'वोकल फॉर लोकल' अंतर्गत निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया गया था।

### राष्ट्रपति का बैतूल प्रथम आगमन पर लोक नृत्य की प्रस्तुति से किया स्वागत

इन्दौर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का गुरुवार को बैतूल प्रथम आगमन पर गोंडी जनजातीय कड़पड़ा दल के कलाकारों ने परंपरागत लोक नृत्य की प्रस्तुति कर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित आध्यात्मिक जागृति से जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल हुईं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के साथ ब्रह्मकुमारी संस्था के सदस्यों ने सामूहिक फोटो क्लिक करवाया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के आगमन पर घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा उईके, भैंसदेही विधायक श्री महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक श्री चंद्रशेखर देशमुख, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर राष्ट्रपति का स्वागत किया।

## न्यूज कालम




### केंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया

**मंडलेश्वर।** नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था चरक इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी में गुरुवार 18 जून 2026 को आई एच एल लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड पानवा( म.प्र. )द्वारा केंपस प्लेसमेंट का आयोजन रखा गया। जिसमें कंपनी के मुख्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में दवा कंपनी के लिए ट्रेनी क्यूसी, क्यूए व प्रोडक्शन ऑफिसर पदों के लिए छात्र व छात्राओं का साक्षात्कार लेते हुए उन्हें स्किल के बारे में जानकारी दी गई । इस प्लेसमेंट के लिए 45 छात्र-छात्राएं शामिल हुए । इस प्लेसमेंट संबंधी साक्षात्कारों के पश्चात चरक इंस्टीट्यू ऑफ फामेर्सी के 12 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों पर किया गया। संस्था में जॉब प्लेसमेंट पर हुए कैंपस के आयोजन पर व अंतिम वर्ष कि परीक्षा के दौरान ही विद्यार्थियों के प्लेसमेंट पर संस्था के चेयरमेन डॉ.बद्रीप्रसाद पाटीदार, डायरेक्टर भगवान पाटीदार, प्राचार्य डॉ. डी.एस बेले व प्लेसमेंट ऑफिसर विनीत शिवने ने हर्ष व्यक्त किया।

### बड़वाह से फिर उठी ओंकारेश्वर के जिला बनाने की मांग

**सनावद।** नगर के जिम्मेदार नागरिकों ने बड़वाह ग्रुप के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया के ओंकारेश्वर प्रवास के दौरान ओंकारेश्वर के नाम से बड़वाह, सनावद, महेश्वर, धामनोद तक के नर्मदा उत्तर तट को ओंकारेश्वर के नाम से जिला बनाकर उसका धार्मिक जिले के अनुरूप उज्जैन की तरह विकास करने की माँग की। ज्ञात हो विगत 20 वर्षों से बड़वाह को जिला बनाए जाने की मांग शासन से की जाती रही है, अभी ही ओंकारेश्वर के नाम से विकास प्राधिकरण बनाए जाने की घोषणा से जनता में उत्साह है, उम्मीद ही नहीं जनता को पूरा विश्वास है कि जल्दी ही बड़वाह को ओंकारेश्वर के नाम से जिला बनाकर बड़वाह, सनावद, महेश्वर, धामनोद तक का ओंकारेश्वर जिला प्रदेश के नक्शे पर दिखाई दे सकता है। यह मांग राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से करते हुए मुख्यमंत्री को प्रतिलिपि ई मेल करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।वर्ष 2020 के उपचुनाव के समय भी संतो के माध्यम से ओंकारेश्वर को जिला बनाए जाने की मांग निरंतर की जा रही है, जिसे सिंहस्थ के पूर्व पूरा होने की जनता को उम्मीद है। सेस ग्रुप बड़वाह के साथ-साथ ओंकारेश्वर जिला बनाओ अभियान समिति की और से जाकिर हुसैन अमी एवं साथियों द्वारा क्षेत्र के नागरिकों की और से इस विकास परक और ज्वलंत बिंदु पर उच्चस्तर पर ध्यानाकर्षण कर इसे पूर्ण करने की मांग की गई है।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रखंड बैठक सम्पन्न



**मंडलेश्वर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड महेश्वर की मासिक बैठक चोली रोड स्थित साईं रिसोर्ट में संपन्न हुई बड़वाह जिला सह मंत्री मनोज केवट ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी दिनांक 22 से 24 जून तक कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग खरगोन विभाग में लगने जा रहा है जिसमें समस्त कार्यकताओं को जाना अनिवार्य है साथ ही नवीन दायित्व कि घोषणा जिला सह मंत्री ने की जिसमें मंडलेश्वर खंड सेवा प्रमुख कृष्णा गांगले, ग्राम समिति पथराड़ अध्यक्ष विकास वर्मा, ग्राम उपाध्यक्ष मुकेश वर्मा ,ग्राम मंत्री गौतम वर्मा को नियुक्त किया गया बैठक में विश्व हिंदू परिषद जिला गौ रक्षा प्रमुख दीपक तोमर ने कार्यकताओं को बताया कि बाबा बूढ़ा अमरनाथ की साहसिक यात्रा जो की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रहेगी जिसमें समस्त दायित्ववान पदाधिकारी कार्यकता एवं सह परिवार भी जा सकते हैं बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 22 अगस्त से प्रारंभ होगी जो कि 27 अगस्त 2026 तक चलेगी बैठक में जिला प्रचार प्रसार प्रमुख परशुराम साठे ने कार्यकताओं को बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के बारे में विस्तार से बताया कि वर्ष 1990 के दशक में आतंकवाद के कारण बूढ़ा अमरनाथ यात्रा लगभग बंद हो चुकी थी इस यात्रा को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा वर्ष 2005 में पुनर्जीवित किया गया था शुरूआत में बजरंग दल द्वारा इस यात्रा में सात से आठ हजार तीर्थयात्रियों को जुटाया गया था।

### आचार्य आदि सागर जी का मनाया आचार्य पदारोहण दिवस

**बड़वानी।** ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी जैन अनुयायियों द्वारा श्रुत पंचमी के रूप में मनाई जाती है उसी कड़ी में आज दिंगबर जैन समाज बड़वानी द्वारा दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री आदि सागर जी अंकलीकर की परम्परा के वर्तमान आचार्य सुनील सागर जी की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति जी माता जी के ससंघ सानिध्य में प्रातः भगवान के पाण्डुक शिला पर अभिषेक और शांति धारा सम्पन्न हुई ,प्रथम अभिषेक और शांति धारा करने का सौभाग्य सौरभ कुमार महेंद्र कुमार पहाड़िया परिवार को प्राप्त हुआ ।

### दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार" पल्स पोलियो अभियान

**उज्जैन।** भारत शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि जिला उज्जैन में राष्ट्रीय पल्स पोलियो का आयोजन 28 जून 2026 रविवार को किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत 0 से 5 वर्ष उम्र तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। विभाग द्वारा इस के लिए सम्पूर्ण जिले में पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां दो बूंद पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। दिनांक 28 जून को पोलियो की दवाई पीने से वंचित बच्चों को दिनांक 29 व 30 जून 2026 को घर-घर जाकर पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी।पल्स पोलियो अभियान के दौरान ईंट भट्टे, निर्माण स्थल, झुग्गी-झोपड़ियां एवं घुमक्कड़ आबाद स्थल पर विशेष ध्यान देकर लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति का प्रयास किया जाएगा। अतः समस्त माता-पिता, अभिभावकों से अपील है कि अपने 0 से 5 वर्ष उम्र के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवाई अवश्य पिलाएं।

# श्रुत पंचमी पर मां जिनवाणी की पालकी यात्रा निकाली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



दिगंबर जैन समाज में ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी को 'श्रुत पंचमी' के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान महावीर के उपदेश पहली बार लिखित ग्रंथ 'षटखंडागम' के रूप में प्रस्तुत किए गए थे। शुक्रवार को नगर में बड़े भक्तिभाव से श्रुत पंचमी महोत्सव मनाया गया।

मीडिया प्रभारी सन्मति जैन 'काका' ने बताया कि भगवान महावीर केवल उपदेश देते थे और उनके प्रमुख शिष्य गणधर उसे समझाते थे। उस समय वाणी को लिखने की परंपरा नहीं थी। उसे सुनकर ही स्मरण किया जाता था, इसलिए उसे 'श्रुत' कहा गया। गुजरात के गिरनार पर्वत की चंद्र गुफा में आचार्य धरसेन ने पुष्पदंत एवं भूतबलि मुनियों को सैद्धांतिक देशना दी। मुनियों ने ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी को 'षटखंडागम' ग्रंथ की रचना कर प्रस्तुत किया।

इसी दिन से श्रुत परंपरा लिपिबद्ध हुई।पालकी यात्रा और सामूहिक पूजन अचित्य जैन ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से मां जिनवाणी को पालकी में विराजमान कर नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां सामूहिक रूप से मां जिनवाणी का पूजन किया गया। शाम को श्रीजी एवं जिनवाणी माता की आरती की गई।

इसी क्रम में श्री सुपाार्श्वनाथ मंदिर में श्रुत स्कंध मंडल विधान, पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में शांति नाथ विधान रचाया गया साथ ही श्री मंदर जिनालय एवं महावीर जिनालय में भी भक्ति भाव से श्रुत पंचमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महेंद्र मुशी, सुनील पावणा, मनोज जैन, विशाल सराफ, सरल जटाले,अभिजीत जैन, राजू जैन,हर्षित जैन, सुनील मास्टर साहब, कांतिलाल जैन, पुष्पेंद्र जैन सजय जैन, सुधीर जैन,प्रीति जटाले, राजश्री जैन, पुष्पा जैन, गरिमा जैन, अंशिता जैन, विनीता बाकलीवाल, रेखा जैन, संगीता बाकलीवाल, नीलू जैन मधु भूच, हीरामणी भूच, साधना जैन , सरोज जैन सहित सभी समाजजन उपस्थित थे पोदनपुरम में रजतमय जिनवाणी का अभिषेक नगर से 3 किमी दूर स्थित क्षेत्र पोदनपुरम में परम पूज्य विदुषी आर्यिका प्रशांत मति माताजी द्वारा संकलित एवं आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज द्वारा प्रतिष्ठित विश्व की अनोखी ८९रजतमय मां जिनवाणी का पंचामृत अभिषेक एवं पूजन वारिस जैन एवं संदीप जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के दौरान 7 वर्षीय बालक की मौत, जांच शुरू

**धार(टांडा)।** टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम कालीदेवी निवासी ७ वर्षीय बालक की कथित रूप से गलत इंजेक्शन लगाए जाने के बाद मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कालीदेवी निवासी माधव 7 वर्ष पिता सूरज, की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे टांडा अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर के उपलब्ध नहीं होने पर परिजन उसे एक निजी क्लीनिक पर ले गए, जहां संचालक यशवंत मण्डलोई ने उसका उपचार किया। आरोप है कि उपचार के दौरान लगाए गए इंजेक्शन,बोतल के बाद बच्चे की तबीयत और बिगड़ गई। मृतक के काका इंगेश मेहता ने बताया कि बच्चे की तबीयत दोबारा खराब होने पर उसे फिर मण्डलोई के पास ले जाया गया। इस दौरान डॉक्टर ने एक ट्यूब लिखकर दिया और कहा कि बच्चे को माता (चेचक) निकली है तथा ट्यूब लगाने से वह ठीक हो जाएगा। परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह अचानक बच्चे की हालत गंभीर हो गई और उसका पूरा शरीर नीला पड़ने लगा। इसके बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन के रिएक्शन के कारण बालक की जान चली गई। घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण बच्चे का शव लेकर टांडा थाने पहुंचे। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ डॉ. हरेसिंह मुवेल भी टांडा पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई।

<u>ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा</u>

# ग्राम पाचोरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## 112 से अधिक ग्रामीणों ने उठाया जाँच का लाभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत ग्राम पंचायत पाचोरी में 19 जून (शुक्रवार) को एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना था, जिसमें 112 से अधिक मरीजों ने पहुँचकर अपनी जाँच कराई और चिकित्सा लाभ लिया।

**वरिष्ठ डॉक्टरों ने दिया परामर्श**

शिविर में ऑल इज वेल अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ दीं: डॉ. कैलाश सर (अनुभवी चिकित्सक) डॉ. अकरम खान (जनरल मेडिसिन रोग विशेषज्ञ) डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। इसके साथ ही, बदलते मौसम को देखते हुए ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के जरूरी टिप्स भी साझा किए गए।

**मुफ्त जाँचें और परीक्षण**

शिविर के दौरान आने वाले सभी मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ दी गईं, जिनमें शामिल हैं: सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर (बीपी) की जाँच, ब्लड शुगर (मधुमेह) का परीक्षण

**अस्पताल का उद्देश्य:** ऑल इज वेल हॉस्पिटल अपने आधुनिक चिकित्सा संसाधनों, अनुभवी डॉक्टरों की टीम और मरीजों के प्रति समर्पित कार्यशैली के लिए क्षेत्र में जाना जाता है। अस्पताल प्रबंधन का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति धन के अभाव में बेहतर इलाज से वंचित न रहे, विशेषकर ग्रामीण अंचलों में।

यह जनहितैषी शिविर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के कुशल दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया था। साथ ही, शिविर को सफल बनाने में श्री जसपाल सिंह पटवा (प्रदेश अध्यक्ष, सिख सिकलीगर समाज) का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए अस्पताल प्रबंधन और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।

# समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें -कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर

## निर्माण कार्यों में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभा कक्ष में जिले में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिला पंचायत के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2016 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 90 हजार से अधिक आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिनमें से लगभग 97 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं तथा शेष कार्य प्रगति पर हैं। इसी प्रकार 517 खेत तालाबों का निर्माण किया जा चुका है, जबकि 16 अमृत सरोवरों में से 9 निमार्णाधीन हैं।

जल संरचनाओं के रखरखाव के अंतर्गत 15 कार्य पूर्ण किए गए हैं। च्च्एक बगिया माँ के नामज्ज अभियान में 610 के लक्ष्य के विरुद्ध 173 कार्य पूर्ण किए गए हैं। आंगनवाड़ी भवन निर्माण के 153 कार्यों में से 57 पूर्ण हुए हैं, जबकि 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत 102 कार्यों में से 82 पूर्ण हो चुके हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025-26 में नवीन नलकूप खनन योजना के तहत 140 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 100 सिंगल फेस मोटर पंप स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में जिले में कुल 2344 सिंगल फेस मोटर पंप संचालित हैं, जिनसे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कानाकाकड़ स्थित आश्रम शालाओं के निर्माण कार्य नए शैक्षणिक सत्र से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने भवनों के भौतिक सत्यापन, मरम्मत एवं अनुपयोगी भवनों के हस्तांतरण के निर्देश भी दिए।



# राजपुर में किसानों को प्राकृतिक होती अपनाने हेतु किया प्रेरित

**बड़वानी।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य आयोजित जनकल्याणकारी गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को राजपुर के मांगलिक भवन में प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आत्मा, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जिला बड़वानी के निर्देशन में किया गया। प्राकृतिक खेती कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल, पूर्व सांसद श्री सुभाष पटेल, जिला अध्यक्ष श्री अजय यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह सितोले, मण्डल अध्यक्ष श्री कृष्णा धनगर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, कृषि सखियों, बीआरसी एवं कृषकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला में कुल 485 किसानों ने सहभागिता की, जिनमें विकासखण्ड बडवानी, पाटी, ठीकरी तथा राजपुर से किसान शामिल थे।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान एवं प्रमुख वैज्ञानिक श्री डी.के. बडोदिया ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के निरंतर उपयोग से मिट्टी की उर्वरता कम होती जा रही है तथा भूमि कठोर बन रही है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती प्रमुख घटक बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, आच्छादन, वापसा, निमास्त्रत्र, ब्रहमास्त्र की विधि एवं उपयोग समझाये। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आती है तथा मिट्टी की उर्वरता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। कार्यशाला के दौरान किसानों द्वारा किसानों ने कृषि वैज्ञानिक श्री डी. के. बडोदिया जी से विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और अपने अनुभव साझा किये।

<u>विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर</u>

# प्राकृतिक खेती आधारित किसान कार्यशाला एवं संगोष्ठी आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उदयगढ़ जनपद पंचायत प्रांगण में कृषि आधारित विशेष अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक खेती आधारित कार्यशाला एवं किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक डॉ. सुदीप तोमर ने किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड की अनुशंसाओं के अनुसार संतुलित उर्वरकों के उपयोग, उन्नत किस्म के बीजों के चयन, बीज उपचार, खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय तथा घर पर जैविक खाद एवं जैविक दवाइयाँ तैयार करने की विधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री मांगीलाल चौहान ने किसानों को जैविक खेती को अपनाने, गोबर खाद के उपयोग को बढ़ावा देने, रासायनिक उर्वरकों का संतुलित मात्रा में उपयोग करने तथा खरपतवारनाशी दवाओं के प्रयोग को कम करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को पशुपालन एवं स्वरोजगार के लिए आईटीआई जैसे तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के नए अवसर विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया।

जिला महामंत्री श्री राजू भाई मुवेल ने जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को घर-घर जैविक खाद एवं जैविक दवाइयाँ बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के सुझाव दिए। उन्होंने किसानों को खेतों में कच्ची खाद का उपयोग नहीं करने, समयानुसार खेत की जुताई करने तथा गाय, भैंस एवं बकरी पालन के माध्यम से दूध उत्पादन के साथ-साथ जैविक खाद तैयार कर खेतों में उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान जैविक खेती कर रहे प्रगतिशील किसानों श्री सुमला भाई सेकड़िया (सुड़ी बड़ी), श्री मगन अजनार (जामली बड़ी) एवं श्री बाथु (रतनपुरा) सहित अन्य किसानों का श्री मांगीलाल चौहान, श्री राजू मुवेल एवं श्री सुमेर डावर द्वारा पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। अतिथियों ने किसानों को जैविक खेती अपनाने तथा अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी कृषि अधिकारी श्री संदीप रावत द्वारा सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया।

# लघुकथा समकालीन साहित्य की महत्वपूर्ण विधा बनकर उभरी-डॉ. ध्रुव कुमार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

वर्तमान समय में हिंदी साहित्य की विधाओं में लघुकथा अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रही है। कम शब्दों में गहरी संवेदना, सामाजिक यथार्थ और तीखा संदेश देने की क्षमता के कारण लघुकथा समकालीन साहित्य की महत्वपूर्ण विधा बनकर उभरी है। बदलती जीवनशैली, समयाभाव और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव ने लघुकथा को पाठकों के बीच और अधिक लोकप्रिय बनाया है।ये विचार प्रेमचंद सृजन पीठ और सरल काव्यांजलि साहित्यिक संस्था द्वारा भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में आयोजित 'समकालीन लघुकथा और आज का परिदृश्य' विषय पर विमर्श में मुख्य वक्ता लघुकथा जगत के प्रख्यात हस्ताक्षर डॉ. ध्रुव कुमार (पटना) ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज की लघुकथाएँ सामाजिक विसंगतियों, पारिवारिक संबंधों, तकनीकी प्रभाव, राजनीतिक परिस्थितियों, स्त्री-विमर्श, पर्यावरण, अकेलेपन और बदलते मानवीय मूल्यों जैसे विषयों को भी प्रभावी ढंग से सामने ला रही हैं। उन्होंने लघुकथा को पाठ्यक्रमों में लाए जाने की जरूरत पर जोर दिया। प्रसिद्ध लघुकथाकार सतीश राज पुष्करणा जी के योगदान के बारे में उन्होंने प्रकाश डाला।अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात समालोचक और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने अतीत से लेकर वर्तमान समय तक का लघुकथा का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि लघुकथा समुद्र की बूँद की तरह सम्पूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व करती है। आज लघुकथा लेखन में स्त्री-विमर्श, दिव्यांग,जनजातीय-दलित विमर्श, प्रवासी जीवन – कोई भी विषय अछूता नहीं है। पटना से लेकर उज्जैन तक, संपूर्ण विश्व में उसका दायरा है। आपने कहा कि लघु कथा में प्रतीकात्मकता, सांकेतिकता, शब्दों की सादगी, प्रयोगधर्मिता का होना जरुरी है।

# आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत जिले में निरन्तर वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

शासन द्वारा 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के नागरिकों को भी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना मे शामिल किया गया है, जिससे उनको भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जा सके जिले में निरन्तर वरिष्ठ नागरिकों भी आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है।

70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं या कर्मचारी राज्य बीमा योजना अंतर्गत आते है वे भी आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। योजना हेतु पात्रता का निर्धारण आधार कार्ड में दर्ज आयु के आधार पर किया जाएगा तथा पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा तथा पंजीकरण के लिए आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी. फैमिली आई.डी. की आवश्यकता होगी।

पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में संपर्क करें।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाए जाते हैं। समस्त पात्र नागरिक व 70 या इससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों से अपील है कि अपने आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी. को लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में संपर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं। आयुष्मान भारत निरामयम योजना इस योजना के अन्तर्गत पात्र परिवारों को रुपए 5 लाख प्रति परिवार प्रतिवर्ष स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदाय किया जाता है। पात्र परिवार का चिन्हांकन, सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना वर्ष 2011 आधारित है। इस योजना का लाभ लेते हुए सभी बीमारियों का निःशुल्क उपचार करवाया जाता है। एक साल में पात्र परिवारों के सदस्यों को शासकीय अस्पतालों, शासकीय मेडिकल कॉलेजों और चिन्हित निजी अस्पतालों में रुपए 5 लाख तक की कैशलेस उपचार की सुविधा मिलती है। योजना में अलग-अलग रोग बीमारियों के इलाज के पैकेज तय कर दिए गए हैं।यह स्वास्थ्य सुरक्षा कवच कैशलेस है, मतलब इसमें मरीज के उपचार का पैसा पात्र परिवार को न दिया जाकर इलाज करने वाले अस्पताल को सीधे भुगतान कर दिया जाता है। शासन द्वारा अब 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के नागरिकों को भी योजना में शामिल करना है।

# एसिड अटैक पीड़ित बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी सहायता राशि

**बड़वानी।** घटना वार्ड न. 11 बेड़ीपुरा मोहल्ला सालखेड़ा रणगॉव रोड़ में आरोपी विजय चौहान द्वारा पत्नी पर चरित्र शंका को लेकर आपसी विवाद में पति विजय द्वारा पत्नी को जान से मारने की नियत से षड्यंत्र कारित कर पत्नी पिंकी एवं बालक अथर्व आयु 6 वर्ष, पुत्री शिंवागी आयु 3 वर्ष को एसिड अटैक से जान से मारने की कोशिश की गई। जिसमें पत्नी पिंकी अत्याधिक एसिड से जलने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी। एसिड अटैक की घटना में उनका पुत्र अथर्व आयु लगभग 6 वर्ष व पुत्री शिंवागी चोहान आयु लगभग 3 वर्ष, गंभीर रूप से एसिड अटैक में झुलस गये है जिससे उनके चेहरा जलने से पूरी तरह से बिगड़ गया। आरोपी विजय को उक्त मामले में निरूद्ध है। मामला जैसे ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बड़वानी श्री महेन्द्र कुमार जैन के संज्ञान में आया उन्होने तत्काल सचिव श्री अमूल मण्डलोई जिविसेप्रा बड़वानी को योजना अंतर्गत तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जिस पर श्री मण्डलोई द्वारा तत्काल 15 दिवस के भीतर उक्त मामले सहायता राशि संबंधी कार्यवाही व बालक अथर्व को तत्काल म.प्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के अंतर्गत एक लाख रुपए की राहत राशि व बालिका शिंवागी को नालसा योजना 2018 के अंतर्गत तत्काल एक लाख रुपए की अंतरिम सहायता राशि दी गई।

## न्यूज -कॉलम

### भोपाल में 2 माह बाद युवक के साथ मिली लापता बालिका



**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र से लापता हुई 15 साल की बालिका को 2 माह बाद पुलिस ने भोपाल से युवक के साथ दस्तयाब किया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 17 अप्रैल को बालिका के लापता होने पर परिजनों ने अज्ञात युवक के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। कुछ दिनों बाद पता चला कि बालिका का महिदपुर का रहने वाला कमल पिता मांगू झांसा देकर ले गया है। जिसकी लगातार तलाश जारी थी। 2 माह बाद सूचना मिली कि कमल भोपाल में बालिका के साथ दिखाई दिया है। बालिका की दस्तयाबी के लिये टीम रवाना की गई। गुरूवार रात भोपाल में एक मकान पर दबिश देकर बालिका को दस्तयाब किया गया। वहीं कमल को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि कमल ने बालिका के साथ सबसे पहले महिदपुर के जंगल में गलत काम किया और फिर भोपाल ले गया। जहां कुछ दिन रूकने के बाद जयपुर चला गया था। कुछ दिन पहले ही वापस भोपाल लौटा था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में दर्ज अपहरण के प्रकरण में दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा का इजाफा कर कमल को गिरफ्तार किया गया। जिसे शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### कमरे में पिता-पुत्र ने छुपाकर रखी थी अवैध शराब



**उज्जैन।** मोहर्रम इंतजाम ड्युटी पर टीम के साथ निकले बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार को खबर मिली कि ग्राम जाफला में हाजी इब्राहिम शहीद दरगाह के सामने गार्डन मे बने कमरे में अवैध शराब छुपाकर रखी गई है। थाना प्रभारी ने एएसआई सुनील देवके, नारायणसिंह वास्केल, प्रधान आरक्षक राहुल सिंह राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक राजु माली, महेश मोर्य के साथ गार्डन में बने कमरे पर दबिश मारी। एक युवक पुलिस को देख भाग निकला, मौके से तुलसीराम पिता चंदरसिह हाडा 45 साल निवासी जाफला और उसके पुत्र नारायणसिह हाडा जाति 21 साल को हिरासत में लिया। कमरे की तलाशी लेने पर वहां रखी देशी, अंग्रेजी की 6 पेटी से अधिक शराब बरामद हो गई। पूछताछ करने पर पिता-पुत्र ने बताया कि भागा साथी रोहित है। थाना प्रभारी सिंगार के अनुसार पिता-पुत्र बोहरा समाज के कब्रिस्तान और गार्डन की चौकीदारी करते है। जिसकी आड़ में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा था। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। दोनों के फरार साथी की तलाश जारी है।

### मायके जाने की बात कहीं तो पति ने लात-घूंसों से पीटा

**उज्जैन।** खाचरौद थाना पुलिस ने ग्राम बेहलोला की रहने वाली टिनाबाई की शिकायत पर पति मनीष पांचाल के खिलाफ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है। टीनाबाई ने शिकायत में बताया कि उसने रात को घर लौटे पति से मायके जाने की बात कहीं थी, इसी पर मनीष ने उसके साथ लात-घूंसो मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर पति को हिरासत में लिया गया है।

### धारदार चाकू के साथ हिरासत में आये 2 बदमाश

**उज्जैन।** चैकिंग अभियान के दौरान चिमनगंज थाना पुलिस ने कानीपुरा मल्टी के पास से शाहरूख उर्फ माया नामक बदमाश को पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास से धारदार चाकू बरामद हो गया। बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। इसी प्रकार कोतवाली थाना पुलिस ने सूचना मिलने नगर निगम परिसर में चाकू लेकर घूम रहे बदमाश कृष्णा भारती को घेराबंदी कर पकड़ा और चाकू बरामद होने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया। दोनों बदमाशों को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 559-9 | 169-6 |
| मेन बाजार | 590-4 | 247-3 |
| कल्याण नाइट | 457-6 | 680-4 |
| मिलन डे | 138-2 | 390-2 |
| मिलन नाइट | 557-7 | 469-9 |
| मधुर डे | 259-6 | 368-7 |
| मधुर नाइट | 147-2 | 440-8 |
| शुभांक | 2 4 | 6 |

# लापता साधु की समाधि खोदकर निकाली लाश

## 8 दिनों से था लापता, भाई बोला हत्या कर दफनाया शव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

10 दिनों से लापता साधु गंगेश्वरगिरी की शुक्रवार दोपहर पुलिस ने मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर कुटिया के पीछे से नदी किनारे समाधि खोदकर लाश बाहर निकाली। भाई ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लाश मिलने पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक साधु के शरीर पर चोंट के निशान भी सामने आये है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि जावरा के पिपली बाजार खान साहब की गली में रहने वाले अनिल पिता किशोर जोशी ने 17 जून को थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसका भाई साधु बन गया था, वर्तमान में मंगलनाथ मंदिर मलानी बाबा की कुटिया में रहता था। 10 जून से संपर्क नहीं हुआ तो वह मिलने उज्जैन आया था। कुटिया अस्त-व्यस्त पडी थी और भाई गंगेश्वर गिरी उर्फ सुनील जोशी 40 साल लापता था। उसने आसपास दुकानदारों से पूछताछ की तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है और कुटिया के पीछे उसकी समाधि बनी हुई है। मामला संगीन होने पर जांच शुरू की गई। मंगलनाथ मार्ग पहुंचकर पूछताछ शुरू की गई और प्रशासन से समाधि खोदने की अनुमति मांगी गई। शुक्रवार को अनुमति मिलने पर सामधि को खोदा गया, जिनके नीचे से गंगेश्वरगिरी उर्फ सुनील जोशी 40 साल की लाश बरामद हो गई। मामले में मर्ग कायम किया गया है। शाम को शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा।





### फोन पर सुनाई दिया था विवाद

जावरा से आये भाई अनिल जोशी ने बताया कि 10 जून को मोबाइल पर बातचीत के दौरान विवाद होने की आवाज सुनाई दी थी।

दूसरे दिन सुनील उर्फ गंगेश्वर को कॉल किया तो मोबाइल बंद होना सामने आया। 7 दिनों से तक बातचीत नहीं होने पर मां ने मिलकर आने के लिये कहा। उज्जैन आने पर पता चला कि उसकी हत्या कर लाश को समाधि में दफना दिया गया है। लाश मिलने के बाद भाई के शरीर पर चोंट के निशान होना सामने आये है।

### 16 साल पहले ली थी दीक्षा

मृतक साधु गंगेश्वरगिरी के भाई अनिल ने बताया कि पिता का निधन हो चुका है। घर में मां और 2 भाई थे। सुनील ने 2010 में नीमच के महाराज भास्करानंद से दीक्षा प्राप्त की थी और साधु बन गया था। उसके बाद उत्तरप्रदेश चला गया था। जहां प्रयागराज कुंभ में शामिल था। उसके बाद उज्जैन आ गया था। मलानी बाबा भाई गंगेश्वरगिरी को अपनी कुटिया सौंप चले गये थे। जिसके बाद से भाई यहीं रहने लगा था और मंदिर में पूजा-पाठ करता था।

### भास्करानंद महाराज पर हत्या की शंका

भाई ने हत्या की आशंका भास्करानंद और उसके चेले लंगडा गुरू पर जताई है। मृतक के भाई अनिल का कहना था कि लाश मिलने के बाद भास्करानंद से मोबाइल पर चर्चा की गई।

पहले उसका कहना था कि डेढ़ साल पहले गंगेश्वरगिरी को भगा दिया गया था। उसका सामान हमारे पास है नीमच आकर ले जाओ। अनिल का आरोप यह भी है कि भास्करानंद और उसके चेलों ने मारपीट कर हत्या के बाद कुटिया में रखे रूपये भी चोरी किये है।

# दामाद निकला सास और प्रेमी के कत्ल का आरोपी

## पत्नी को नहीं भेजने पर भाई और दोस्त के साथ रची थी साजिश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महुडीपुरा रोड हुए प्रेमी-प्रेमिका के कत्ल का 24 घंटे बाद राघवी पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। हत्या को मृतक महिला के दामाद ने अपने भाई और दोस्त के साथ अंजाम दिया था। पुलिस दामाद और भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम खरचुनिया प्रताप स्थित महुडीपुरा रोड पर गुरूवार दोपहर अम्बाराम और अमर के खेत की मेड पर महिला-पुरूष की खून से सनी लाश मिलना सामने आया था। मृतकों की पहचान कालूराम पिता पर्वतलाल वर्मा 40 साल और मंजूबाई पति सत्यनारायण शर्मा 42 साल निवासी ग्राम बैलाखेडा के रूप में हुई थी। दोनों प्रेमी-प्रेमिका होना सामने आये थे। राघवी थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। शुक्रवार सुबह हत्या में शामिल मृतक मंजूबाई के दामाद अनिल पिता आनंदीलाल और उसके भाई कालूराम निवासी ग्राम बरखेडा बुजुर्ग को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने साथी रफीक पिता मुबारक निवासी नवदुर्गा कॉलोनी के पीछे घट्टिया के साथ मिलकर करना कबूल कर लिया। पुलिस ने रफीक की तलाश में दबिश दी, लेकिन वह फरार होना सामने आया। दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने के बाद दोनों आरोपी भाईयों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। फरार रफीक की तलाश जारी है।



### 12 लाख रूपये देकर की थी शादी

आरोपी अनिल से पुलिस पूछताछ में पता चला कि मंजूबाई की 6 पुत्री और एक पुत्र है। मंजू का कालूराम से प्रेम प्रंसग चल रहा था। जिसकी जानकरी उसके पति और पूरे परिवार को थी। मंजूबाई की चार बेटियों की शादी हो चुकी है। एक से सालभर पहले अनिल ने शादी की थी, बदले में 12 लाख रूपये दिये थे। लेकिन वह बार-बार मायके चली जाती थी। पूर्व में विवाद भी हो चुका था। अनिल को शंका थी कि सास मंजू और उसके प्रेमी कालूराम द्वारा उसकी पत्नी को ससुराल नहीं भेजा जा रहा है। इसी बात को लेकर उसने भाई और दोस्त के साथ साजिश रची।

#### टायर खोलने के पाने से किया हमला

सास और उसके प्रेमी की हत्या करने वाले दामाद और उसके भाई ने बताया कि दोनों के बीच की पूरी कहानी मालूम थी, कब, कहां से आते-जाते है। वह घट्टिया से दोपहिया वाहन पर सवार होकर आये थे। सास मंजू शासकीय स्कूल में माध्यान भोजन बनाने का काम करती थी और कालूराम के साथ जाती थी। दोनों बाइक से लौट रहे थे, उसी दौरान सूनसान रास्ते पर ट्रक के टायर खोलने के बडे पाने से दोनों पर हमला किया। दोनों के सिर पर कई वार किये थे।

### केंद्रीय मंत्री खट्टर बोले स्वच्छता के मामले में इंदौर मॉडल को पूरे देश में लागू करेंगे

**उज्जैन।** केंद्रीय शहरी विकास एवं उर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने शुक्रवार देर शाम को अपने विभाग से संबंधित कार्यों की यहां समीक्षा की है। उन्होंने सिंहस्थ-28 के जारी कार्यों को लेकर जानकारी ली है। समीक्षा बैठक से पूर्व उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा . मोहन यादव के साथ प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता के मामले में इंदौर मॉडल को पूरे देश में लागू करेंगे। सिंहस्थ -28 को लेकर स्वच्छता और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मध्य प्रदेश में एक करोड़ से अधिक व देशभर में 20 करोड़ स्मार्ट मीटर लगेंगे।

प्रेस से बातचीत में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार सभी विभागों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। आजादी के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्री उज्जैन आकर प्रदेश की समीक्षा बैठक ले रहे हैं। प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों में तेजी और पावर सेक्टर की समस्याओं के समाधान पर आज मंथन हुआ है।

केंद्रीय मंत्री खट्टर अपने विभागों से जुड़े कार्यों की मध्यप्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक लेने उज्जैन आए हुए हैं। शाम 6 बजे प्रशासनिक संकुल भवन में पहली बैठक में स्वच्छ भारत मिशन की राज्य स्तरीय समीक्षा की गई । इसके बाद पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) की प्रगति की समीक्षा के लिए दूसरी बैठक आयोजित हुई । बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री खट्टर ने पत्रकारों को प्रेस ब्रीफिंग की जिसमें उन्होंने बताया कि आज उनके दोनों विभागों के कामों का रिव्यू किया गया है । आगामी सिंहस्थ 2028 के कार्यों की भी चर्चा हुई है । स्वच्छता और स्वास्थ्य का में विशेष ध्यान रखा जाएगा । स्वच्छता के मामले में मध्य प्रदेश ने देश में लीडर का काम किया है। इंदौर का स्वच्छता मॉडल पूरे देश में लागू किया जाएगा। उज्जैन के लिए 106 करोड रुपए उनके विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। पूरे देश में करीब 20 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे जिसमें से एक करोड़ मध्य प्रदेश में लगेंगे । सरकार जल्द प्रीपेड मीटर भी लगाने जा रही है। जिसके तहत सबसे पहले शासकीय विभागों में यह मीटर लगेंगे । दूसरे चरण में उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान यहां प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रद्युमन सिंह तोमर व प्रतिमा बागरी भी मौजूद थी।

## गिरफ्त में पांच लाख की फिरौती मांगे वाले बदमाश



**उज्जैन।** लैंक्सेस कंपनी के डिप्टी मैनेजर से पांच लाख की फिरौती मांगने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज होना सामने आये है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि लैंक्सेस कंपनी के डिप्टी मैनेजर राजेश यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 बदमाशों द्वारा उनसे पांच लाख की फरौती मांगी जा रही है। बदमाशों ने उन्हे जान से मारने की धमकी देकर पांच हजार रूपये छीन लिये है। मामले में बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और गुरूवार शाम फिरौती मांगने वाले बदमाशों उमेश पिता रमेश कल्याणे, दीपक पिता बाबूलाल कल्याणे, संदीप पिता रामलाल राठौड निवासी सी ब्लॉक टापरी बिरलाग्राम को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से छीने गये पांच हजार में से मात्र 560 रूपये बरामद हो पाये है। शेष राशि खर्च करना बताया। थाना प्रभारी के अनुसार उमेश के खिलाफ पूर्व में 8, दीपक के खिलाफ 5 और संदीप पर 2 अपराधिक मामले दर्ज है। बदमाशों द्वारा बिरलाग्राम और नागदा में कंपनी के कर्मचारियों से आये दिन फिरौती की मांग की जाती है। पूर्व में भी बदमाशों के खिलाफ कई कर्मचारी शिकायती आवेदन दे चुके है। बदमाशों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## महिला बोली चाकू-बंदूक की नोंक पर हुआ दुष्कर्म

### पुलिस को संदेह, केबल चोरी की सामने आई खबर

**उज्जैन।** बडनगर थाना पुलिस के पास शुक्रवार को चाकू-बंदूक की नोंक पर महिला के साथ दुष्कर्म का मामला पहुंचा। पुलिस ने जांच शुरू की तो संदेह होना सामने आया। फिलहाल मामले की जांच जारी है, जल्द पटाक्षेप किया जायेगा। बडनगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि ग्राम आमला में हाली का काम करने वाले दंपति ने दोपहर में थाने आकर बताया कि रात में कुछ बदमाश पिकअप और बाइक से आये थे। जिन्होने क्षेत्र में पवन चक्की की केबल चोरी की और चाकू-बंदूक की नोंक से पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। बदमाश पति को अलग लेकर चले गये थे। मामला संगीन होने पर तत्काल जांच शुरू की गई। खेत मालिक से पूछताछ करने पर सामने आया कि दंपति कुछ दिन पहले ही काम पर आये है। सुबह वह दूध लेने खेत पर गया था, उस दौरान दोनों ने कोई घटना होना नहीं बताई। खेत और आसपास अन्य हाली भी रहते है। किसी को कोई जानकारी नहीं है। पुलिस को जांच में पता चला कि दंपति ने एडवांस राशि ली और अब काम करना नहीं चाहते है। लेकिन रात में पवन चक्की में लगने वाली केबल जरूर चोरी हुई है। थाना प्रभारी सिंगार के अनुसार प्रथमदृष्ट मामला संदेहास्पद है। फिलहाल जांच जारी है जो भी तथ्या सामने आयेगें उसका जल्द पटाक्षेप किया जायेगा।

# हत्या करने के बाद कपड़ों के नीचे छुपाई लाश

### हिरासत में 2 आरोपी, आज हो सकता है खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बावन कुंड के पास शुक्रवार दोपहर पुराने कपडों के ढेर में दबी व्यक्ति की लाश मिली। मामला हत्या का होने पर पुलिस ने पड़ताल शुरू की और कुछ घंटे में 2 आरोपियों को हिरासत में ले लिया। मामला शराब के नशे में विवाद का होना सामने आया है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के कालियादेह महल स्थित बावन कुंड पर दोपहर में कुछ लोग कुंड से पैसे निकालने पहुंचे थे। उन्हे कपडो का ढेर लगा दिखाई दिया। जिसे हटाने पर खून नजर आया। कपडो के ढेर में एक व्यक्ति की लाश पडी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक की हत्या की गई है और कपडो के ढेर में लाश का छुपाया गया था। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किये कुछ देर में पता चला कि मृतक हीरालाल पिता मोतीराम केवट 40 साल है। जो परिवार से अलग बावन कुंड के आसपास रहता था और मछली पकडने का काम करता था। जांच-पडताल के दौरान सामने आया कि मृतक हीरालाल के साथ आबूखाना क्षेत्र के रहने वाले मुकेश केवट और दिलीप केवट रहते थे, तीनों साथ में नशा करते थे। गुरूवार देर शाम दोनों के साथ दिखाई दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये पहुंचाया और दोनों की तलाश शुरू की। कुछ घंटे बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों ने शराब पीने के दौरान हुए विवाद में सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी थी और कुंड के आसपास पडे पुराने कपडों को एकत्रित कर उसके नीचे छुपाकर भाग निकले थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। संभवतः आज शाम तक मामले का खुलासा किया जा सकता है।

#### छोड़कर चले गये थे पत्नी-बच्चे

हीरालाल का शव मिलने के बाद पुलिस ने परिजनों की तलाश कर सूचना दी। भाई सुरेश केवट बावन कुंड पहुंचा और बताया कि ग्राम कालियादेह में रहता था। हीरालाल के 2 बच्चे, एक पुत्र और एक पुत्री है। दोनों की शादी हो चुकी है, पत्नी सात साल पहले छोडकर चली गई थी। हीरालाल शराब पीने का आदी था, बच्चों ने भी साथ छोड दिया था। जिसके चलते वह बावनकुंड के आसपास ही घूमता रहता था और मछली पकड़कर अपना जीवन ज्ञापन कर रहा था।

पश्चिम रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-एम.एच.-अ.-12062026-273387
CG-MH-E-12062026-273387
असाधारण
EXTRA ORDINARY
भाग II – खण्ड 3 – उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3 – Sub-section (I)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 417] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 11, 2026 / ज्येष्ठ 21, 1948
No. 417] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 11, 2026 / JYAISTHA 21, 1948

रेल मंत्रालय
[पश्चिम रेलवे (निर्माण संगठन )]
अधिसूचना
मुंबई, 11 जून, 2026

सा.का.नि. 467(अ.).—केंद्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 ( रेल संशोधित अधिनियम 2008) की की धारा 20 (क) की उप धारा (1)द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ये समाधान हो जाने के पश्चात् कि लोक प्रयोजन के लिए यह भूमि जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे अनुसूची में दिया गया है, मध्य प्रदेश राज्य के उज्जैन जिले में उज्जैन – फतेहाबाद रेल अमान परिवर्तन नाम की विशेष रेल परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण प्रबंधन एवं संचालन के लिए अपेक्षित है, एसी भूमि के अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति,इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 30 दिन की अवधि क्रभीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20 घ की उप-धारा (1) के अधीन उपर्युक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा।

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम अधिकारी अर्थात्, सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व), अनुविभाग- उज्जैन (ग्रामीण ) जिला उज्जैन म.प्र. को लिखित रुप में किया जाएगा और उसमे उसके आधार उपवर्णित करेगा और सक्षम प्राधिकारी आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रुप में या विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई और जांच यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे तो, आदेश द्वारा या तो आक्षेपों के लिए अनुमति देगा या अनुमति प्रदान नही करेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उप-धारा (I) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिया गया आदेश अंतिम होगा। इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि का रेखांकन औरभूमि के अन्य ब्योरे उपलब्ध है और हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम अधिकारी के उपर्युक्त कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व), अनुविभाग के कार्यालय में उनका निरीक्षण किया जा सकेगा।

अनुसूची
मध्यप्रदेश राज्य के उज्जैन जिले में उज्जैन - फतेहाबाद रेल अमान परिवर्तन नाम की विशेष रेल परियोजना के लिए अधिग्रहण की जाने वाली संरचना सहित या संरचना रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

| क्र | जिले का नाम | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | सर्वे नंबर | भूमि का प्रकार | भूमि का प्रभावित क्षेत्रफल हेक्टेयर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उज्जैन | उज्जैन | चिंतामण जवासिया | 228 | निजी | 0.4195 |
| 2 | उज्जैन | उज्जैन | चिंतामण जवासिया | 229/3 | निजी | 0.0010 |
| 3 | उज्जैन | उज्जैन | चिंतामण जवासिया | 260/1/2 | निजी | 0.6034 |
| 4 | उज्जैन | उज्जैन | चिंतामण जवासिया | 213/933 | शासकीय | 0.0528 |
| 5 | उज्जैन | उज्जैन | चिंतामण जवासिया | 262 | शासकीय | 0.0186 |

[फा.सं. ई. 82421-01]
धीरज कुमार, मुख्य अभियन्ता निर्माण-IV
0283

# जिम्मेदारी लेना सीखिए



डिग्री हासिल करके एक डॉक्टर ने अपनी सेवा शुरू ही की थी कि उनके पास कुछ लोग अपने एक परिजन रोगी को लेकर आए। रोगी की हालत इतनी नाजुक थी कि दो मिनट की देरी होने पर प्राण जोखिम में पड़ जाते। डॉक्टर ने सावधानी पूर्वक जांच-पड़ताल करके रोग को पहचाना और उसका निदान ढूंढ़ लिया। उन्होंने रोगी का आवश्यक इलाज किया। दो दिन में वह रोगी उठकर बैठ गया। हफ्ते भरे में उठकर चलने लग गया। डॉक्टर ने परिजनों से कहा, जब आप लोग इन्हें मेरे पास लेकर आए थे, यह मृत्यु के कगार पर थे। किसी अन्य डॉक्टर के पास ले गए होते, तो यह बच न पाते। मैंने इन्हें प्राण दिए हैं। लोगों की भलाई ही उनका ध्येय था।

अगले दिन उनके पास कोई और रोगी लाया गया। उसकी हालत भी चिंताजनक थी। जरा-सा विलंब होता, तो जान खतरे में होती। डॉक्टर ने बड़े ध्यानपूर्वक बीमारी का अध्ययन किया और उचित इलाज भी किया, लेकिन उस रोगी का देहांत हो गया। अब वह डॉक्टर क्या कहता- ह्यदेखा न, मैंने कितने अद्भुत ढंग से उन्हें ऊपर भेज दिया! या फिर यह कहता कि ईश्वर की मर्जी यही थी या इस रोगी का दुर्भाग्य यही था कि उसे मेरे पास लाने में देरी कर दी गई। अगर काम मनमाफिक पूरा हो, तो मैंने किया कहकर उसका श्रेय ले लेंगे। नतीजा उल्टा निकल जाए, तो कहेंगे, इसके लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं। सफलता मिलने पर श्रेय लेने के लिए फौरन तैयार होने वाला हमारा मन चूक होने पर इसी चक्कर में घूमता है कि असफलता की जिम्मेदारी किस पर डालें? जिंदगी के दौर में जब भी जीत मिले, आप दावा करते हैं कि इसका श्रेय मुझे मिलना चाहिए। यही न? अब मैं आपसे यही सवाल करता हूं कि आपके इच्छानुसार काम नहीं हुआ, तो उसकी भी जिम्मेदारी लेने को क्या आप बेहिचक तैयार हैं? जब आप महसूस करेंगे कि काम की असफलता के लिए आप जिम्मेदार हैं, तभी उस काम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के तरीकों में आप क्षमता अर्जित कर सकेंगे। यदि अपनी क्षमता के लिए आप जिम्मेदार हैं, तो क्षमता में कमी के लिए कौन है? आप ही न? आप इच्छा करते हैं कि कल मुझे फलां व्यक्ति की तरह होना चाहिए, मेरी जिंदगी इस रूप में बदलनी चाहिए। यदि आप मौजूदा स्थिति के लिए स्वयं को जिम्मेदार न मानेंगे, तो कल क्या बनना चाहिए, इस कल्पना को कैसे रूप दे सकते हैं? इसलिए सच-सच बोलिए। चाहे आपके जीवन का परिवेश अच्छा, बुरा, कैसा भी हो, क्या आप उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं?? यदि आपका उत्तर है, हां, मैं ही हूं तो निश्चय ही आपने सफलता के पथ पर एक जबर्दस्त कदम उठाया है।



सम्पादकीय

## पुनर्परीक्षा की तैयारी

देश में पहली बार मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए युद्ध स्तर के इंतजाम किए गए हैं। यह अब इतिहास में दर्ज हो गया है, भारतीय वायु सेना के विमानों ने कड़ी सुरक्षा के बीच नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के प्रश्न-पत्रों को 18 क्षेत्रीय केंद्रों तक पहुंचाने के लिए चार दिन में 200 से अधिक उड़ानें भरी हैं। पहली बार, एनटीए अर्थात राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने छात्रों व अभिभावकों को विश्वास में लेने के लिए मार्मिक अपील जारी की है। पहली बार, किसी परीक्षा या पुनर्परीक्षा पर इतने लोगों और देशों की निगाह है। पहली बार, एक मोबाइल एप टेलीग्राम की सेवाओं को पुनर्परीक्षा की वजह से निलंबित किया गया है। पुनर्परीक्षा में बहुत कुछ ऐसा है, जो पहली बार हो रहा है। देश में बड़ी संख्या में छात्र या युवा डॉक्टर बनने के लिए लालायित रहते हैं और इस पुनर्परीक्षा में करीब 22 लाख छात्र भाग लेंगे। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि रविवार 21 जून को देश भर के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में यह पुनर्परीक्षा बिना किसी शिकायत के संपन्न हो जाए। सरकार के स्तर पर यह तैयारी और सतर्कता स्वागतयोग्य है।

वास्तव में, भारत एक विशाल आबादी वाला देश है, जहां लाखों विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देते हैं। पूरे साल कोई न कोई बड़ी परीक्षा देश में चलती ही रहती है। परीक्षाओं की तैयारी बड़े पैमाने पर होती है, लेकिन नीट-यूजी की पिछली परीक्षा ने जिस तरह से परीक्षा-तंत्र को शर्मसार किया है, वह किसी से छिपा नहीं है। यही कारण है, परीक्षा के लिए जिम्मेदार लोग फूंक-फूंककर कदम रख रहे हैं। सतर्कता यहां तक है कि एक सोशल एप टेलीग्राम की सेवाओं को भारत में 22 जून तक के लिए रोक दिया गया है। आरोप है, पेपर लीक में टेलीग्राम का ही इस्तेमाल हुआ था। हालांकि, टेलीग्राम अपनी जिम्मेदारी मानने को तैयार नहीं है और उसने आंशिक प्रतिबंध संबंधी सरकार के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। क्या एक परीक्षा और प्रतिबंध की वजह से टेलीग्राम के 15 करोड़ उपयोक्ताओं को सचमुच परेशानी हो रही है? यह गौर करने की बात है, साइबर अपराध में टेलीग्राम का इस्तेमाल बढ़ा है। टेलीग्राम पर दो लाख सदस्यों वाला ग्रुप भी बनाया जा सकता है और उपयोक्ता अपना फोन नंबर बताए बिना भी बातचीत कर सकते हैं। आलोचकों का कहना है कि इन्हीं विशेषताओं के चलते टेलीग्राम धोखेबाजों का पसंदीदा सोशल मंच बन जाता है। यहां टेलीग्राम को ज्यादा जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए और सरकारी एजेंसियों के साथ पूरा तालमेल बिठाकर चलना चाहिए।

ख्याली पुलाव की हांडी

# प्रतिरोध की राजनीति से सत्ता की कल्पना

भारत की राजनीति में वर्ष 2027 और 2029 अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद इन दो वर्षों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि अभी संपन्न हुए चुनावों ने विपक्ष की नींद उड़ा दी है। असम और बंगाल में विपक्ष की करारी हार ने आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष की चिंता बढ़ा दी है। मोदी का लगातार उत्कर्ष और जनता की विपक्ष से हर तरह की नाउम्मीदी दो ऐसी स्थितियां हैं जो विपक्ष के सामने मुंह बाए खड़ी हैं। पश्चिम बंगाल जिसे ममता का गढ़ माना जाता था का भर भरा कर गिरना विपक्ष के लिए किसी त्रासदी से कम नहीं। यही स्थिति असम की है। इन दोनों राज्यों में विपक्ष के प्रमुख क्रमशः ममता बनर्जी और कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार गौरव गोगोई अपना चुनाव हार गए। ऐसी परिस्थितियों के बीच नए सिरे से इंडिया ब्लॉक की सभी पार्टियां जीत की संभावनाओं की तलाश में जुटी हैं। 2023 के बाद इस विपक्षी गठबंधन ने कई प्रयास किए किंतु वह कभी एक मत नहीं हो सके। हालांकि अलग-अलग हितों के संरक्षण में कुछ सफलताएं अर्जित की गईं किंतु सभी दलों में एकजुटता की कमी ने कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आने दिया। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा ने 2024 में लोकसभा चुनाव में जो सफलता अर्जित की वह विपक्ष के लिए संजीवनी थी। सपा को 37 सीटों पर मिली सफलता ने राजनीति का एक नया चेहरा प्रस्तुत किया जो पीडीए के रूप में सामने आया। पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक की तिकड़ी ने विपक्ष में 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष में जीत की संभावनाएं जगा दी थीं लेकिन पिछले दो वर्षों में विपक्ष ऐसा कोई मुद्दा नहीं बना पाया जिससे सत्ता पक्ष को कोई बड़ी हानि हो सकती हो। वहीं योगी और मोदी के शासन के चलते जनता की संतुष्टि से विपक्ष की संभावनाएं शून्य से ज्यादा कुछ नहीं लगतीं। अभी हुए चुनावों में विपक्ष की करारी हार की हताशा और आगामी विधानसभा चुनावों में सफलता की तलाश ने सभी दलों को पुनः कांस्टीट्यूशन क्लब में एकत्र कर दिया। इस बैठक में यूं तो कोई नतीजा नहीं निकला किंतु राहुल गांधी के भाषण ने सुर्खियां बटोरी हैं। इस भाषण की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि राहुल गांधी यह व्यक्त करने में नहीं चूके कि वही एकमात्र विपक्ष के नेता हैं और सभी नेताओं को उनके नेतृत्व में ही आगे बढ़ना चाहिए। राहुल जानते हैं कि अब उनके सामने विरोध का झंडा उठाने वाली ममता बनर्जी लंबे समय तक हार की हताशा से बाहर नहीं आ सकेंगी। यही कारण है कि राहुल गांधी के भाषण में थोड़ा अहंकार, थोड़ी विनम्रता और थोड़ी गांधीगिरी नजर आई। हालांकि उन्होंने जो बातें कहीं वहां उपस्थित विपक्षी नेताओं को बहुत अच्छी लगी हों ऐसा नहीं लगता। राहुल गांधी ने उपस्थित नेताओं से कहा आप सब भ्रम में हो। मैं भ्रम में नहीं हूं। उन्होंने कहा मुझे यह कहते हुए खेद है कि समूह में भ्रम की स्थिति है। भ्रम यह है कि आप, सपा, टीएमसी और आरजेडी यह मानते हैं कि आपने अब तक जिन राजनीतिक साधनों का इस्तेमाल किया वे सभी कारगर होंगे तो आप गलत हैं। ये साधन तभी कारगर थे जब भारतीय राज्य ने इन्हें संचालन के लिए समान अवसर दिए थे। अब वे अवसर मौजूद नहीं हैं। वे ऐसा कहकर विपक्षी नेताओं को कहना चाहते थे कि अब चुनाव एजेंसियां सभी को समान अवसर नहीं दे रही हैं बल्कि वे सत्ता पक्ष के पक्ष में काम कर रही हैं इसलिए पुराने तरीकों से आगे चुनाव नहीं जीते जा सकते। इसके लिए उन्होंने सलाह दी कि विपक्ष को पारंपरिक चुनावी राजनीति से हटकर एक आक्रामक जन संगठनात्मक प्रतिरोध आंदोलन की ओर बढ़ना होगा। सच्चाई तो यह है कि राहुल गांधी के मन में चुनाव जीतने का जो तरीका कौंधता है वह अराजकता का रास्ता है। उनके प्रतिरोध आंदोलन का मकसद जनता को छोटी-छोटी बातों के लिए उद्वेलित कर सड़कों पर प्रदर्शन के लिए उकसाना भर है। जिससे थोड़ा बहुत माहौल बने और विपक्ष को फायदा हो। लेकिन वर्तमान में जनता में सरकार के प्रति संतुष्टि का स्तर इतना अधिक है कि वह विपक्ष के प्रतिरोधों से आंदोलन करेगी संभव नहीं है। राहुल अपने भाषण में संविधान बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। वे कहते हैं कांग्रेस, आरएसएस और बीजेपी से कोई समझौता नहीं करेगी। राहुल गांधी पिछले कुछ वर्षों से देश के लोगों को चेतावनी देते रहे हैं। उनके मत में संविधान खतरे में है और लोकतंत्र की रक्षा करनी है। लेकिन आज तक ऐसा कोई उदाहरण नहीं दिखा जिसमें स्पष्ट हुआ हो कि भाजपा सरकार ने संविधान के विरुद्ध जाकर कोई काम किया हो। राहुल गांधी चुनाव में पार्टी की हार को लोकतंत्र खतरे में है से जोड़ते हैं। उन्हें लगता है कि विपक्ष चुनाव इसलिए हार रहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के स्थान पर मनमानी व्यवस्था है और चुनाव हाईजेक किए जा रहे हैं। वोटों की चोरी हो रही है। लेकिन यह उनका दोहरा रवैया है। वे केरल में चुनाव जीतते हैं तो व्यवस्था ठीक लगती है लेकिन असम में चुनाव हारते हैं तो सरकार ने वोटों की चोरी करके जीत हासिल की है। सच्चाई तो यह है कि जनता बहुत समझदार और जागरुक है। वह जानती है कि कौन उसके हित में काम करेगा। उन्होंने एक बार कहा था कि लोकतंत्र बचाना उनका काम नहीं है उसी तरह वे यहां भी अपने सहयोगी विपक्षी नेताओं को कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी के बारे में जो बातें कही गईं उनका जवाब देना मेरा काम नहीं है। मेरा काम तो शिवजी की तरह विषपान करना है जैसे नीलकंठ शिव ने विषपान किया। वे यह कहकर उन आरोपों को खारिज करते हैं जिन्हें उनके सहयोगी दल लगाते रहे हैं।वे उपस्थित नेताओं से गांधीवादी लहजे में कहते हैं कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आपके मन में जो भी आलोचना हो हम उसे मुस्कुराते हुए स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा हम 2024 में हारे नहीं थे हम जीते थे क्योंकि यह संदेश भाजपा के खिलाफ था। उन्होंने कहा 2029 भी हम जीते चुके हैं बस हमें एक रहकर प्रतिरोध की ताकत से भाजपा को हराना है। वे वोटों की चोरी और विपक्ष की चुनावी हार पर गणित की भाषा में बोलते हैं कि ममता जी लगभग 90 फीसदी आश्वस्त हैं कि उनका चुनाव उनसे छीना गया है, उद्धव लगभग 40 फीसदी आश्वस्त हैं तेजस्वी लगभग 40 फीसदी आश्वस्त थे कि उनका चुनाव छीना गया है। राहुल ने कैसे यह प्रतिशत निकाला शायद ही कोई समझ पाया हो। हालांकि उनका आशय केवल और केवल यही था कि सरकार वोट चोरी कर चुनाव जीत रही है। वे मीडिया में अपनी पापुलैरिटी को भी रेखांकित करते हुए कहते हैं सोशल मीडिया पर प्रभाव रातों-रात नहीं बनता।



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

## मौन रुदन

बचपन की यादों के किसी कोने में आज भी वह एक दृश्य ठहरा हुआ है- गाँव के सिवान पर लगे मेले की धूल, भपभपाती गर्मी और उस सबके बीच से गुजरती एक पुरानी, चरमराती साइकिल। उस साइकिल के पीछे कैरियर पर बंधी एक बांस की खपच्ची, जिसमें खोंसे हुए रंग-बिरंगे भोंपू, प्लास्टिक की गुड़िया, टिक-टिक करती तीतर-बटेर वाली गाड़ियां और हवा में लहराती लाल-पीली पन्नियों की फिरफिरियां। वो कोई महज खिलौने बेचने वाला नहीं था, वह सीधे अपनी पीठ पर खुशियों का पूरा का पूरा संसार लादे चला आता था। उसकी साइकिल की घंटी बजती थी, तो लगता था जैसे पूरे मोहल्ले के बच्चों के फेफड़ों में नई हवा भर गई हो। लेकिन आज जब पीछे मुड़कर देखता हूँ, तो लगता है कि हम सब बड़े क्या हुए, उस साइकिल वाले की पूरी दुनिया ही कहीं खो गई। अब न वह घंटी सुनाई देती है, न मेले की उस धूल में वह जानी-पहचानी सूरत दिखाई देती है। ऐसा लगता है कि वक्त की तेज रफ्तार ने उस गरीब के पैरों के पैडल ही छीन लिए हैं।

ऑनलाइन शॉपिंग वाले इस नए जमाने में, जहाँ बस एक टच करते ही खुशियाँ पैक होकर घर के दरवाजे पर सज जाती हैं, वहाँ उस गरीब फेरीवाले की मैली सी पोटली अब कबाड़ का ढेर लगने लगी है। वह हर सुबह उठकर अपनी साइकिल की उतरी हुई चेन चढ़ाता है, जी-तोड़ पैडल मारता है, पर कमबख्त वक्त का पहिया उससे बहुत आगे निकल चुका है। बाजार के इस चमचमाते मलबे के नीचे उसकी उम्मीदें और छोटा सा हुनर घुट-घुटकर दम तोड़ चुके हैं। लोग सच ही कहते हैं कि भूखे भजन न होय गोपाला, पर यहाँ तो पूरी ज़िंदगी ही भूख का अंतहीन भजन बन गई है। कलेजा तब फट जाता है जब सोचता हूँ कि जो शख्स दूसरों के बच्चों के होठों पर चंद रुपयों में मुस्कान बिखेरने की ज़िद में अपनी एड़ियाँ घिस देता है, उसके अपने मासूम बच्चे रात को अक्सर भूखे पेट, रोते हुए सो जाते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 20 जून 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:11
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - षष्ठी 15:47 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - मघा 09:25 उपरांत पूर्वाफाल्गुनी
योग - वज्र 12:48 सिद्धि
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 04 तारिख

**मेष-** नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृषभ-** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**मिथुन-** तत्काल लाभ नहीं होगा। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कर्क-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**सिंह-** विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कन्या-** यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**तुला-** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**वृश्चिक-** थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेंगे।

**धनु-** आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी।

**मकर-** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ-** शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मीन-** प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

समसामयिक

## हरित पुनरुद्धार की ओर बढ़ते भारत के कदम

पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ने भूमि बहाली के क्षेत्र में एक ऐसी अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है जिसने पूरी दुनिया के सामने सफलता का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। भारत ने अपने निरंतर और सुनियोजित प्रयासों से 21.76 मिलियन हेक्टेयर बंजर और खराब हो चुकी भूमि को फिर से हरा-भरा और उपजाऊ बनाने में सफलता प्राप्त की है। इस विशाल आंकड़े की गंभीरता और इसके भौगोलिक विस्तार को इस तरह समझा जा सकता है कि यह क्षेत्रफल लगभग पूरे यूनाइटेड किंगडम अर्थात ब्रिटेन के कुल भौगोलिक आकार के बराबर है। इतने बड़े पैमाने पर सूखी, ऊसर और जीवनहीन हो चुकी जमीन को पुनर्जीवित करना केवल एक प्रशासनिक सफलता नहीं है बल्कि यह प्रकृति के प्रति देश की गहरी प्रतिबद्धता और दूरगामी नीतियों का जीवंत परिणाम है। इस ऐतिहासिक कदम ने न केवल भारत की पारिस्थितिक सुरक्षा को मजबूत किया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति देश की साख को बहुत ऊंचा किया है। भूमि का इस तरह से पुनरुद्धार करना आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव रखने जैसा है जो सतत विकास के वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।



महेन्द्र तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

इस पूरी मुहिम की वैश्विक कड़ियों को जोड़कर देखना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि भारत के ये प्रयास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे बड़े अभियानों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। इसी संदर्भ में बॉन चुनौती का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आता है। बॉन चुनौती वास्तव में वनों की कटाई को रोकने और मरुस्थलीकरण के कारण बंजर हो चुकी भूमि को फिर से उपजाऊ और हरा-भरा बनाने का एक बहुत बड़ा वैश्विक संकल्प है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत वर्ष 2011 में जर्मनी की सरकार और इंटरनेशनल यूनियन फॉर उड्ढल्लरी१५३ड्ढल्ल ऑफ नेचर द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। जब इसे वैश्विक स्तर पर शुरू किया गया था तब इसका प्राथमिक लक्ष्य रखा गया था कि वर्ष 2020 तक पूरी दुनिया में 150 मिलियन हेक्टेयर खराब हो चुकी भूमि को बहाल किया जाएगा। इसके बाद इस लक्ष्य को और अधिक विस्तारित करते हुए वर्ष 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया गया। भारत ने इस वैश्विक चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया और अपनी घरेलू प्राथमिकताओं को इसके साथ इस तरह जोड़ा कि आज देश इस दिशा में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है।

भारत की इस पर्यावरणीय यात्रा में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब देश ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक विस्तार देने का निर्णय लिया। वर्ष 2019 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय के चौदहवें सत्र का आयोजन किया गया था जिसे कॉप 14 के नाम से भी जाना जाता है। इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के पर्यावरणविदों और नीति निर्माताओं की उपस्थिति में भारत ने अपने पुराने लक्ष्यों में बड़ा संशोधन किया। भारत ने वैश्विक मंच पर यह संकल्प लिया कि वह वर्ष 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर और निम्नीकृत भूमि को पूरी तरह से बहाल करेगा। वर्तमान समय में हासिल किया गया 21.76 मिलियन हेक्टेयर का यह आंकड़ा इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारत अपने लक्ष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और वह इस अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा से बहुत पहले ही प्राप्त करने की मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है।

# रात में सोते हुए रंगीन लाइटें बिगाड़ सकती है आपकी सेहत

रात में कई लोग अपने कमरे में तरह-तरह की रंगीन लाइटें जलाकर सोते हैं। इस कारण मार्केट में इन लाइटों की डिमांड काफी बढ़ गई है। अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जो कमरे में लाइट जलाकर सोते हैं तो आपकी सेहत को काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल, कुछ समय पहले हुई स्टडी के मुताबिक, रात में आर्टिफिशिअल लाइट में सोने से शरीर पर नेगेटिव असर हो सकता है। यह स्टडी शिकागो में नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने की है। उन्होंने सोते समय विभिन्न प्रकार की रोशनियों से होने वाले जोखिम पर रिसर्च की है। रिसर्च में पाया एक रात भी कृत्रिम रोशनी में सोने से ग्लूकोज का लेवल बढ़ने लगता है। मेटबॉलिज्म बिगड़ने लगता है और हृदय रोग, डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम बढ़ सकता है।

### ऐसे हुई रिसर्च

स्टडी के मुताबिक, रात की नींद के दौरान आर्टिफिशिअल लाइट की रोशनी इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ा सकती है और नर्वस सिस्टम को अधिक एक्टिव कर सकती है। वैज्ञानिकों ने रिसर्च में कृत्रिम रोशनी और मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के बीच संबंध बताया और यह साबित किया कि नींद पैटर्न से मेटाबॉलिज्म संबंधी



समस्याएं भी हो सकती हैं। इस स्टडी में 20 लोगों को शामिल किया गया था। एक कमरे में कृत्रिम रोशनी और एक कमरे में धीमी रोशनी रखी गई। दोनों कमरों में 10-10 लोगों को 1-1 दिन सुलाया गया और फिर उनका आंकलन किया गया। आंकलन करने पर पाया गया कि जो लोग रोशनी वाले कमरे में सोए थे उन लोगों के इंसुलिन प्रतिरोध में 15 प्रतिशत की कमी देखी गई थी, जबकि कम रोशनी वाले कमरे में सोने वाले लोगों के इंसुलिन प्रतिरोध में 4 प्रतिशत की कमी देखी गई थी। वहीं इंसुलिन संवेदनशीलता की बात की जाए तो तेज रोशनी वाले कमरे में सोने वाले लोगों में 16 प्रतिशत की कमी और कम रोशनी में सोने वाले लोगों की इंसुलिन संवेदनशीलता में 3 प्रतिशत बढ़त देखी गई। वहीं कमरे की तेज रोशनी और कम रोशनी के बीच ब्लड शुगर लेवल में कोई अधिक अंतर नहीं पाया गया था। लेकिन कमरे की तेज रोशनी में सोने वाले लोगों की इंसुलिन के लेवल में वृद्धि देखी गई थी।

### क्वालिटी वाली नींद पर होता है असर

इस रिसर्च के 1 हफ्ते बाद नींद की क्वालिटी के विश्लेषण से पता चला कि दोनों ग्रुपों के सोने के समय, नींद के समय में कोई अंतर नहीं था। प्रयोग के दौरान किए गए स्लीप मैक्रोस्ट्रक्चर के विश्लेषण से पता चला, कमरे की तेज रोशनी वाले लोगों की नींद की क्वालिटी, कम रोशनी वाले कमरे में सोने वाले लोगों की अपेक्षा कम थी।

### रिसर्च से क्या साबित हुआ

इस रिसर्च से निष्कर्ष निकाला कि रात की नींद के दौरान आर्टिफिशिअल लाइट नर्वस सिस्टम को एक्टिव करके कार्डियोमेटाबॉलिक काम को बदल देता है। लेकिन इससे मेलाटोनिन के लेवल पर कोई अधिक प्रभाव नहीं पड़ता। हालिया रिसर्च का असर शहरी लोगों पर अधिक पड़ता है, क्योंकि वहां पर इनडोर और आउटडोर रोशनी में काफी वृद्धि हो रही है।

धर्म-आस्था

# आषाढ़ : वर्षा, विश्वास और आत्मचिंतन का पावन पर्व

भारतीय संस्कृति में ऋतुएँ केवल मौसम परिवर्तन का संकेत नहीं होतीं, वे जीवन-दर्शन, आध्यात्मिकता और सामाजिक चेतना की वाहक भी होती हैं। ग्रीष्म की तपिश के बाद जब आकाश में घनघोर बादल उमड़ते हैं और धरती पहली वर्षा की बूंदों से तृप्त होती है, तब हिंदू पंचांग का आषाढ़ मास प्रारंभ होता है। यह केवल एक धार्मिक महीना नहीं, बल्कि प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत संगम का कालखंड है।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

वर्ष 2026 में आषाढ़ मास 30 जून से प्रारंभ होकर 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के साथ संपन्न होगा। इस पूरे मास में अनेक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व, व्रत और अनुष्ठान श्रद्धालुओं को भक्ति और साधना के मार्ग पर अग्रसर करेंगे। भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, गुप्त नवरात्रि, देवशयनी एकादशी और चातुर्मास का आरंभ इस महीने को विशेष महत्व प्रदान करते हैं।

भारतीय परंपरा में आषाढ़ को आत्मचिंतन और साधना का महीना माना गया है। वर्षा ऋतु का आगमन प्रकृति को नया जीवन देता है। खेतों में हरियाली की शुरूआत होती है, नदियाँ और जलाशय भरने लगते हैं तथा वातावरण में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। ऋषि-मुनियों ने इसी कारण इस काल को तप, ध्यान और आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वश्रेष्ठ माना।

आषाढ़ मास का सबसे बड़ा संदेश है–बाहरी भागदौड़ से कुछ समय निकालकर अपने भीतर झांकना। आधुनिक जीवन की व्यस्तताओं में मनुष्य स्वयं से दूर होता जा रहा है। ऐसे समय में यह महीना हमें आत्ममंथन, संयम और जीवन मूल्यों की पुनर्स्मृति का अवसर देता है।

इस वर्ष 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलेगी। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का भी अनूठा उत्सव है। वहीं 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी मनाई जाएगी, जिसके साथ भगवान विष्णु के योगनिद्रा में जाने और चातुर्मास के आरंभ की मान्यता जुड़ी है। चातुर्मास भारतीय संस्कृति में संयम, साधना और धार्मिक अनुशासन का विशेष काल माना गया है।

आषाढ़ मास का समापन गुरु पूर्णिमा के साथ होता है। भारतीय परंपरा में गुरु को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाला मार्गदर्शक माना गया है। यह दिन केवल आध्यात्मिक गुरुओं के सम्मान का नहीं, बल्कि उन सभी शिक्षकों, मार्गदर्शकों और प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है जिन्होंने हमारे जीवन को दिशा दी।

धार्मिक दृष्टि से यह महीना भगवान विष्णु की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ, दीपदान, सूयोर्पासना और दान-पुण्य के कार्यों का विशेष महत्व बताया गया है। किंतु इन धार्मिक कर्मकांडों का वास्तविक उद्देश्य केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि मनुष्य में सेवा, करुणा और संवेदनशीलता का विकास करना है।

आषाढ़ मास हमें जल संरक्षण का संदेश भी देता है। वर्षा ऋतु के आरंभ के साथ यह समय जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। भारतीय संस्कृति में जल को जीवन का आधार माना गया है। आज जब देश के अनेक हिस्से जल संकट का सामना कर रहे हैं, तब आषाढ़ का यह संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

दान-पुण्य की परंपरा भी इस महीने की विशेष पहचान है। जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और जल उपलब्ध कराना, पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना तथा समाज सेवा के कार्यों में सहभागिता करना भारतीय जीवन दर्शन का अभिन्न हिस्सा रहा है। यही वह भावना है जो धर्म को केवल पूजा तक सीमित नहीं रहने देती, बल्कि उसे मानव सेवा से जोड़ती है।

आषाढ़ का महीना हमें सिखाता है कि जीवन की वास्तविक समृद्धि केवल भौतिक उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक शांति, सामाजिक सद्भाव और प्रकृति के साथ संतुलित संबंध में निहित है। जब बादलों की पहली गर्जना सुनाई दे और वर्षा की बूंदें धरती को स्पर्श करें, तब हमें याद रखना चाहिए कि यह केवल मौसम का परिवर्तन नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण का भी निमंत्रण है।

आषाढ़ इसलिए विशेष है क्योंकि यह हमें प्रकृति, संस्कृति और अध्यात्म–तीनों से एक साथ जोड़ता है। यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति और सनातन परंपरा की सबसे सुंदर विरासत है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,000 रवा- 1,49,700 चांदी- टंच- 2,48,500 पाट- 2,47,500।


## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।


## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार का पुतला जलाया

## शिवसेना युवा सेना स्थापना दिवस पर छावनी नाका चौराहे पर किया प्रदर्शन

**आगर-मालवा।** आगर में शिवसेना युवा सेना ने शुक्रवार को अपने स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 12 बजे छावनी नाका चौराहे पर युवा सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रतीकात्मक रूप से एक 'भ्रष्टाचार अधिकारी' का पुतला दहन किया। शिवसेना के राज्य महासचिव सुनील वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि जिले के विभिन्न शासकीय विभागों में भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आम लोगों को अपने कार्यों के लिए परेशान होना पड़ता है, जिससे जनता में असंतोष बढ़ रहा है। वर्मा ने यह भी कहा कि शिवसेना लंबे समय से भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाती रही है। सुनील वर्मा ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाने और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संबंधित विभागों में सुधार नहीं हुआ, तो संगठन आगामी दिनों में अपने आंदोलन को और व्यापक रूप देगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारे लगाए और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। इस कार्यक्रम में शिवसेना युवा सेना के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। संगठन ने अपने स्थापना दिवस पर इस प्रदर्शन के माध्यम से भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता बढ़ाने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संदेश दिया।

## टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग, प्रधानमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**आगर मालवा।** आगर-मालवा में शिक्षकों ने टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर गुरुवार शाम प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के बैनर तले जिला मुख्यालय पर दिया गया। ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर प्रेम नारायण परमार को सौंपा गया, जो प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रदेश के शिक्षा मंत्री को संबोधित था। इसमें 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त करने की मांग की गई है। शिक्षकों ने अपनी सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति और अन्य सेवा लाभों के पूर्ण संरक्षण की भी मांग की।इससे पहले, जिला अध्यक्ष बृजमोहन चौहान ने कंपनी गार्डन में आयोजित एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने ज्ञापन के उद्देश्य और संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री गोपाल गिरि गोस्वामी, जिला सचिव सुमेर सिंह राठौड़, जिला कोषाध्यक्ष महावीर जैन, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा, जिला महिला प्रमुख लीला जिंदल, जिला उपाध्यक्ष तिलोत्तमा राव सहित अन्य पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अरुण सोलंकी और अशोक नागर ने दी।

## मिश्रा ने संभाला शुजालपुर नगर पालिका सीएमओं का पदभार, बताई प्राथमिकताएँ

**शुजालपुर।** नगर पालिका परिषद शुजालपुर को नए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ के रूप में ओम त्रयंबकेश्वर



मिश्रा का नेतृत्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। पदभार संभालने के बाद मिश्रा ने नगर पालिका के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, विकास कार्यों एवं नगर की प्रमुख समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ प्रारंभिक चर्चा करते हुए कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों से समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बरखेडी जागीर तह. घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 81/1 रकबा 1.4400 हेक्टेयर जिसके वर्तमान स्वामी नानूराम पिता बलवंत, कलाबाई पति रतनलाल, कृष्णाबाई पुत्री रतनलाल है, एवं भूमि सर्वे क्रमांक 81/2/1 रकबा 0.1500 हेक्टेयर जिसके वर्तमान स्वामी पदमाबाई पति गणपत है एवं भूमि सर्वे क्रमांक 81/2/2 रकबा 0.4500 हेक्टेयर जिसके वर्तमान स्वामी कैलाशबाई पिता गणपत है। उक्त भूमियाँ उपरोक्त वर्णित भूमि स्वामीयों के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज चली आ रही है तथा उक्त संपत्तियों के वर्तमान स्वामीयों ने उक्त संपत्तियों को विक्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार से किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गई है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जाना शेष है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त कृषि भूमियों में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त कृषि भूमियों पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त कृषि भूमियों के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैधानिकता के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमियों के विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**गर्वित सिंह एडवोकेट**
**पता ए- 221 सेकेण्ड, फ्लोर, डिवाईन वैली, देवास रोड, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9685166155**


मुख्य सचिव ने जनकल्याण शिविर में ग्रामीणों से किया संवाद

# 90%से अधिक अंक वाले 150 विद्यार्थियों के लिए नीट-जेईई स्पॉन्सरशिप योजना शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



जिले की जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत खटाम्बा में गुरुवार को आयोजित जनकल्याण शिविर में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रतिक्रिया ली और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

इस शिविर के दौरान देवास जिले के पर्यटन स्थलों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया। इसके अतिरिक्त, आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 'जिला मेधावी छात्र नीट-जेईई स्पॉन्सरशिप स्कीम' का भी शुभारंभ किया गया।

इस योजना के अंतर्गत, शासकीय विद्यालयों के उन विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई, जिन्होंने कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। जिले से लगभग 150 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा डिजिटल माध्यम से नीट और जेईई की तैयारी कराई जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन में फिजिक्स वाला फाउंडेशन का सहयोग लिया जा रहा है।

जनकल्याण शिविर में सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, आयुष्मान योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित कई सरकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया, जिसमें नागरिकों की जांच की गई।

### विभागों ने जानकारी देने लगाए स्टॉल्स

इस अवसर पर संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए थे, जहां नागरिकों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किए गए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया और शासकीय योजनाओं का लाभ उठाया।

# कोद में जमीनी विवाद में लाठी-डंडे चले, 7 पर केस दर्ज, 5 गिरफ्तार

■ बंधक बनाए लोगों को छुड़ाया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



बदनावर में कानवन थाना क्षेत्र के ग्राम कोद में जमीन और पैसों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट करने और जबरन वाहन में बैठाकर ले जाने के आरोप लगाए हैं। मामले में पुलिस ने अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम कोद निवासी चेनसिंह चौहान ने शिकायत दर्ज कराई कि अनिल पाटीदार, शम्भु पाटीदार, कैलाश पाटीदार, राजेश, राधेश्याम पाटीदार, जगदीश वसुनिया और एक अन्य व्यक्ति ने जमीन के लेन-देन से जुड़े पैसों को लेकर उनके साथ मारपीट की। शिकायत में उन्हें उनकी इच्छा के विरुद्ध बोलेरो वाहन में बैठाकर ले जाने का आरोप भी लगाया गया है। इस मामले में थाना कानवन में अपराध क्रमांक 218/2026 दर्ज किया गया है।

### दूसरे पक्ष ने भी लगाए आरोप

दूसरी ओर, अनिल पाटीदार ने भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि जीवन डाबी, महेंद्रसिंह, घनश्याम, राहुल, ईश्वर, दशरथ, प्रद्युम्न चारण, चेनसिंह, चंचलाबाई, कांताबाई सहित अन्य लोगों ने उनके रिश्तेदार राधेश्याम पाटीदार और जगदीश वसुनिया के साथ मारपीट की। शिकायत में दोनों को अल्टो कार में बैठाकर ले जाने का आरोप भी लगाया गया है। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### पुलिस ने तीन लोगों को कराया मुक्त

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों की ओर से बंधक बनाए गए बताए जा रहे चेनसिंह चौहान, राधेश्याम पाटीदार और जगदीश वसुनिया को सुरक्षित मुक्त कराया। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग लाठी-डंडों से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वीडियो की पुष्टि पुलिस जांच का विषय है।

### पांच आरोपी पुलिस अभिरक्षा में

थाना प्रभारी रविंद्र कुमार बारिया ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अनिल पाटीदार, जगदीश वसुनिया, राधेश्याम पाटीदार, दशरथ और घनश्याम को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, अभिरक्षा में लिए गए आरोपियों में दशरथ के खिलाफ पहले से भी एक आपराधिक मामला दर्ज है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

सीहोर में जमीन विवाद पर हिंसक झड़प

## ट्रैक्टर से जुताई को लेकर विवाद बढ़ा, महिलाओं सहित सात गंभीर

**सीहोर।** जिले के रेहटी थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गुरुवार को हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे और धारदार हथियार चलने से महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम बरखेड़ा निवासी रवीना यदुवंशी ने रेहटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष राजस्व विभाग द्वारा कराई गई नपती में करीब 2.5 एकड़ भूमि उनके पक्ष में निकली थी। इस भूमि का कब्जा 30 अप्रैल 2026 को राजस्व विभाग द्वारा उन्हें सौंपा गया था। तभी से इस जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। फरियादिया रवीना के अनुसार, गुरुवार को वह अपने परिजनों के साथ खेत पर काम कर रही थीं। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग ट्रैक्टर लेकर विवादित भूमि पर जुताई करने लगे। जब रवीना और उनके परिजनों ने इसका विरोध किया, तो दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई।

### कई लोगों के सिर, हाथ, पीठ में गंभीर चोटें

रवीना की रिपोर्ट में आरोप है कि मनोहर सिंह, रामकृष्ण, संतोष, दुर्गेश, शर्मीला और अन्य लोगों ने कुल्हाड़ी, दातरा और डंडों से हमला किया। इस हमले में भीम सिंह, अर्जुन सिंह, अभिषेक, कामराज, गोविंद, भोलाराम, धनराज और हेमराज घायल हो गए। बीच-बचाव करने पहुंची रवीना को भी चोटें आईं। घटना में कई लोगों के सिर, हाथ, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को पहले शासकीय अस्पताल रेहटी ले जाया गया। वहां से हालत गंभीर होने पर भीम सिंह, अर्जुन सिंह, अभिषेक, कामराज, गोविंद, भोलाराम और धनराज को जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर कर दिया गया।



## वनकर्मियों पर हमले के आरोपियों पर रासुका लगाने की मांग

**देवास।** वनकर्मियों पर हुए हमले के आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। मध्य प्रदेश वन कर्मचारी संघ की जिला शाखा ने गुरुवार को इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। संघ ने हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी और घायल वनकर्मियों के उपचार का खर्च शासन द्वारा वहन करने की भी मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि यह घटना 13 जून को वन परिक्षेत्र जिनवानी की बीट कमलापुर में हुई थी। वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने पहुंचे वन अमले पर समीपस्थ ग्राम भील आमला और अन्य गांवों के अतिक्रमणकारियों ने घेराबंदी कर हमला कर दिया था। इस हमले में कई वनकर्मी घायल हो गए थे। वन कर्मचारी संघ ने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और उन पर रासुका लगाई जाए। इसके अतिरिक्त, घायल कर्मचारियों के समुचित उपचार और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की गई है। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष सत्यनारायण निनामा के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व प्रांताध्यक्ष निर्मल कुमार तिवारी, पेंशनर संघ अध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी, संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राजपूत, प्रांतीय महामंत्री हेमराज गोखल, शिवप्रतापसिंह, दिनेश बनेउिया, राजेन्द्रसिंह ठाकुर, राजेन्द्रसिंह चूण्डावत, प्रेम भिलाला, चंदन मंडलोई, संतोष मंडलोई, दिनेश मोदी सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर छबील सेवा लोगों को बांटा शीतल पेय



शुजालपुर। सिख धर्म के पांचवें गुरु एवं महान संत शहीद गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर गुरुवार को शहर में श्रद्धा, सेवा और मानव कल्याण की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सिख समाज ने छबील सेवा लगाकर राहगीरों और आमजन को शीतल पेय वितरित किया। पंजाबी मोहल्ला स्थित गुरुद्वारा साहिब में सुबह कीर्तन, गुरुबाणी पाठ एवं अरदास का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। धार्मिक कार्यक्रमों के पश्चात गुरुद्वारा परिसर में लंगर का आयोजन भी किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं को ठंडा एवं मीठा शीतल पेय वितरित किया गया। मंडी क्षेत्र तथा बस स्टैंड परिसर में सार्वजनिक छबील सेवा शुरू हुई। सेवा कार्य में राजपाल परिवार, जुनेजा परिवार सहित सिख समाज के अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। दोपहर तक चली इस सेवा के दौरान यात्रियों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों सहित हजारों लोगों ने शीतल पेय ग्रहण किया। सिख समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु अर्जन देव ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए भीषण यातनाएं सहते हुए शहादत दी थी। उनकी स्मृति में शहीदी दिवस पर छबील सेवा लगाने की परंपरा है। यह सेवा निस्वार्थ भाव, परोपकार, समानता और मानव सेवा का संदेश देती है। समाजजनों ने कहा कि गुरु परंपरा का मूल उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता और मानवता की सेवा है, जिसे छबील सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है।

बदनावर पुलिस ने चोरी का सामान भी जब्त किया

# खेतों से चोरी हुई 3 कृषि मोटर बरामद, चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

पुलिस ने कृषि मोटर चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई तीन कृषि मोटरें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, फरियादी कोदर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके खेत और आसपास के दो अन्य खेतों से अज्ञात बदमाशों ने कृषि मोटरें चोरी कर ली थीं। इस शिकायत के आधार पर बदनावर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना और लगातार की गई पड़ताल के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। जांच के दौरान, पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने खेतों से मोटर चोरी करना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी की गई तीनों कृषि मोटरें बरामद कर जब्त की गईं।

### आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय पिता



कैलाश डामर (26), राहुल पिता रामा मेडा (25), रोहित पिता पप्पू गिरवाल (28) (सभी निवासी छायन) और अमजद पिता हलीमुद्दीन (30) निवासी बड़नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है और मामले की आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाह, उप निरीक्षक हिना जोशी का सहयोग रहा।

इछावर में छत से घर में घुसे चोर

## 11 लाख के जेवर और नकदी लेकर फरार संदेह-बदमाशों ने पहले रैकी की

**सीहोर।** सीहोर के इछावर नगर में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात हो गई। खेड़ीपुरा स्थित राजेश श्रीवास्तव के घर से चोर गुरुवार देर रात करीब 11 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम दिया। सुबह घटना की जानकारी मिली। जिस तरह से चोरी को अंजाम दिया गया है, उससे यह आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों को घर और परिवार की गतिविधियों की पहले से जानकारी थी। स्थानीय लोगों के बीच इस वारदात में किसी परिचित की संलिप्तता की भी चर्चा है, हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम मंडावर में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण एक युवक घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके पर अपना वाहन छोड़कर फ रार हो गया। पुलिस ने फ रियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम मंडावर निवासी गोविंद राजपूत गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने अंकल चंदरसिंह राजपूत के घर के समीप बाइक खड़ी कर खड़े थे। इसी दौरान मंडावर रोड की ओर से आ रही एक बाइक ने तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गोविंद राजपूत बाइक सहित सड़क पर गिर गए।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेश पिता बगदीराम जी जाति धोबी निवासी ग्राम रावदिया पीर तह. बडनगर जिला उज्जैन के होकर मेरे पक्षकार के पिता बगदीराम पिता भागीरथं जी धोबी के नाम से रावदियां पीर मे स्थित भुमि सर्वे न. 13/2 रकबा 0.40 हे. भुमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है उक्त भुमि पेतृक होकर मेरे पक्षकार का कब्जा होकर कई वर्षों से कृषि लाभ प्राप्त कर रहे है मेरे पक्षकार के पिता बगदीराम पिता भागीरथ जी जाति धोबी निवासी ग्राम रावदिया पीर जिनका मानंसिक सतुंलन ठीक नही है शराब पीते है कोई व्यक्ति बगदीराम जी भुमि क्रय करने सबंधि व्यवहार ना करे किसी प्रकार का लेन देन ना करे भुमि सर्वे न. 13/2 रकबा 0.40 हे. सब की जानकारी से मेरे पक्षकार के स्वामित्व आधिपत्य की है इस जाहिर सुचना के बावजुद किसी ने खरदी ब्रिकी ऋण भार किया तो वह मेरे पक्षकार के मुकाबले अवैध व शुन्य होगा। सुचित हो
दिनांकः- 19/06/2026

**शिवराजसिंह पण्ड्या, एडव्होकेट**
**14 दिनदयाल रोड कोर्ट चौराह बडनगर मो. 9926701741**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर उज्जैन मोहल्ला कार्तिक चौक, महादजी मार्ग, गली क्रमांक 4, उज्जैन स्थित मकान जिसका पुराना नगर पालिक निगम क्रमांक 614 रहा है, जिसका नवीन नगर पालिक निगम क्रमांक 1, महादजी मार्ग, गली क्रमांक 4, ढाबा रोड, उज्जैन है। इस मकान को श्री चतुर्भुजजी पिता गोविंदजी पांचाल के द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय विलेख तारीखी 30/03/1916 के द्वारा क्रय किया गया था। श्री चतुर्भुजजी की मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी श्री गोपालजी पांचल इस मकान के स्वामी हुए है, तथा श्री गोपालजी पांचाल की मृत्यु के बाद इस मकान के स्वामी उनके पुत्र श्री गजानंदजी पांचाल हुए है। श्री गजानंदजी का स्वर्गवास दिनांक 01/02/2014 को हो गया है। श्री गजानंदजी के स्वर्गवास के बाद उनके उत्तराधिकारीयों में 1. प्रवीण पांचाल, 2. पंकज पांचाल पुत्रगण स्वर्गीय श्री गजानंदजी पांचाल उक्त मकान के स्वामी व अधिपति हुए है। इस मकान को प्रवीण पांचाल व श्री पंकज पांचाल के द्वारा अनिलकुमार पिता बद्रीलालजी भावसार को विक्रय के लिए अनुबंधित किया गया है। स्व. श्री गजानंदजी पांचाल के अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान में हित रखता हो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान क्रमांक 1, महादजी मार्ग, गली नंबर 4, उज्जैन क्षेत्रफल 557.41 वर्गमीटर को बंधक कर अनिलकुमार पिता बद्रीलालजी भावसार को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक-19/06/2026 ई., स्थान - उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन 2554829, 94253-80339**



In The Court Of Civil Judge, Senior Division, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**सुश्री चेतना दशोरा**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000001/2026)
**कुलदीपसिंह---- आवेदक**
**Vs**
**प्रितमसिंह------ अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 28/07/2026**

**प्रेषिती**
(1) गुडीकुंवर पति स्व. सुमेरसिंह पंवार पता- निवासी बरखेड़ा खुर्द तहसील महिदपुर जिला उज्जैन
(2) प्रितमसिंह पिता स्व. सुमेरसिंह पंवार पता- ग्राम बरखेड़ा खुर्द तहसील महिदपुर जिला उज्जैन
(3) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक पता- राजेन्द्र मार्ग महिदपुर जिला उज्जैन
(4) सर्व साधारण पता- महिदपुर जिला उज्जैन
(5) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीपसिंह पता ने मृतक.. सुमेर सिंह पिता सज्जन सिंह... निवासी.... बरखेडा खुद तहसील महिदपुर जिला उज्जैन.. की......135000/-..... .. राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 जुलाई 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 जुलाई 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 18 जून 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(सुश्री चेतना दशोरा)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**महिदपुर, जिला-उज्जैन (म.प्र)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## साइबर ठगी के पैसे का सोने में इन्वेस्टमेंट

**नर्मदापुरम/उज्जैन।** जल्दी अमीर बनने की चाहत में नर्मदापुरम के तीन युवकों ने नए तरीके से साइबर ठगी को अंजाम दिया। तीनों युवक दिल्ली के बड़े साइबर ठगों के इशारे पर उज्जैन आए। फर्जी आधार कार्ड और फर्जी आईडी का इस्तेमाल कर करीब चार लाख रुपए का सोना खरीदा। पेमेंट साइबर ठगी के पैसों से क्यूआर कोड के जरिए किया गया। मकसद ये था कि सोना दोबारा बेचकर ठगी की रकम कैश करा ली जाए। क्योंकि भुगतान का पैसा साइबर ठगी का था, इसीलिए संबंधित शोरूम का बैंक खाता होल्ड हो गया। मामला माधवनगर पुलिस के पास पहुंचा, जिसने तकनीकी नेटवर्क और सीसीटीवी फुटेज की मदद से महाकाल क्षेत्र के एक होटल से तीनों आरोपी- अनिमेष वर्मा, कशिश बढ़ानी और राहुल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। माधवनगर टीआई गजेंद्र पचौरिया ने बताया- 6 जून की रात करीब 9 बजे फ्रीगंज में डीपीके ज्वेलर्स के संचालक घबराए हुए थाने आए। उन्होंने बताया कि दोपहर में एक युवक 92 हजार के गोल्ड क्वाइन खरीदकर गया था, जिसके बाद रात में हमारा बैंक खाता होल्ड हो गया।

## जिला अस्पताल में घुसा अजगर का बच्चा

**सतना।** सतना जिला अस्पताल के लेबर रूम में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अजगर का बच्चा घुसने से हड़कंप मच गया। प्रसूताओं के सामान्य प्रसव स्थल पर सांप दिखने से नर्सिंग स्टाफ, मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी फैल गई। हालांकि, उसे समय रहते सुरक्षित पकड़कर बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, यह घटना रात करीब 1 बजे हुई। लेबर रूम में मौजूद एक परिजन ने लेबर टेबलों के बीच एक जीव को रेंगते हुए देखा। पास जाकर देखने पर वह अजगर का बच्चा निकला। इसकी सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों ने तुरंत सतर्कता बरतते हुए मरीजों और उनके परिजनों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना की जानकारी तत्काल सफाई सुपरवाइजर को दी गई। इसके बाद पहुंचे सफाई कर्मचारी ने काफी मशक्कत के बाद अजगर के बच्चे को पकड़ा और उसे अस्पताल परिसर से बाहर निकाला। इस घटना का एक वीडियो भी गुरुवार देर रात सामने आया है।

## एमपीपीएससी मेंस परीक्षा 2025 का शेड्यूल जारी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा-2025 की प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। आयोग ने हाईकोर्ट के 18 जून 2026 के आदेश के बाद परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया है। मुख्य परीक्षा 17 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक प्रदेश के 12 शहरों में आयोजित की जाएगी। एमपीपीएससी के अनुसार, राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में करीब 4 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा कुल 158 पदों के लिए आयोजित की जा रही है। आयोग ने हाईकोर्ट से रोक हटने के बाद तत्काल नया टाइम टेबल जारी किया है। हाईकोर्ट ने परीक्षा परिणाम बंद लिफाफे में कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। पहले चार पेपर सामान्य अध्ययन (जनरल स्टडीज) के होंगे, जबकि पांचवां और छठा पेपर हिंदी और निबंध लेखन से संबंधित रहेगा। पहले चार प्रश्नपत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। वहीं अंतिम दो पेपर दोपहर में होंगे, जिनका समय क्रमश: 12 बजे और 12.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## पीएम मोदी ने 15 लाख युवाओं को 2400 करोड़ दिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 15 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को ?2400 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए खातों में भेजी गई। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए इस इवेंट में प्रधानमंत्री ने युवाओं और उन्हें नौकरियां देने वाले उद्यमियों से संवाद भी किया। पीएम बोले कि यह योजना पहली बार नौकरी खोजने वाले युवाओं और इंडस्ट्री के बीच एक पुल का काम करती है। इसके जरिए हम भविष्य के लिए एक मजबूत वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं। इंटेंसिव ट्रांसफर करने का कार्यक्रम देशभर के 200 औद्योगिक क्लस्टर में हुआ। सरकार ने कुल 99,446 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इसके तहत 2 साल में 3.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखा है।

## कांग्रेस ने शिवसेना को मिटाने की कोशिश नहीं की

**मुंबई।** मुंबई में शिवसेना चीफ उद्धव ने कहा कि कांग्रेस के साथ हमारे पॉलिटिकल मतभेद रहे हैं, लेकिन उसने कभी शिवसेना को खत्म करने की कोशिश नहीं की, जैसा कर रही है। देश एक पार्टी, कोई चुनाव नहीं की तरफ बढ़ रहा है। यह डेमोक्रेसी के लिए खतरा है। उद्धव ने पार्टी के 6 की बगावत को लेकर कहा कि शिवसैनिक निराश नहीं हैं, बल्कि जोश में हैं। आज शिवसेना का 60वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट मुंबई में अलग-अलग रैली की। उद्धव गुट का कार्यक्रम सायन के षणमुखानंद हॉल में जबकि शिंदे गुट का गोरेगांव के नेस्को सेंटर में आयोजित हुआ। यह स्थापना दिवस ऐसे समय हो रहा है, जब शिवसेना के 9 में से 6 सांसदों ने बगावत कर दी है। गुरुवार को इन सांसदों ने पार्टी की संसदीय दल की बैठक का बहिष्कार किया।

## कुलगुरू का इस्तीफा, गर्वनर ने मंजूर किया

**भोपाल।** भोपाल के (बरकतउल्ला विश्वविद्यालय) के कुलगुरु प्रो. एसके जैन ने इस्तीफा दे दिया है। जिसे शुक्रवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंजूर कर दिया। प्रो. विवेक शर्मा को कुलगुरु का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्राम पंचायत किरोंदा में बन रही लाखों की सड़क



**अशोकनगर।** जिले की ग्राम पंचायत किरोंदा में लाखों रुपये की लागत से ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव निर्माण एजेंसी द्वारा कुशवाह मोहल्ला से अनुसूचित जाति बस्ती में निर्मित की जा रही सीसी सडक निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सडक निर्माण में गुणवत्ता मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है तथा सरपंच और सचिव की मिलीभगत से शासन की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

दरअसल ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। सडक में घटिया गुणवत्ता की गिट्टी और सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरपंच-सचिव की मिलीभगत और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते सडक में भ्रष्टाचार हो रहा है। अगर वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा मॉनिटरिंग और मूल्यांकन कर्ता समय-समय पर कार्य का अवलोकन करें तो विकास कार्यों में मजबूती आ सकती है। यदि समय रहते जांच नहीं कराई गई तो सडक कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण स्थल पर न तो कोई सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही कार्य की स्वीकृत राशि, लंबाई एवं गुणवत्ता संबंधी जानकारी सार्वजनिक की गई है। इससे निर्माण कार्य की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। फिलहाल ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता अशोक कुमार अहिरवार निवासी ग्राम करोंदा तहसील शाढ़ौरा जिला अशोकनगर का कहना है कि सरकारी धन जनता की सुविधा के लिए होता है, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण विकास कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से शिकायत कर निर्माण कार्य की जांच कराने कलेक्टर से गुहार लगाई है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई होना आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

## विभागीय समन्वय से करें प्रभावी कार्रवाई कलेक्टर

**गुना।** जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम, तस्करी पर अंकुश और नशे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नशे के अवैध कारोबार से जुड़े तत्वों पर सतत निगरानी रखी जाए तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध विक्रय की रोकथाम के लिए खुफिया तंत्र को सक्रिय रखा जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा नशे के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने पीपीटी के प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में नशे के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनडीपीएस एक्ट के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना कोतवाली में एक, कैंट में दो, राधौगढ़ में एक, चांचौड़ा में तीन, जामनेर में एक, बमोरी में तीन, फतेहगढ़ में दो, आरोन में एक, म्याना में एक, मधुसूदनगढ़ में दो, धरनावदा में दो तथा मृगवास में आठ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## बालक-बालिका वर्ग की भारतीय टीम में शामिल गुना के होनहार खिलाडियों ने बढ़ाया देश का मान

**गुना।** जिले के आम परिवारों के होनहार खिलाडियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अटूट संकल्प और खेल के प्रति बेपनाह जुनून की बदौलत अंतर्राष्ट्रीय खेल पटल पर देश का मस्तक ऊंचा कर दिया है। दरअसल गुना के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अमन मांझी और निकुंज पाराशर ने बालक-बालिका वर्ग की दोनों ही भारतीय टीमों ने साउथ एशियन थ्रोबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे क्षेत्र को एक ऐसा गौरवशाली क्षण दिया है, जिसने हर जिलेवासी की आंखें खुशी से नम और छाती गर्व से चौड़ी कर दी हैं। दोनों जांबाज खिलाडियों की इस स्वर्णिम सफलता से समूचे अंचल में उत्सव और अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। गौरतलब है कि झारखंड के रांची में 17 से 18 जून तक आयोजित इस कड़े अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जब भारतीय टीम मैदान पर उतरी, तो खिलाडियों के हौसले देखने लायक थे। हमारे देश के खिलाडियों ने दमदार खेल और अद्भुत तालमेल का प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका जैसी शक्तिशाली टीमों को एक-एक कर धूल चटा दी और शान से देश को शीर्ष स्थान दिलाया। भारत मां के इस गौरवमयी सफर और खिताबी जीत में गुना की माटी के लाल बालक वर्ग में अमन मांझी और बालिका वर्ग में निकुंज पाराशर ने अपने खेल का वो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसने विरोधियों को पस्त कर दिया। मैदान पर उनके द्वारा पसीना बहाकर बनाई गई हर रणनीति भारत की जीत की अहम कड़ी बनी।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने 1- विक्रमसिंह पिता पदमसिंह 2- राजूबाई पिता विक्रमसिंह 3- जयकुंवर पिता विक्रमसिंह 4- कृष्णाकुंवर पिता विक्रमसिंह 5- रेखाबाई पिता विक्रमसिंह कर्षकगण ग्राम बड़ोदिया भाण्ड तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 155 रकबा 0.46 हेक्टेयर तथा सर्वे क्रमांक 159 रकबा 0.13 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.59 हेक्टेयर स्थित ग्राम बड़ोदिया भाण्ड तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालवा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, व्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 5 (पांच) दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

इति दिनांक: 20/06/2026

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

### जाहिर सूचना-पत्र का खण्डन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 17.06.2026 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक अवंतिका में अभिभाषक श्री विवेक सिंह, एडवोकेट उज्जैन द्वारा मेरी पक्षकारा श्रीमती विजयकांता बैस पति श्री उदयसिंह बैस, निवासी पंवासा, मक्सी रोड़ उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 425/2, रकबा 0.21 हेक्टेयर एवं सर्वे नंबर 425/3, रकबा 0.631 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.841 हेक्टेयर स्थित ग्राम नीमनवासा प.ह.नं. 41 तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. को श्री चेतन केवलानी पिता श्री मेघराजमल केवलानी निवासी 130, संतराम सिंधी कॉलोनी उज्जैन द्वारा क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र संपादित किये जाने के संबंध में पूर्णरूप से असत्य एवं मिथ्या जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया है जिसका खण्डन इस प्रकार है कि, श्री चेतन केवलानी द्वारा मेरी पक्षकारा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमि को क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 15.05.2024 को संपादित किया था। उक्त अनुबंध पत्र की समयावधि मार्च 2025 तय की गयी थी। उक्त समयावधि में श्री चेतन केवलानी को विक्रय मूल्य की शेष का भुगतान मेरी पक्षकारा को कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने हित में करवाना था परन्तु अनुबंध की तय समय सीमा में श्री चेतन केवलानी के पास रूपयो की उपलब्धता नहीं होने के कारण विक्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान मेरी पक्षकारा को नहीं किया गया एवं कई अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी श्री चेतन केवलानी द्वारा शेष राशि का भुगतान मेरी पक्षकारा को नहीं किया गया। मेरी पक्षकारा द्वारा दिनांक 16.03.2026 को श्री चेतन कंवलानी को एक सूचना पत्र प्रेषित कर विक्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान मेरी पक्षकारा को कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने हित में करवाने हेतु 15 दिवस का एक अंतिम अवसर प्रदान किया गया था। उक्त सूचना पत्र श्री चेतन केवलानी को प्राप्त होने पर भी उनके द्वारा ना ही सूचना पत्र का कोई जवाब दिया गया और ना ही विक्रय मूल्य की शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाने का प्रयास किया गया। उक्त अंतिम समयावधि समाप्त होने के पश्चात मेरी पक्षकारा द्वारा दिनांक 23.05.2026 को अंतिम निरस्तीकरण सूचना पत्र श्री चेतन केवलानी को प्रषित किया जो उन्हें प्राप्त हो चुका है। मेरी पक्षकारा द्वारा उक्त सूचना पत्र के माध्यम से श्री चेतन केवलानी द्वारा विक्रय मूल्य की शेष राशि अदा नहीं किये जाने के कारण दिनांक 15.05.2024 का विक्रय अनुबंध पत्र निरस्त किया जा चुका है, उक्त विक्रय अनुबंध पत्र निरस्त होने के बाद भी श्री चेतन केवलानी द्वारा असत्य जाहिर सूचना का प्रकाशन दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में करवाया गया है। मेरी पक्षकारा द्वारा श्री चेतन केवलानी के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है एवं मेरी पक्षकारा उक्त कृषि भूमि को अन्य व्यक्ति के पक्ष में हस्तातरण करने हेतु स्वतंत्र है। इति दिनांक 23.05.2026

**विश्वजीतसिंह, चौहान एडव्होकेट,**
**कार्यालय-द्वितीय मंजिल, विडियोमेन बिल्डिंग, गुरूद्वारे के पीछे,**
**फ्रीगंज, उज्जैन मो. 7869333334**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेश आंजना पिता श्री मानसिंह आंजना, निवासी-ग्राम जगोटी, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन ने श्रीमती मुरकुलीबाई पति श्री बालूसिंह तथा श्रीमती नीलमकुंवर पति श्री सुमेरसिंह, निवासींगण-ग्राम माऊखेड़ी, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन से उनके संयुक्त भूमिस्वामी स्वत्व एवम् आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 680/1 रकबा 0.40 हेक्टर, सर्वे नं. 689/1/1 रकबा 0.35 हेक्टर तथा सर्वे नं. 720/1 रकबा 0.65 हेक्टर स्थित ग्राम जोड़मालक्खा, तहसील झारडा, जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा दिनांक 19-06-2026 को किया है और दोनों पक्षों के मध्य एक सौदा चिट्ठी का निष्पादन भी गवाहों के समक्ष किया जाकर बयाना पेटे राशि अदा कर दी है तथा अनुबंध-पत्र और उसके पश्चात् विक्रय मूल्य की शेष राशि 03 माह में अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन और पंजीयन किया जाना है। यदि उक्त विक्रय संव्यवहार पर किसी व्यक्ति, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था/ बैंक अथवा किसी निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त भूमि में किसी का कोई हक, हिस्सा, हित निहित हो तो ऐसा व्यक्ति/ संस्था इस जाहिर सूचना से 07 दिवस की अवधि में मेरे नीचे दिए गए पते पर मय दस्तावेज के आपत्ति दर्ज करावें, बाद मियाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार उपरोक्त सौदे के पालन में उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमियों के विक्रय-पत्र का निष्पादन अपने पक्ष में करवाकर उपपंजीयक कार्यालय के समक्ष अपने हित में विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेंगे, जो सर्वसाधारण पर बंधनकारक होगा व किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। उज्जैन, दिनांक 19.06.2026

विरेन्द्रसिंह तोमर, एडवोकेट
88-ए, मंगल कॉलोनी, सेठी नगर के पास, उज्जैन
मो.नं. 7987694036, 99938-13101

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी ऋषिराज सिंह राणा, कृपाल सिंह, महेश वैष्णव समस्त जाति राजपूत निवासी व कृषकगण ग्राम चितावलिया खेडा तहसील माकडोन जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 125/676 रकबा 1.34 हेक्टर, सर्वे नम्बर 126/2 रकबा 1.50 हेक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 2.84 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम चितावलिया खेड़ा तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 19-06-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री आत्माराम पिता श्री तुलसीराम, निवासी-ग्राम सिलारखेडी तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-182/3 रकबा 0.6000 हेक्टर ग्राम सिलारखेडी, प. ह. नं.-00050 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण मेसे 0.2500 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सूचित हों। इति दिनांक-19.06.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा श्रीमती रेखा बेन मटई पति कुम्हार मटई पुत्री स्व. प्रहलाद राय बजाज, आयु 61 वर्ष, व्यवसाय गृहिणी निवासी-357-ए वार्ड, सरदार नगर सिटी अहमदाबाद गुजरात के भाई सुन्दरलाल बजाज पिता प्रहलाद बजाज का देहान्त दिनांक 23/04/2026 को उज्जैन में हो गया हैं। सुन्दरलाल बजाज के स्वामित्व एवम् आधिपत्य का एक फ्लेट क्रमांक 04 तलमंजिल, जो भूखण्ड क्रमांक 41, 42 पर निर्मित बहुमंजिला बसेरा अपार्टमेंट गोरधनधाम नगर सांवेर रोड़ उज्जैन में स्थित है व आर.सी.सी. का निर्मित हैं। उपरोक्त प्रकोष्ट / फ्लेट का कुल निर्मित क्षेत्रफल 46.75 वर्गमीटर हैं जो कि फ्रीहोल्ड होकर आवासीय उपयोग का हैं अपने जीवनकाल में मेरी पक्षकारा के भाई इसी फ्लेट में निवास करते थे लेकिन इनके कोई वारिस नहीं हैं । यह कि, सुन्दरलाल बजाज के भाई मोहनलाल बजाज केशव बजाज, इन्द्र कुमार बजाज हैं तथा श्रीमती राजकुमारी गुरनानी, श्रीमती दीपा बजाज, श्रीमती चंचल दुलानी एवम् श्री मेघी बजाज एवम् मेरी पक्षकारा की बहन है। मेरी पक्षकारा को ज्ञात हुआ है कि उसके भाई उक्त फ्लेट को अफरा तफरी कर बेचने के प्रयास में है। उक्त फ्लेट में मेरा भी हक व हिस्सा हैं। अत: उपरोक्त जाहिर सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि बिना मेरी अनुमति एवम् मेरी सहमति के उक्त सम्पत्ति को (फ्लेट) को रहन, बय, दान व क्रय आदि ना करें । सूचित हो ।

इति दिनांक 11/06/2026

**जिगर जीत सिंह छाबड़ा एडवोकेट**
**कार्यालय 37, घटकरपर मार्ग फ्रीगंज**
**उज्जैन मो. 9713024020**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी 1. डूंगरसिंह राजपूत पिता श्री खरारी शरण राजपूत निवासी 120 ए, खंडेलवाल नगर, उज्जैन (म.प्र.), 2. नरेन्द्रसिंह राजपूत पिता श्री विक्रमसिंह राजपूत निवासी ग्राम पिपल्याबिछा तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 1231/2 रकबा 0.62 हेक्टर कुल किता 1 कुल रकबा 0.62 हेक्टर स्थित ग्राम उज्जैनिया, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन मे स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक: 19-06-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार एडवोकेट**
**सिटी कार्यालय 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**कार्यालय - डी-3, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन**
**मो. 88277-65533, 70001-92470**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता गीताबाई पति मांगीलाल जाति अहीर निवासी बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम बिरगोदारणधीर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 228/2/1/1/ रकबा 0.600 हे. में से रकबा 0.40 स्थित ग्राम बिरगोदारणधीर तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी। सूचित हो ।

दिनांक 19/06/2026

**लोकेन्द्र पटेल ( अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन**
**मो. 7999800300**

## न्यूज-कॉलम

### मुस्लिम महासभा का 9वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 21 जून को

**मन्दसौर।** मुस्लिम महासभा मंदसौर द्वारा 72 शहीदाने कर्बला की याद में 9वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर च्यादें हुसैन 72 का आयोजन रविवार, 21 जून को किया जा रहा है। यह विशाल रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित आदित्य भवन (ओ.पी.डी. गेट नंबर 2) में सुबह 11 से शाम 4 बज तक आयोजित होगा। मुस्लिम महासभा के जिला अध्यक्ष आमिर पठान, शहर अध्यक्ष मुशर्रफ खान एवं ब्लड डोनेट प्रभारी अनीस खान ने संयुक्त रूप से आमजन और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। महासभा के साबीर हुसैन शाह ने बताया कि क्षेत्र में रक्त की कमी से किसी का जीवन न रुके, इसी पावन उद्देश्य से यह मुहिम चलाई जा रही है।

### समान नागरिक संहिता पर परिचर्चा 20 जून को टाउनहॉल में

**नीमच।** समान नागरिक संहिता के संबंध में जागरूकता एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन आज 20 जून 2026 शनिवार को प्रातः 11.30 बजे टाउनहॉल, नीमच में किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने निर्देशित किया है, कि जिले के सभी जिलोा अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालय स्टाफ के साथ उक्त परिचर्चा कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता के प्रावधानों, महत्व एवं क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदनआमंत्रित

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया, राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 1 अप्रैल से प्रारंभ कर दी गयी हैं। यह पुरस्कार वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। 18 वर्ष से कम आयु के भारतीय बच्चे राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते है।

### पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 28 जून को किया जाएगा

**रतलाम।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन दिनांक 28 जून रविवार को किया जाएगा। पल्स पोलियो अभियान के दौरान शून्य से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को पोलियो की दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडीवा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी के विषय में जिला टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन दिनांक 22 जून सोमवार को टी एल बैठक के बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में किया जाएगा। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों का समन्वय एवं सहयोग प्राप्त किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडीवा ने सभी अभिभावकों से अपने शून्य से 5 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को नजदीकी पल्स पोलियो बूथ पर जाकर पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है।

### तीर्थ यात्रियो के गांव वापसी पर किया स्वागत

**पिपलिया मंडी।** गांव नेनोरा के मेवाड़ा परिवार में श्री भागीरथ श्रीमती पार्वती बाई (बगतरिया) पाटीदार एवं भोजावत परिवार से श्री रामबगश पाटीदार के नैपाल, गंगासागर सहित तीन नाम यात्रा कर 18 जून गुरुवार को सकुशल गांव लौटने पर ग्रामवासियों व परिजनों ने बैंड बाजा के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

### नगर परिषद द्वारा वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान

**पिपलिया मंडी।** आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद पिपलिया मंडी द्वारा नगर के प्रमुख नालों एवं जल निकासी मार्गों की विशेष सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों द्वारा नालों में जमा गाद, कचरा एवं अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुचारु बनाया जा रहा है, जिससे वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या को रोका जा सके।

# शेयर मार्केट में लाखों की धोखाधड़ी की पुलिस में शिकायत करने वाले पीड़ित युवक को जान से मारने की नियत से हुई फायरिंग

## पुलिस ने कहा होगी सख्त कार्रवाई, दहशत का माहौल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

शहर के दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सैफी नगर में शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े फायरिंग की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मामला शेयर मार्केट के नाम पर लाखों रुपये के लेनदेन के विवाद और पुलिस में की गई शिकायत से जुड़ा बताया जा रहा है।

हमले के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव और हाट की चौकी प्रभारी पंकज राजपूत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, फरियादी दिव्यांश उर्फ छोटू सोनी (निवासी 80, सैफी नगर, रतलाम) ने हाल ही में सरवन थाने में एक लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। दिव्यांश का आरोप है कि सरवन निवासी आदित्य सोमानी ने उसे शेयर मार्केट सिखाने के बहाने 'मेटा ट्रेडर-5' और 'ग्लोबल ट्रेड' ऐप डाउनलोड करवाए और उससे करीब 35 लाख रुपये ले लिए। अब आरोपी का कहना है कि पैसा डूब गया है और वह दिव्यांश से 1 करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहा है।

**पहले दी धमकी, फिर गाड़ी पर छोड़ गए पिस्टल**

फरियादी द्वारा पुलिस में आवेदन दिए जाने से नाराज आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी कि "अगर स्नढ्ढक्र कराई तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे।" इसके बाद दिव्यांश सरवन से अपने रतलाम स्थित घर लौट आया। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात लगभग ११:३० बजे दो अज्ञात बाइक सवार युवक दिव्यांश के घर पहुंचे। उन्होंने बाहर खड़ी कार के कांच फोड़े और एक पिस्टल गाड़ी की सीट पर छोड़कर भाग गए। रात में ही सूचना मिलने पर डीडी नगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिस्टल को जब्त कर लिया था।

**दोपहर में बाइक सवार 4 बदमाशों ने की फायरिंग**

रात की घटना के बाद शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर चार नकाबपोश युवक फिर से सैफी नगर पहुंचे। बदमाशों ने दिव्यांश के घर को निशाना बनाते हुए सीधे फायरिंग कर दी। गोली घर की खिड़की के कांच पर जाकर लगी, जिससे कांच चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

**जांच में जुटी पुलिस**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया है। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुरानी नियुक्तियों को संरक्षण देने की मांग, म.प्र. शिक्षक संघ ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



देश और प्रदेश के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, वरिष्ठता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर द्वारा एक बड़ा कदम उठाया गया है। संघ ने जिलाधीश के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पुनी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के दौरान वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के भविष्य और उनके विधिक संरक्षण से जुड़े गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से शासन के सामने रखा गया।

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि प्रशासनिक और विधिक सिद्धांतों के अनुसार कोई भी नियम उसके लागू होने की तिथि से प्रभावी होता है, इसलिए वर्षों पहले नियुक्त शिक्षकों पर बाद के नियमों को भूतलक्षी प्रभाव से लागू करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। संघ ने मांग की है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से स्थायी मुक्ति दी जाए और उनकी वरिष्ठता, वेतनमान व पदोन्नति को पूर्ण वैधानिक संरक्षण मिले, जिसके लिए आवश्यकता पड़ने पर संसद में विशेष संशोधन भी लाया जाए। इस अवसर पर प्रांतीय मीडिया प्रभारी रामचंद्र मालवीय, संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना, जिला अध्यक्ष विक्रम शर्मा सहित लगभग ५०० शिक्षक और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नशें के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रदेशव्यापी 7 दिवसीय विशेष अभियान

**नीमच।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अंतराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस दिनांक 26 जून के अवसर पर आम नागरिकों में नशें के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रदेशव्यापी 7 दिवसीय विशेष अभियान (दिनांक 17 जून से दिनांक 26 जून तक) नशामुक्त भारत सप्ताह प्रदेश के समस्त जिलों में चलाया जा रहा है। जिला नीमच में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिलें के सभी पुलिस अधिकारियों को उक्त अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन करने संबंधी निर्देश दिये गये है। नशामुक्त भारत सप्ताह अभियान के तहत द्वितिय दिवस 18 जून का जिला नीमच में थाना नीमचकैण्ट क्षैत्रान्र्तगत शासकीय विद्यालय क्रमांक 2 में अभियान के तहत कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को, थाना बघाना क्षैत्रान्र्तगत थाना परिसर बघाना, थाना रतनगढ क्षैत्रान्र्तगत बस स्टेण्ड रतनगढ , थाना सिंगोली क्षैत्रान्र्तगत कस्बा सिंगोली , थाना कुकड़ेश्वर क्षैत्रान्र्तगत नगर परिष्द कुकड़ेश्वर एवं थाना रामपुरा क्षैत्रान्र्तगत ग्राम दुधलाई में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्पपरिणामों से अवगत करवाकर नशा नही करने की शपथ दिलवाई गई एवं थाना मनासा क्षैत्रान्र्तगत कस्बा मनासा में एवं थाना नीमचसिटी क्षैत्रान्र्तगत स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज नीमच में मानव श्रंखला बनाकर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन एवं विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा सभी को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने सहभागिता करते हुए नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



## राहुल गांधी जी का जन्मदिन आदिवासी बच्चो व मजदूर भाईयों के बीच केक काटकर मनाया

**मल्हारगढ़।** लोकसभा में नेता विपक्ष जननायक राहुल जी गांधी का जन्मदिन जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर के निदेर्शानुसार शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ ने हर्षोल्लास के साथ आदिवासी बच्चो एवं मजदूर भाइयों के बीच मनाया ।जन्मदिन के अवसर पर बच्चो से केक कटवाकर बच्चो को बिस्किट व फल भी वितरित किये। इस अवसर पर कांग्रेसनेताओ ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ओर वरिष्ठ कांग्रेसनेता जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन 19 जून को मनाते है ।उनके व्यक्तित्व और राजनीतिक शेली में कई विशेषताएं शामिल है ।नेताओ ने कहा कि राहुल गांधी का जन्म 1970 में भारत के सबसे प्रमुख राजनीतिक परिवार नेहरू गांधी परिवार में हुवा था उनकी दादी इंदिरा गांधी और पिता राजीवगांधी देश के प्रधानमंत्री रह चुके है ।राहुलगांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा जैसे अभियान के जरिये उन्होंने देश भर पैदल यात्राएं की है,जिससे उनकी एक जननेता की छवि उभरी है। कांग्रेस नेताओ ने यह भी कहा कि राहुल जी गांधी ने संवैधानिक मूल्यों पर जोर दिया उन्होंने अपने भाषणों ओर अभियानों में भारत के संविधान, सामाजिक न्याय,धर्मनिरपेक्षता ओर समानता की बात की है। राहुल गांधी लगातार युवाओं के मुद्दे, बेरोजगारी ओर आर्थिक असमानता के खिलाफ आवाज उठाते रहे है। नीट परीक्षा में में धांधली,पेपर लीक की घटना ओर बेरोजगारी के खिलाफ राजस्थान के कोटा शहर में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं से सीधा संवाद कर उन्हें संबोधित कर मोदी सरकार की नाकामियों को उजागर किया है।

## मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज के सानिध्य में श्रद्धापूर्वक मनाया श्रुत पंचमी पर्व

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



श्री दिगम्बर जैन समाज मंदसौर द्वारा मुनिश्री प्रणम्यसागर जी महाराज के पावन सानिध्य में श्रुत पंचमी महापर्व मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक पूजन कर जल, चंदन, अक्षत, दीप और फल सहित अर्घ्य समर्पित किए। ब्रह्मचारिणी रीता दीदी, अर्पणा दीदी और आनंद भैया के निर्देशन में यह मांगलिक विधि संपन्न हुई।

इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि धर्म के पर्व विशिष्ट उद्देश्य के लिए मनाए जाते हैं, जो हमारी आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर हमें आत्म-तत्त्व के निकट लाते हैं।

डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन और पाद प्रक्षालन जैन समाज के विभिन्न प्रतिष्ठित परिवारों द्वारा किया गया।

अनेक श्रावकों ने मुनिश्री को शास्त्र भेंट किए। इस विशेष अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज मंदसौर तथा अतिशय क्षेत्र बही पार्श्वनाथ की ओर से मुनिश्री को वर्ष 2026 का चातुर्मास मंदसौर अथवा बही पार्श्वनाथ में करने के लिए श्रीफल चढ़ाकर भावभीनी विनती की गई। कार्यक्रम में मुनिश्री द्वारा रचित पुस्तक च्केवली में मन की सिद्धिज् और ताम्रपत्र पर अंकित ग्रंथ का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंगलाचरण नीलू पाटनी, साक्षी जैन व रीना जैन ने किया तथा कुशल संचालन डॉ. चंदा कोठारी द्वारा किया गया।

## डॉ. किरण वाडिवा ने सीएम एचओ का पदभार ग्रहण किया

**रतलाम।** राज्य शासन के निर्देश के क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडीवा ने पदभार ग्रहण किया। वे वरिष्ठ संयुक्त संचालक संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के पद पर पदस्थ थी। सीएमएचओ ने सबसे पहले कालिका माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की उसके बाद कार्यालय में आकर पदभार ग्रहण किया। उनके कार्यालय आगमन पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे, सिविल सर्जन डॉ. ए पी सिंह , शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी 2, डॉक्टर राजेश मंडलोई , जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, डीपीएम श्रीमती अर्चना राठौर , डीसीएम श्री कमलेश मुवेल एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉक्टर गौरव बोरीवाल, जिला मलेरिया सलाहकार डॉक्टर प्रमोद प्रजापति , जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर अभिषेक अरोड़ा , डॉ जितेंद्र जायसवाल, श्रीमती सरला वर्मा, श्री शैलेंद्र भिड़े, श्री शरद शुक्ला, श्री लवनेश शर्मा , श्री नवीन नागर, डॉ अभय ओहरी, श्री सचिन वर्मा, श्री आनंदीलाल जैन, श्रीमती मधुबाला राठौर, श्रीमती शीला चौहान , श्रीमती सरिता वर्मा, श्रीमती प्रवीना राठौर , सुश्री श्वेता बागड़ी, श्री दीपक उपाध्याय, श्री जमुनालाल पाटीदार, श्री संदीप तलोदिया , श्री निलेश चौहान श्री अनिल परिहार, श्री जितेंद्र मांझी, श्री हितेंद्र सिंह राठौर , श्रीमती सोनम मंडलोई , सुश्री नेहा शर्मा , श्रीमती कामिनी मालवीय , तथा विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों ने स्वागत कर अपना परिचय दिया।

### भाजयुमो नेता संदीपसिंह राठौड़ की मांग पर

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

### पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहराव की मांग को मिली गति

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य संदीपसिंह राठौड़ की पहल पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर पिपलिया रेलवे स्टेशन पर उज्जैन-चित्तौड़गढ़ पैसेंजर ट्रेन के ठहराव की मांग पर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। राठौड़ कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिले थे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग का उल्लेख कर एक पत्र सोपा था।

पत्र में बताया गया कि उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मार्ग से यात्रा करते हैं तथा स्थानीय यात्रियों को भी इस ट्रेन के ठहराव से काफी सुविधा मिलेगी। इसे देखते हुए उज्जैन-चित्तौड़गढ़ पैसेंजर ट्रेन का पिपलिया रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की गई थी।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस मांग को उचित मानते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि संदीपसिंह राठौड़ ने स्थानीय जनता एवं महाकाल भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन के ठहराव का अनुरोध किया गया है। उन्होंने रेल मंत्री से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा की गई कार्रवाई से अवगत कराने का आग्रह किया है।

सिंधिया द्वारा रेल मंत्री को पत्र भेजे जाने के बाद क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही पिपलिया रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेन के ठहराव को लेकर सकारात्मक निर्णय लिया जा सकता है। यदि यह मांग पूरी होती है तो पिपलिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और महाकाल दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा भी अधिक सुगम हो सकेगी।

## न्यूज कालम



### सरस्वती शिशु मंदिर पिपलियामंडी मे साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

**पिपलियामंडी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज विद्यालय को संचालित करने वाली समिति राष्ट्रीय आदर्श शिक्षण समिति की साधारण सभा बैठक संपन्न हुई! जिसमें विभाग समन्वयक श्री राघवेंद्र देराश्री एवं प्रांतीय निर्वाचन अधिकारी श्री प्रहलाद राय जी गर्ग पधारे! बैठक की शुरूआत मां सरस्वती पूजन के साथ हुई! अतिथि एवं सभी का परिचय प्राचार्य जी द्वारा करवाया गया स्वागत समिति के सचिव श्री पुखराज जी गुप्ता एवं समिति सदस्य श्री कमल कुमार जी चौधरी द्वारा किया गया!बैठक में निम्नलिखित आवश्यक विचार विमर्श कर ठहराव प्रस्ताव हुआ! गत बैठक की पुष्टी का वाचन सचिव पुखराज गुप्ता ने किया जिसे सभी समिति महानुभावों ने सवार्नुमति से अनुमोदित किया! विद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्राचार्य श्री प्रकाश जी धाकड़ एवं समिति का प्रगति प्रतिवेदन सचिव महोदय श्री पुखराज गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया!

### मंदसौर जिले में 24 जून से शुरू होगा विशेष उद्यम पंजीयन अभियान

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में मंदसौर जिले के सभी विकासखंडों में स्व-सहायता समूहों से जुड़े उद्यमियों के लिए एक विशेष उद्यम पंजीयन अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। विकासखंड मल्हारगढ़ और मंदसौर में 24 जून 2026, भानपुरा और गरोठ में 29 जून 2026 तथा सीतामऊ में 30 जून 2026 को इन शिविरों को लगाया जाएगा, जहाँ निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गैर-कृषि उद्यमों का पंजीयन किया जाएगा। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को व्यापार बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन देना है। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग और परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वे अपना स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

### रतलाम के जवाहर नगर में वकील के घर पर हुए पथराव में मकान के कांच फूटे


**रतलाम ।** गत देर रात्रि को जवाहर नगर में रहने वाले एक वकील के निवास पर पथराव की घटना से भय का वातावरण बना हुआ है ।सीसीटीवी केमरे में कैद हुई घटनाक्रम में स्पष्ट नजर आ रहा है की कुछ लोग हमला करने की नीयत से पत्थर फेंक कर भय एवं क्षति पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं ।इधर पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र को इस संबंध में लिखित शिकायत देने और उचित कार्रवाई का आग्रह करने के बावजूद निष्क्रिय पुलिस ने जवाब दिया हम कुछ नहीं कर सकते ,आप कोर्ट जाइए । उक्त जानकारी देते हुए पीड़ित वकील बी एल हरोड ने बताया कि पूर्व में भी 14 मार्च को मेरे परिवार की बच्ची को स्कूटर चालक द्वारा जानबूझकर टक्कर मारकर घायल कर दिया था जिससे उसकी बोन कॉलर टूट गई थी तब पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर ली लेकिन आज दिनांक तक तीन माह गुजरने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की है ।औद्योगिक क्षेत्र थाने के अनेक मामलों में लापरवाही निष्क्रियता एवं स्वार्थ परक कार्य प्रणाली हमेशा चचार्ओं में रही है और यह स्पष्ट दशार्ती है की क्षेत्रीय नागरिकों की सुरक्षा और उचित कार्रवाई करने की बजाय वे सिर्फ जेब गर्म होने वाले मामलों में ही रुचि लेते हैं? ऐसे में नियम ,कानून को मानने वाले नागरिकगण सोचने पर मजबूर हैं कि पुलिस पर भरोसा करें या नहीं?

### चोखान खेड़ा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**नीमच।** जावद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बावल के समीप चोखानखेड़ा रोड पर अज्ञात वाहन ने नीमच निवासी बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी द्य जिससे बाइक सवार की मौत हो गई मिली जानकारी अनुसार मृतक अंकुर पिता विनोद गर्ग उम्र 45 वर्ष निवासी बंगला नंबर 59 हे सड़क हादसे की सूचना मिलते ही जिला चिकित्सालय में परिजन परिचित की बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। क्या हुआ है इसकी युवक की तीन चार माह की बच्ची है जिन्हें अभी पता नहीं है कि उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं है द्य इस दुर्घटना की सूचना सेनीमच शहर भर में सनसनी फैल गई द्य फिलहाल पुलिस जांच और कार्रवाई कर रही है।




### नीमच में हुई झमाझम बारिश



**नीमच।** शहर में शाम 6 बजे लगभग आधा घंटा झमाझम बारिश होगी सड़कों पर पानी बाहर निकाला और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। हालांकि इसे अभी फ्री मानसून माना जा रहा है लेकिन लगभग 40 मिनट की बारिश में सड़क और नदियों से पानी बह निकला। वही इस दौरान सड़क पर आवाज आई बंद हो गई दो पहिया वाहन चालक खुद को पानी से बचाने के लिए खड़े रहे। इस बारिश से उमस और गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की है।

### नपा की पीआईसी बैठक सम्पन्न

**मंदसौर।** नगरपालिका परिषद की प्रेसिडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) की बैठक कल शुक्रवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में नपा सभापतिगण निर्मला चंदवानी, निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी, शांति फरक्या, रमेश ग्वाला, दीपमाला मकवाना, कौशल्या बंधवार, सीएमओ अनिता चकोटिया भी उपस्थित थे। इस बैठक में कुल 449 प्रकरण पीआईसी के सम्मुख रखे गये। व्यापक विचार विमर्श के उपरांत इन सभी 449 प्रकरणों को मंजूरी प्रदान की गई।



## हाजी जीकर कच्छी का हज यात्रा से लौटने पर किया इस्तकबाल

**महिदपुर रोड।** नगर मुस्लिम समाज के जीकर कच्छी का हज यात्रा से वापस लौटने पर समाज जनों सहित उनके परिचित इष्ट मित्रों ने उनका इस्तकबाल किया । हाजी जीकर कच्छी ने बताया हज जाकर अल्लाह तआला की इबादत करना मुस्लिम समाज के हर बंदे की दिली ख्वाहिश होती है वहां से बुलावा आने पर ही कोई भी बंदा वहां जाकर खुदा की इबादत कर पाता है। नगर के जैन समाज के समाजसेवी प्रकाश जैन अपने मित्रों के साथ जाकर जीकर भाई का इस्तकबाल कर उनका मुंह मीठा कराया।

## लापरवाही पूर्वक वैन चलाते हुए टक्कर मार कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**ब्यावरा।** थाना कोतवाली राजगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत रात्रि करीब 11.30 बजे तंवर महल के पास हाईवे पर ब्यावरा तरफ से आ रही तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक वैन के अज्ञात चालक ने भगवती कालोनी राजगढ़ के राह चलते तीन युवकों को टक्कर मार दी जिसमें एक युवक आदित्य पिता संदीप माथुर 19 वर्ष निवासी भगवती कालोनी राजगढ़ की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई एवं दूसरे युवक शुभम पिता बालूसिंह चौहान 19 वर्ष निवासी भगवती कालोनी राजगढ़ को घायल अवस्था में अस्पताल राजगढ़ में भर्ती के पश्चात डॉक्टर द्वारा भोपाल रेफर किया गया जहां उसका उपचार जारी है। फरियादी सुरेश पिता घनश्याम गौड़ 18 वर्ष निवासी भगवती कालोनी राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट की कि हम 3 दोस्त तंवर महल के पास प्रतीक्षालय के पास टहलने आए हुए थे और वापस अपने घर की और जा रहें थे तभी ब्यावरा तरफ से तेजगति से आ रही एक ओमिनी वैन के अज्ञात चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक टक्कर मार दी। थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 396/26 धारा 106(अ), 281,128(अ) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस ने आरोपी की तलाश हेतु प्रयास किया। अनेक सीसीटीवी फुटेज को बारीकी से देखे गए। पुलिस ने आरोपी ओमिनी कार के चालक सुमित पिता मुकेश मेवाड़ा 21 वर्ष निवासी कोली मोहल्ला इकलेरा जिला झालावाड़ को इकलेरा राजस्थान से गिरफ्तार कर ओमिनी वैन को जब्त कर लिया।

## 85,300 का माल जप्तकर 8 जुआरी को किया गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना पचोर पुलिस ने 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी पचोर श्रीमती शकुंतला बामनिया को सूचना मिली कि पचोर के शिवालय रोड क्षेत्र में कुछ व्यक्ति हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर दबिश दी गई। दबिश के दौरान अरुण सेन के मकान में 08 व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए विनोद सेन पिता मोहनलाल सेन 30 वर्ष, अरुण सेन पिता मोहनलाल सेन 28 वर्ष, प्रकाश जाटव पिता छगनलाल जाटव 37 कुशवाह मोहल्ला पचोर। सोनू जाटव पिता मोहनलाल जाटव 26 वर्ष, मयंक जाटव पिता बृजलाल जाटव 30 वर्ष, धर्मेंद्र कुशवाह पिता राधेश्याम कुशवाह 25 वर्ष, कुशवाह मोहल्ला पचोर। रवि कुशवाह पिता बाबूलाल कुशवाह 36 वर्ष, निवासी कुशवाह मोहल्ला पचोर। शुभम राठौर पिता कैलाश राठौर 26 वर्ष गांधी चौक पचोर को गिरफ्तार कर 07 मोबाइल जिनकी कीमत 70,000 रु, एक ताश की गड्डी सहित कुल 85,300/- जप्त किये मामले में अपराध क्रमांक 272/2026 धारा 13 मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर राह से गुजरने वाले यात्रियों को पिलाया शरबत



**महिदपुर रोड।** गुरुवार को सिख्ख समाज के पांचवे गुरु के शहीद दिवस पर नगर के मकर परिवार द्वारा उनका पुण्य स्मरण करते हुए लंगर लगाकर सड़क से गुजरने वाले राहगीरों यात्री बसों में बैठे यात्रियों तथा अन्य दो पहिया वाहनों से गुजरने वालों को आग्रह पूर्वक वक रो कर ठंडा शरबत पिलाया। इस दौरान निर्मल सिंह मक्कड़,परमजीत सिंह कुलदीप सिंह मक्कड़ जसप्रीत सिंह मक्कड़,रमनदीप सिंह मक्कड़ तथा मक्कड परिवार की सभी महिलाएं मोहल्ला परिवार के सदस्य एवं विभिन्न समाजों के समाज जनों ने उपस्थित रह कर शरबत वितरण कार्य में सहयोग किया।

यात्रीगण कृपया ध्यान दें...यहां फुटओवर ब्रिज नहीं है, पहले मजबूरी का ट्रैक पार करें

# रेलवे स्टेशन के हाल, दूसरे प्लेटफॉर्म तक पहुंचने यात्री रोज पार कर रहे रेलवे ट्रैक

### अधूरा रैंप भी बंद, बुजुर्ग और दिव्यांग सबसे ज्यादा परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा से जुडा एक बडा सवाल खडा हो गया है। स्टेशन पर डबल ट्रैक और दो प्लेटफॉर्म तो हैं, लेकिन एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक सुरक्षित पहुंचने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। फुटओवर ब्रिज के अभाव में यात्रियों को करीब तीन फीट नीचे उतरकर रेलवे ट्रैक पार करना पडता है। ऐसे में हर दिन सैकडों लोग जान जोखिम में डालकर दूसरे प्लेटफॉर्म तक पहुंचने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग यात्रियों को उठानी पड रही है।

स्टेशन पर जब किसी ट्रेन का आगमन दूसरी लाइन पर होता है तो यात्रियों को सामान लेकर सीधे पटरी पार करनी पडती है। कई बार जल्दबाजी में लोग फिसलते-फिसलते बचते हैं। बरसात के मौसम में यह खतरा और बढ जाता है, क्योंकि ट्रैक के आसपास फिसलन होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शाम और रात के समय अंधेरा होने पर स्थिति और अधिक जोखिमपूर्ण हो जाती है।



स्टेशन पर सामान्य यात्रियों के साथ-साथ दिव्यांग और बुजुर्ग यात्रियों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए करीब 15 फीट ऊंचाई पर बनी 25 सीढियां चढना अनिवार्य है। कई बुजुर्ग और दिव्यांगजन दूसरों की मदद के बिना प्लेटफॉर्म तक नहीं पहुंच पाते। बीमार और कमजोर यात्रियों के लिए यह सफर किसी परीक्षा से कम नहीं है।

रेलवे स्टेशन पर नियमित रूप से तीन यात्री ट्रेनों की आवाजाही होती है। इन ट्रेनों से प्रतिदिन आने-जाने वाले यात्रियों में 200 से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांगजन शामिल हैं। ऐसे यात्रियों के लिए सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था नहीं होना गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है।

**सालों पहले बना रैंप भी बेकार**

यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर वर्षों पहले एक रैंप बनाया गया था, लेकिन उसे आज तक पक्का नहीं किया गया। कच्चा और जर्जर होने के कारण यह रैंप बंद पडा है। यदि इसे विकसित कर उपयोग में लाया जाए तो बुजुर्गों और दिव्यांग यात्रियों को काफी राहत मिल सकती है। वर्तमान में यह व्यवस्था भी यात्रियों के किसी काम नहीं आ रही है।

> **प्रशासन के स्तर पर होगा निर्णय**
>
> दिव्यांग और बुजुर्ग यात्रियों की सुविधा के लिए ढलान मार्ग बनाया गया था, लेकिन कच्चा होने के कारण उसे बंद रखा गया है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। अब आगे का निर्णय रेलवे प्रशासन के स्तर पर लिया जाना है।
>
> **शिवराकेश मीणा, स्टेशन मास्टर, सारंगपुर**

**फुटओवर ब्रिज बनाया जाए**


स्थानीय नागरिकों और रेल यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज का निर्माण अब आवश्यकता बन चुका है। उनका कहना है कि सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होने से यात्रियों को ट्रैक पार करने की मजबूरी खत्म होगी और संभावित दुर्घटनाओं पर भी रोक लग सकेगी। क्षेत्रवासियों ने रेलवे प्रशासन से शीघ्र फुटओवर ब्रिज निर्माण और अधूरे रैंप को उपयोगी बनाने की मांग की है।

शुजालपुर निवासी अर्जुन परमार की सूझबूझ से टला हादसा

## चलती बाइक में निकला फन फैलाए सांप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

शहर के कमल्या बाईपास मार्ग पर उस समय एक अनोखी और रोमांचक घटना देखने को मिली, जब शुजालपुर निवासी अर्जुन परमार अपनी बाइक से गुजर रहे थे। यात्रा के दौरान अचानक उनकी बाइक की पेट्रोल टंकी के पास से एक सांप फ न फैलाए हुए बाहर निकल आया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्जुन परमार जब अपनी बाइक पर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक की पेट्रोल टंकी के साइड वाले हिस्से से एक सांप निकलकर सामने आ गया और फ न फैलाकर बैठ गया। चलते वाहन में अचानक सांप दिखाई देने से अर्जुन का ध्यान भटक सकता था और बड़ा हादसा भी हो सकता था, लेकिन उन्होंने घबराहट में कोई गलत कदम उठाने के बजाय तुरंत बाइक की गति नियंत्रित की और सुरक्षित स्थान पर वाहन रोक लिया। बाइक रुकते ही सांप फु र्ती से सीट के नीचे वाले हिस्से में घुस गया। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों की सहायता से बाइक की सीट खोली और सांप को बाहर निकलने का रास्ता दिया। कुछ देर बाद सांप स्वयं बाहर निकल आया और सड़क किनारे की ओर बढ़ते हुए झाडि ?ों में चला गया। घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और सभी ने अर्जुन परमार की सूझबूझ की सराहना की। लोगों का कहना था कि यदि घबराहट में बाइक का संतुलन बिगड़ जाता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। हालांकि अर्जुन ने संयम बनाए रखा और स्वयं को सुरक्षित रखते हुए सांप को भी बिना किसी नुकसान के जंगलनुमा क्षेत्र में जाने दिया। 23

## रामद्वारा में 'नानी बाई का मायरा' कथा का आयोजन

**खाचरोद।** स्थानीय रामद्वारा धाम में इन दिनों 'नानी बाई का मायरा' कथा का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन बड़ा रामद्वारा, जोधपुर से पधारे परम पूज्य संत श्री हरिराम जी महाराज के मुखारविंद से हो रहा है, जिन्हें सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। यह दिव्य कथा प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित की जा रही है। इस पावन अवसर पर पूज्य संत श्री हरिराम जी महाराज के संन्यास जीवन के गौरवमयी 50 वर्ष (स्वर्ण जयंती) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित 'लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। कथा के उपरांत आयोजित एक विशेष समारोह में महाराज श्री को यह अंतरराष्ट्रीय प्रमाण पत्र भेंट कर उनका बहुमान किया गया, जो पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। इस भव्य आयोजन और सम्मान समारोह के दौरान परम पूज्य संत तोताराम महाराज और संत रामानुरागदास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ही क्षेत्र के कई अन्य वरिष्ठ संत, प्रतिष्ठित नागरिक और सभी सम्माननीय गणमान्य जन भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## सनोलिया पलवा विश्वकर्मा मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष मनोनीत

**खरसौदकलां।** समीप गांव पलवा के विश्वकर्मा मंदिर निर्माण में विश्वकर्मा समाज ने 150 से अधिक पुराने मंदिर का जिर्णोद्धार करने का संकल्प लिया है। समाजजनों ने मंगलवार को सम्मेलन के दौरान कैलाश सनोलिया नागदा जंक्शन को निर्माण समिति अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किए गए। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक शर्मा उज्जैन ने बताया कि समाज का डेढ़ सौ साल पुराना पलवा में विश्वकर्मा मंदिर है। जो लकड़ियों की कलाकृति से निर्मित है। जो वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो चुका है। मंदिर जिर्णोद्धार निर्माण में धार, उज्जैन शाजापुर, देवास ,आगर मालवा झाबुआ, से वरिष्ठ समाजजनों ने मंदिर निर्माण के लिए संकल्प लेकर 35 लाख की लागत से मंदिर निर्माण करने का संकल्प लिया है।

## अभिभाषक संघ में तोमर का सम्मान किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

महिदपुर अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में अधिवक्ता एवं मार्गदर्शक श्री शंकर सिंह तोमर का सम्मान किया गया। श्री तोमर ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को निशुल्क मार्गदर्शन और एवं प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे अनेक विद्यार्थियों को लाभ मिला उनकी इस सराहनीय पहल और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए अभिभाषक संघ द्वारा उन्हें शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिदपुर न्यायाधीश कमलेश सनोरिया, चेतना दशोरा, दीपक दाहिया, रत्नप्रिया श्रीवास्तव और महिदपुर संघ के अध्यक्ष संजय निर्वाणी, उपाध्यक्ष पल्लव मुखिया सचिव शंकर सिंह तोमर, शक्ति सिंह पवार, क्षितिज उपाध्याय, विनोद मीणा आदि अनेक अधिवक्तागण एवं परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंतर सिंह आंजना ने किया एवं आभार पल्लव मुखिया ने माना सभी उपस्थित सभी अधिवक्ता साथियों ने नए अधिवक्ता बनने जा रहे उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और शुभकामनाएँ प्रेषित की।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि श्री शंकर सिंह तोमर का निशुल्क मार्गदर्शन युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सामाजिक योगदान की शुभकामनाएं दीं।

जनकल्याण शिविर:

## दिव्यांगजनों को मिले कृत्रिम पैर, ट्राई साइकिल और श्रवण यंत्र किए भेंट

### महिलाओं को 43 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र मंत्री टेटवाल ने किए वितरित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर कृषि उपज मंडी में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर के समापन दिवस पर गुरूवार को मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दिव्यांगजनों को विभिन्ना सहायक उपकरण वितरित कर उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं जनपद पंचायत द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकतानुसार कृत्रिम पैर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र, सपोर्ट बेल्ट सहित अन्य सहायक उपकरण दिए गए।

राज्यमंत्री बोलेः अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध

कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।



उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को दिए गए उपकरण उनके दैनिक जीवन को अधिक सुगम, सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होने आगे कहा दिव्यांगजन हमारी संवेदना नहीं, बल्कि समाज की शक्ति हैं। उन्हें सक्षम बनाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को दोहराते हुए कहा कि सरकार हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिविर में महिला सशक्ति करण को भी विशेष प्राथमिकता दी गई। विभिन्ना स्व-सहायता समूहों की पात्र महिलाओं को स्वरोजगार के लिए लगभग 43 लाख रुपये के स्वीकृत ऋण पत्र वितरित किए गए।

मंत्री डॉ. टेटवाल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक गतिविधियों से जुडने के लिए प्रेरित किया। कई महिलाओं ने गौपालन एवं दुग्ध उत्पादन को आजीविका का माध्यम बनाने की इच्छा व्यक्त की, जिस पर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित बम्हौरे, जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल, पटवारी शहजाद खान सहित स्वास्थ्य विभाग एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारीगण तथा बडी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। 1314

## नीहारिका बाफना को सुयश



**खाचरोद।** नगर की प्रतिभाशाली छात्रा नीहारिका बाफना ने प्रथम प्रयास में सीए फायनल की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर को गोरवान्वित किया। नीहारिका बाफना उड़ान पब्लिक स्कूल खाचरोद के संचालक संजय बाफना की सुपुत्री है। नीहारिका ने अपनी विद्यालयीन शिक्षा नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय उड़ान पब्लिक स्कूल से प्राप्त कर वड़ोदरा से आर्टिकलशिप की थी। नीहारिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार जन एवं गुरुजनों को दिया है।

## नप ने मालीपुरा में किया तृतीय लोक कल्याण शिविर का आयोजन



**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर द्वारा मालीपुरा में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से तृतीय लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पार्षद नईम मेव , राकेश कानुडिया ने उपस्थित होकर हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए। शिविर में वार्ड क्र एक, दो, तीन, चार एव 14, 15 के हितग्राही से पीएम स्वनिधि योजना, स्वनिधि क्रेडिट कार्ड, विभिन्न पेंशन योजना , नवीन नल कनेक्शन , नोड्युज प्रमाण पत्र,समग्र संबंधित कार्य, भवन अनुज्ञा, आधार कार्ड अपडेट, महिला एवं बाल विकास के प्रधानमंत्री मातृ वंदना, मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना आदि योजनाओं के नवीन आवेदन लिए गए। इस अवसर पर शिविर के नोडल अधिकारी नरेश कुमार सिंह, प्रभारी शहजादी खान, सामुदायिक संगठक जगदीश परमार, अक्षय गुहाटिया, राम वाल्मीकि,अरुण मकवाना, जगदीश जोशी,अशोक विश्वकर्मा, शहिद खान ,धमैन्द्र सिंह उमठ, मुकेश माली, लोकेश भट्ट, जाहिद खान , जगदीश कानुडिया , आकिब खान सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रहे।

## हरिनगर में विधायक निधि की 3 लाख की लागत से बनेगा सीसी रोड



**सुसनेर।**नगर के वार्ड क्रमांक 10 हरीनगर कॉलोनी में विधायक भैरोसिंह परिहार बापू की विधायक निधि की 3 लाख रुपये की राशि से बनने वाला सीसी रोड़ का सड़क का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। अतिथि के रूप में नप अध्यक्ष प्रदीप सोनी, विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह, दीपक राठौर मांगीलाल सोनी, कांग्रेस नेता विष्णु प्रसाद पाटीदार, सेठी काजी, सुनील बांगड़ डॉन, पार्षद नईम अहमद मेव, राकेश कानुडीया, पार्षद प्रतिनिधि मोहसिन खान, लोकेश प्रजापत, नगर परिषद के इंजीनियर अरविंद बघेल, ठेकेदार ईश्वर सिंह आमला, प्रेरित सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार से स्कूल के पानी निकासी का विवाद नहीं सुलझा



**इंगोरिया।** सड़क चौड़ीकरण में नाला निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। गुरुवार को शाम 6 बजे नायब तहसीलदार शैफाली जैन और सड़क निर्माण एजेंसी मेसर्स रमेश कुमार बंसल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मुद्दा था उन्हेल-इंगोरिया सड़क चौड़ीकरण से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल और जिला सहकारी बैंक के पानी की निकासी का। बारिश में स्कूल और बैंक में जल भराव की समस्या की शिकायत पर समाधान हेतु शिकायत पर नायब तहसीलदार ने लोगों के साथ मौके पर बातचीत की। बारिश के पानी निकासी हेतु सड़क निमार्ता अधिकारी से चर्चा की। सड़क निर्माण एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि बारिश के पानी का एक नाले में समाहित होना असंभव है। चर्चा अधूरी रही। सड़क निर्माण एजेंसी के अधिकारी ज्यादा देर नहीं रुके।

## नगर परिषद सुसनेर सीएमओ हरिओम शर्मा ने किया पद भार ग्रहण



**सुसनेर।** गुरुवार को दोपहर पश्चात नगर परिषद छापीहेड़ा से स्थानांतरित होकर आए सीएमओ हरिओम शर्मा ने सुसनेर सीएमओ का विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर अध्यक्ष प्रदीप सोनी सहित नगर परिषद के कर्मचारियों ने सीएमओ शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।



# महंगे समर कैंप्स भूल जाइए!

# घर पर इन 5 तरीकों से बच्चों की छुट्टियां बनेंगी यादगार

समर वेकेशन में महंगे कैंप्स के बजाय घर पर ही खेल-खेल में बढ़ाएं बच्चों की कल्पनाशक्ति, आत्मनिर्भरता और लाइफ स्किल्स।

गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही बच्चों के चेहरे खिल उठते हैं, लेकिन आज के दौर में बचपन अक्सर स्मार्टफोन या टीवी स्क्रीन पर उंगलियां चलाते हुए सिमट जाता है। बाल विकास विशेषज्ञ बताते हैं कि छुट्टियां वह समय होता है, जब बच्चे सबसे ज्यादा सीखते हैं, नई चीजें खोजते हैं और जीवनभर की यादें बनाते हैं। ऐसे में आप थोड़ी सी प्लानिंग और कुछ मजेदार घरेलू गतिविधियों के जरिए बच्चों की इन छुट्टियों को बेहद खास और यादगार बना सकते हैं।



## ट्रेजर हंट

इससे बच्चे की सोचने की क्षमता बढ़ेगी। घर के अंदर एक जासूस की तरह सोचने का रोमांच बच्चों को बेहद पसंद आता है।

**क्या कर सकते हैं?-** आप घर या बगीचे के अलग-अलग कोनों में छोटे-छोटे सुराग छिपाकर उन्हें खजाना खोजने की चुनौती दीजिए। हर सुराग के साथ बढ़ता उत्साह बच्चों को घंटों व्यस्त रखेगा। इससे उनकी प्रॉब्लम-सॉल्विंग (समस्या हल करने की) क्षमता मजबूत होगी।

## कलर एंड क्राफ्ट से बढ़ाएं रचनात्मकता



दोपहर की तपती धूप में भी घर के अंदर मस्ती की कोई कमी नहीं होगी, जब आप बच्चों को रंग, ब्रश, चार्ट पेपर और घर में पड़ी कुछ बेकार चीजों से कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

### क्या कर सकते हैं?

इससे बच्चे अपना 'ड्रीम हाउस' बना सकते हैं, पसंदीदा किताबों के लिए रंग-बिरंगे बुकमार्क तैयार कर सकते हैं या पुराने डिब्बों को सजाकर खूबसूरत पेन स्टैंड बना सकते हैं।

## आउटडोर गेम्स

खेलों के जरिए बच्चों को शारीरिक तौर पर सक्रिय और फिट रखें। शाम के समय जब धूप कम हो जाए, तो बच्चों को बाहर खेलने के लिए जरूर प्रोत्साहित करें।

**क्या कर सकते हैं?-** साइकिल चलाना, बैडमिंटन, दौड़ लगाना, छुपन-छुपाई या दोस्तों के साथ पार्क में घूमना। यह न केवल शारीरिक रूप से उन्हें फिट रखता है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत करता है। सही मायने में बचपन की असली पहचान खुला आसमान और खिलखिलाती हंसी ही तो है।





## लिटिल शेफ

इस छुट्टी बच्चों को किचन में आत्मनिर्भरता सिखाएं। रसोईघर भी बच्चों के लिए सीखने का एक शानदार और व्यावहारिक स्थान हो सकता है। बिना आग के तैयार होने वाली चीजें इसमें शामिल करें।

### क्या कर सकते हैं?

फ्रूट सलाद काटना, सैंडविच असेंबल करना या नींबू पानी तैयार करना जैसे छोटे-छोटे काम बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते हैं। जब बच्चा अपने हाथों से कुछ बनाकर परिवार को खिलाता है, तो उसका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होता है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ







# कनाडा की फुटबॉल वर्ल्डकप में पहली जीत, कतर के 2 प्लेयर्स को रेड कार्ड

एजेंसी ▸▸ पटना

हैट्रिक... आत्मघाती गोल और 2 रेड कार्ड।' ये सब कनाडा और कतर मैच में देखने को मिला, जिसमें कनाडा ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में अपनी पहली जीत हासिल की। टीम ने होम फैंस के सामने कतर को ग्रुप-बी मैच में 6-0 के बड़े अंतर से हराया। वैंकूवर के इउ पैलेस में शुक्रवार सुबह मिली इस जीत के हीरो जोनाथन डेविड रहे।

26 साल के युवा स्टार ने मैच के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में नाथन सालिबा के पास को हल्के टच से कंट्रोल किया, फिर जोरदार किक लगाकर बॉल को गोल पोस्ट में धकेल दिया। इसी के साथ



उन्होंने वर्ल्ड कप में अपनी पहली हैट्रिक पूरी की। वे सुपीरियर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

दिन के आखिरी मुकाबले में मैक्सिको ने कोरिया को 1-0 से हराकर राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। टीम नॉकआउट में पहुंचने वाली पहली टीम बनी।

कनाडा को 16वें मिनट में साइल लारिन के गोल से बढ़त मिली। फिर जोनाथन डेविड ने 29वें मिनट में गोल दागा। उन्होंने पहले हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोलकर स्कोर 3-0 कर दिया। मादीबो को रेड कार्ड मिलने के बाद कतर की मुश्किलें बढ़ गईं। टीम को आखिरी 49 मिनट 9 प्लेयर्स के साथ खेलना पड़ा। इसी कारण वह कनाडा के हमलों का सामना नहीं कर सकी।

नाथन सालिबा ने 64वें मिनट में फ्री-किक से गोल किया। 75वें मिनट में मोहम्मद मनाई के आत्मघाती गोल से कनाडा की बढ़त 5-0 हो गई। इंजरी टाइम में डेविड ने तीसरा गोल कर हैट्रिक पूरी की और टीम की 6-0 की ऐतिहासिक जीत तय की।




# साउथ अफ्रीका ने चेक से ड्रॉ खेला

एजेंसी ▸▸ अटलांटा

अटलांटा में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप-ए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने चेक रिपब्लिक के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। मैच के 5वें मिनट में मिखाल सादिलेक ने गोल कर चेकिया को बढ़त दिलाई, लेकिन 83वें मिनट में मिले पेनल्टी मौके को टेबोहो मोक्वेना ने गोल में बदलकर साउथ अफ्रीका की हार टाल दी।

**5वां मिनटः** अलेक्जेंडर सोज्का के पास पर मिखाल सादिलेक ने गोल कर चेकिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह टूनामेंट का अब तक का सबसे तेज गोल रहा।

**83वां मिनटः** पावेल सुल्क के हैंडबॉल के कारण साउथ



अफ्रीका को पेनल्टी मिली। टेबोहो मोक्वेना ने गेंद को गोलपोस्ट के निचले बाएं कोने में भेजकर स्कोर 1-1 कर दिया। पहले हाफ में पिछड़ने के बाद साउथ अफ्रीका ने लगातार दबाव बनाया। थापेलो मासेको, मोफोकेंग और माकगोपा ने कई मौके बनाए, लेकिन चेक गोलकीपर मातेज कोवार ने शानदार बचाव किए। आखिरकार 81वें मिनट में हैंडबॉल से मिली पेनल्टी ने अफ्रीकी टीम को मैच में वापस ला दिया।

ग्रुप-ए के अंतिम मुकाबलों में साउथ अफ्रीका का सामना 25 जून को साउथ कोरिया से होगा, जबकि चेकिया की टीम मेक्सिको से भिड़ेगी। नॉकआउट में पहुंचने के लिए दोनों टीमों को जीत की जरूरत होगी।

## 15 साल की अक्षरा के 126 बॉल में 306 रन

15 साल की अक्षरा गुप्ता ने बिहार की विमेंस व-19 वनडे टूनामेंट में तिहरा शतक लगा दिया। उन्होंने 126 गेंदों में नाबाद 306 रन की पारी खेली। भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड ग्राउंड में गुरुवार को खेली गई इस पारी में उन्होंने 242.86 की स्ट्राइक रेट से 55 चौके और 8 छक्के लगाए। अक्षरा ने 16 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वहीं 34 गेंदों में शतक जड़ दिया। वे 233 मिनट तक क्रीज पर रहीं। बिहार के रक्सौल की रहने वाली अक्षरा अंडर-19 महिला टीम की कप्तान हैं।

## टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ जुलाई में लॉर्ड्स में खेले जाने वाले एकमात्र महिला टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। कप्तानी नैट साइवर-ब्रंट करेंगी, जो लॉर्ड्स में महिला टेस्ट में इंग्लैंड की कप्तानी करने वाली पहली खिलाड़ी बनेंगी। पूर्व कप्तान हीथर नाइट अपने करियर का 15वां टेस्ट मैच खेलेंगी।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदनः** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बरः-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### मां बोली-प्रेमिका शादी से मुकरी तो बेटे ने दी जान, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**इंदौर।** सराफा थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक अमन मालाकार की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। अमन की मौत के बाद उसके परिजनों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। परिवार का आरोप है कि एक युवती और उसके परिजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर अमन ने आत्मघाती कदम उठाया। जानकारी के अनुसार नलिया बाखल निवासी अमन मालाकार ने 7 जून को जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अब उसकी मां संगीता मालाकार और अन्य परिजनों ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि अमन का पिछले करीब दो सालों से इलाके की एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे और इस बात की जानकारी दोनों परिवारों को भी थी। परिजनों का आरोप है कि बाद में युवती ने कहीं और शादी करने की बात कही, जिससे अमन मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। अमन की मौत के बाद उसके मोबाइल फोन की जांच में युवती के साथ हुई चैटिंग भी मिली है। परिवार का दावा है कि चैट में शादी को लेकर दोनों के बीच बातचीत हुई थी और इसी कारण अमन तनाव में था। परिवार ने आरोप लगाया है कि 15 मार्च को एक कार्यक्रम के दौरान युवती के पिता, भाई और मामा ने अमन के साथ मारपीट की थी। इसके बाद से वह और अधिक परेशान रहने लगा था। परिजनों का कहना है कि युवती का परिवार दोनों के रिश्ते के बारे में जानता था, लेकिन बाद में उन्होंने अमन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। अमन की मां ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि बेटे की मौत के पीछे की परिस्थितियों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। सराफा थाना पुलिस का कहना है कि मामला जांच में है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### काले हिरण के कुनबे में सफेद हिरण का शावक, दर्शकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र

**इंदौर।** चिड़ियाघर में काले हिरण के कुनबे में जन्म सफेद हिरण शावक का जू प्रबंधन के साथ ही मां भी पूरा ध्यान रख रही है। इसके साथ ही ये सफेद हिरण यहां आने वाले दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र भी बन गया है। बता दे कि कुछ दिनों पहले ही इंदौर के चिड़ियाघर में काले हिरण के कुनबे में सफेद हिरण शावक का जन्म हुआ है। ये शावक पूरी तरह स्वस्थ है। खासबात यह है कि शावक की आंखे गुलाबी रंग की और उसका फर सफेद है। यहां आने वाले दर्शक भी इस दुर्लभ हिरण शावक को देख अचरज कर रहे हैं। चिड़ियाघर प्रभारी डॉक्टर उत्तम यादव ने बताया कि सफेद हिरण शावक पूरी तरह स्वथ्य है। जू प्रबंधन द्वारा भी उसका ध्यान रखा जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा लगातार उस पर नजर रखी जा रही है। हालांकि वह काले हिरण के पिंजरे में ही मां के साथ है। मां भी उसका पूरा ध्यान रख रही है। वह दूसरे हिरणों के साथ ही उनके बीच में रह रहा है। काले हिरण के कुनबे में सफेद हिरण शावक का जन्म होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसा मेलेनिन की कमी के कारण होता है।

### नगर निगम कर्मचारी ने घर की छत पर लगाई फांसी, मायके गए थे पत्नी और बच्चे

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित पालदा तेजाजी चौक में नगर निगम के एक कर्मचारी ने गुरुवार शाम घर की छत पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा तब हुआ जब पड़ोस में रहने वाले एक 10 वर्षीय बच्चे ने उसे फंदे पर लटका देखा और परिजनों को इसकी सूचना दी। मृतक की पहचान राहुल दसोरे (30) पुत्र प्रकाश दसोरे के रूप में हुई है। वह इंदौर नगर निगम के जोन क्रमांक-18 के जनकार्य विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। बताया जाता है कि पिता के निधन के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। घटना के समय उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके गई हुई थी, जबकि घर में उसकी मां मौजूद थीं। मां नीचे कमरे में आराम कर रही थीं और उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी। इसी दौरान पड़ोस के एक 10 वर्षीय बच्चे की नजर छत पर गई, जहां राहुल फांसी के फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। बच्चे ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिवार के सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक राहुल की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही भंवरकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**सड़क हादसे में मां की मौत, बेटा घायल-** इंदौर के राजेंद्र नगर में सड़क हादसे में घायल हुई एक महिला की मौत हो गई। वह अपने बेटे के साथ आधार कार्ड अपडेट कराने जा रही थी। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गई। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना नालदा परिसर की है। यहां 67 साल की सायन बाई पति गोपाल शिंदे निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी अपने बेटे किशोर शिंदे के साथ बाइक से आधार कार्ड अपडेट कराने जा रही थी। इसी दौरान उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टककर मार दी थी। जिसमें सायन बाई गंभीर घायल हो गई। उन्हें उपचार के लिए एमवाय में भर्ती कराया गया। यहां महिला ने दम तोड़ दिया।

सिकल सेल उन्मूलन मिशन भावी पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की ऐतिहासिक पहल

# मध्यप्रदेश ने हासिल की बहुआयामी उपलब्धियां : राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु

## केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों ने मिशन मोड में किया सराहनीय कार्य, प्रधानमंत्री मोदी ने शहडोल से लांच किया था राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि अन्तर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस पर इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। मैं इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों की सराहना करती हूं। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत मध्यप्रदेश ने जो बहुआयामी उपलब्धियां हासिल की हैं, उसके लिए मैं राज्य सरकार की सराहना करती हूं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु शुक्रवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने दीप प्रज्ज्वलित कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह संतोष की बात है कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ करते समय जो अनेक बड़े लक्ष्य देश के सामने रखे गए थे, उनमें से स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय से पहले ही पूरा हो गया। मुझे बताया गया है कि नवजात शिशुओं से लेकर 40 वर्ष की आयु तक के 7 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा हो चुका है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह पूरे विश्व में आनुवंशिक रोगों की जाँच-परख की सबसे बड़ी पहलों में से एक है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस उपलब्धि में मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में अब तक सवा करोड़ से भी अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इनमें से अधिकांश लोगों को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड भी दिये जा चुके हैं।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि सिकल सेल से जुड़ी चुनौती को भारत सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लिया और पिछले कुछ वर्षों में एक समग्र दृष्टि से सरकार ने जो प्रयास किये हैं, वे अत्यंत सराहनीय हैं। लगभग तीन वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन को लॉन्च किया था। इस पहल के पीछे न केवल सरकार का गंभीर प्रयास का दृढ़ संकल्प था बल्कि इस चुनौती से जुड़े हर आयाम का समुचित रेस्पोंस देने की दूरदर्शी सोच भी थी।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि मुझे बताया गया है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय के संयुक्त मॉडल के रूप में देश में पहली बार ऐसा मिशन प्रारंभ किया। इसे केवल स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या के रूप में नहीं देखा गया, इसे जनजातीय स्वास्थ्य का मुद्दा, आनुवंशिकता से जुड़ी जागरूकता और प्रिवेंटिव हेल्थ केयर की चुनौती के साथ ही सामाजिक आचरण में बदलाव के मिशन के रूप में देखा गया। इस मिशन की पृष्ठभूमि में अनेक स्तरों पर किये गये वैज्ञानिक और सामाजिक अध्ययन रहे हैं।


### सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, आयोजन नहीं बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का है संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदि शंकराचार्य की तपोभूमि और जननायक टंट्या मामा की कर्मस्थली पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन से जनजागरूकता बढ़ाकर इस गंभीर बीमारी की रोकथाम की दिशा में देश और प्रदेश मिलकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को सिकल सेल जैसी घातक बीमारी से बचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का प्रभाव केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा परिवार और कई पीढ़ियां इसकी पीड़ा झेलती हैं। इसलिए इसे रोकना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की उपस्थिति को प्रेरणादायी बताते हुए उनका अभिनंदन किया और कहा कि उनके सान्निध्य में यह संकल्प और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वर्ष 2023 में शहडोल से शुरू किए गए राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

# इंदौर में तीसरी मंजिल से गिरी नीट छात्रा की मौत

## तीन बार नीट का एक्जाम पास नहीं कर पाई थी। हाल ही में परीक्षा रद्द होने के बाद से वह तनाव में थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





इंदौर में नीट की तैयारी कर रही छात्रा गुरुवार देर रात तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरी। गंभीर हालत में उसे पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। छात्रा के गिरने का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, अवंतिका मौर्य धाकड़ कॉलोनी की एक निजी बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर बड़ी बहन डॉ. सपना मौर्य के साथ रह रही थी। सपना ने बताया कि अवंतिका 3 बार नीट का एक्जाम पास नहीं कर पाई थी। हाल ही में परीक्षा रद्द होने के बाद वह तनाव में थी। कल सामान्य रूप से बातचीत भी नहीं कर रही थी। पूरे दिन काफी चुप-चुप थी। ज्यादातर सवालों के जवाब सिर्फ हां या न में ही दे रही थी। गुरुवार रात करीब 11.30 बजे वह मोबाइल पर चचेरी बहन नैना से बात कर रही थी। इसी दौरान सीढ़ियां चढ़ते हुए छत की तरफ चली गई। फिर नीचे आ गिरी। आवाज सुनकर बिल्डिंग में रहने वाले लोग बाहर आए। एम्बुलेंस और पुलिस को फोन किया।

### पिता मेडिकल ऑफिसर, बोले- कैसे गिरी, पता नहीं

अवंतिका मूल रूप से धार जिले की रहने वाली थी। पिता डॉ. बंशीलाल मौर्य खरगोन के भिकनगांव में मेडिकल ऑफिसर हैं। एमवाय अस्पताल में ट्रेनिंग की वजह से पांच दिन पहले ही इंदौर आए थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि घटना के समय वे फ्लैट के अंदर थे। अवंतिका किन परिस्थितियों में गिरी, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। पिता घायल अवंतिका को लेकर तुरंत जूपिटर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे उसने दम तोड़ दिया।

### कॉल डिटेल और परिस्थितियों की जांच

भंवरकुआं थाना प्रभारी संतोष दूधी ने कहा- अवंतिका के मोबाइल की जांच, कॉल डिटेल और घटनास्थल की परिस्थितियों के आधार पर पूरे मामले की पड़ताल की जाएगी। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि छात्रा दुर्घटनावश गिरी थी या उसने आत्महत्या की है। एसएफएल की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। चचेरे भाई धन सिंह ने कहा- अवंतिका गुरुवार को मेरे साथ थी। वह बार-बार टिंचा फॉल चलने की जिद कर रही थी, लेकिन मैं उसने नहीं ले गया। रात करीब 9 बजे मैंने उसे घर छोड़ा था।

# अस्पताल में महिला डॉक्टर से छेड़छाड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजय नगर इलाके में स्थित एक नामी अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल में हाउसकीपिंग का काम करने वाले कर्मचारी ने रेस्ट रूम में घुसकर महिला डॉक्टर के साथ गलत हरकत की। गुरुवार को 30 वर्षीय महिला डॉक्टर की शिकायत के बाद विजय नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि वह अलसुबह अस्पताल के रेस्ट रूम में आराम कर रही थीं। इसी दौरान निलेश रायकवार बिना आवाज किए अचानक कमरे के अंदर आ गया। जब महिला डॉक्टर ने उससे बिना अनुमति अंदर आने का कारण पूछा तो आरोपी ने उनका एक हाथ पकड़ लिया और दूसरे हाथ से मुंह दबाने की कोशिश की।

महिला डॉक्टर ने विरोध करते हुए आरोपी को धक्का दिया और चिल्लाते हुए कमरे से बाहर भागीं। आवाज सुनकर अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुका था। घटना के बाद महिला डॉक्टर ने अस्पताल प्रबंधन और अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को अस्पताल बुलाया गया। महिला डॉक्टर ने थाने पहुंचकर आरोपी निलेश रायकवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। विजय नगर पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# राम मंदिर दान राशि में गड़बड़ी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर की दान राशि में कथित करोड़ों रुपए की चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर गुरुवार को इंदौर में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर एफआईआर और राम मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख चंपत राय के इस्तीफे की मांग उठाई।

प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी, दीपक छाबड़ा और दीपक वानखेड़े ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। मंदिर निर्माण और संचालन के लिए देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा के अनुसार दान दिया है। ऐसे में दान राशि में कथित गड़बड़ी और चोरी की खबरें बेहद गंभीर और चिंताजनक हैं।

Slides, splashes aur family ke saath unlimited fun!






MP's First & Biggest Water Park
MAYANK'S BLUE WATER PARK
Chahe doston ke saath getaway ho ya family ke saath fun day out,
Mayank Blue Water Park hai perfect destination.
Bookings & Events:
(100 - 5000 guests) Perfect for weddings & parties
Spacious marriage lawn | AC rooms | Banquet hall
Summer Swimming Classes & Cricket Academy
Starts Now | Admissions Open
MAYANK BLUE WATER PARK
Bicholi Mardana, Indore | Ph: 0731-2847394, 7869962330
MAYANK'S BLUE WATER

अतिशीघ्र आवश्यकता है
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना,
पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो
(ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क
के लिए एजेक्स फ्लोरी
2300 के.जी. किराये से
24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com